रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 01 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-12 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### धर्मेंद्र दिल्ली के नए मुख्य सचिव नियुक्त



**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी धर्मेंद्र को दिल्ली का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी आदेश में कहा है कि अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को एक सितंबर से दिल्ली का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। धर्मेंद्र को 1987 बैच के आईएएस अधिकारी नरेश कुमार के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गई है। कुमार का कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। धर्मेंद्र एक सितंबर या जिस दिन वह पदभार ग्रहण करेंगे उसे दिन से दिल्ली के मुख्य सचिव का कार्य भार संभालेंगे।

### चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमानः एसबीआई

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने अप्रैल -जून की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के अनुमान से कम 6.7 प्रतिशत रहने के मद्देनजर चालू वित्त में जीडीपी विकास दर 7.0 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। एसबीआई के ग्रुप मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष ने जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 25 के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7.1 प्रतिशत की पहली तिमाही की वृद्धि के आधार पर 7.2प्रतिशत लगाया है। अब पहली तिमाही में 6.7प्रतिशत की वृद्धि के साथ, नया वार्षिक अनुमान 7.1 प्रतिशत होगा। हमारा मानना है।

### एमआई 17 से टोह कर ले जा रहा खराब, हेलीकॉप्टर नदी में गिरा



**देहरादून।** उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में बीते 24 मई को लैंडिंग के दौरान, तकनीकी खराबी आने से जिस हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग करानी पड़ी थी, वह शनिवार सुबह क्रैश हो गया। हेलीकॉप्टर को ठीक करने के उद्देश्य से वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर की मदद से टांग (हैंग) कर, गौचर हवाई पट्टी पहुंचाया जा रहा था। इस दौरान, थारू कैंप के पास लिनचोली में नदी में खराब हेली गिर गया।

# महिलाओं के खिलाफ अत्याचार समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय : पीएम मोदी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय का आह्वान किया और कहा कि महिला अत्याचार समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मोदी ने भारत मंडपम में उच्चतम न्यायालय की ओर से आयोजित जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, देश में कई कानून हैं जो महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को संबोधित करते हैं। वर्ष 2019 में फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों के लिए कानून पारित किया गया था, जिसके तहत गवाह बयान केंद्र बनाये गये थे। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन केंद्रों को और मजबूत किया जाये ताकि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में तेजी से फैसले सुनाए जा सकें। उन्होंने कहा कि न्याय में विलंब को खत्म करने के लिए पिछले एक दशक में कई स्तरों पर काम किया गया है। पिछले 25 वर्षों में न्यायिक बुनियादी ढांचे पर खर्च की गई राशि का 75 प्रतिशत करीब 8000 करोड़ रूपये गत 10 वर्षों में ही खर्च किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया तथा लोकतंत्र की जननी के रूप में शीर्ष न्यायालय के 75 साल देश के गौरव को और बढ़ाते हैं। लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को संविधान का रक्षक माना जाता है और यह अपने आप में एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हम संतोष के साथ कह सकते हैं कि शीर्ष न्यायालय ने इस जिम्मेदारी को निभाने का बेहतरीन प्रयास किया है। इस मौके पर मोदी ने भारत के उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और सिक्के का अनावरण भी किया। कार्यक्रम में देश भर के जिला न्यायपालिका के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### रेलवे बनेगी गरीब, मध्यम वर्ग के सुखद यात्रा की गारंटी

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा कि भारतीय रेल गरीबों और मध्यम वर्ग सहित सभी के लिए सुखद यात्रा की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह अपनी मेहनत से दशकों पुरानी समस्याओं से निजात पाने में कामयाब हो रही है। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश में मेरठ-लखनऊ, तमिलनाडु में चेन्नई-नागरकोइल और तमिलनाडु के मदुरै-बेंगलुरु (कर्नाटक) तक तीन नयी वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मोदी ने इस अवसर पर चेन्नई, मदुरै और मेरठ के रेलवे स्टेशनों पर आयोजित कार्य मों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर से दक्षिण तक, देश की विकास यात्रा में एक और अध्याय जुड़ रहा है। आज से मदुरै-बेंगलुरु, चेन्नई नागरकोइल और मेरठ -लखनऊ के बीच वंदे भारत ट्रेनों की सेवा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा,'वंदे भारत ट्रेनों का ये विस्तार, ये आधुनिकता, ये रफ्तार... हमारा देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर कदम दर कदम बढ़ रहा है।' उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है। दक्षिण भारत में अपार प्रतिभा है, अपार संसाधन और अवसर हैं।

### प्रधानमंत्री ने उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने सिक्का, डाक टिकट जारी किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। उन्होंने शीर्ष अदालत की ओर से 'भारत मंडपम' में आयोजित जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए 75 रुपए का यादगार एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय वाई चंद्रचूड़, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश, सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश, केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल, बार काउंसिल आफइंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के अलावा अनेक अधिवक्ता और विधि के विद्यार्थियों समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक सितंबर को सम्मेलन में समापन भाषण देंगी और उच्चतम न्यायालय के ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण भी करेंगी। इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका से संबंधित विषयों पर मंथन किया जाएगा।

## रुबीना फ्रांसिस ने निशानेबाजी में कांस्य पदक जीता

पायनियर संवाददाता < पेरिस
www.dailypioneer.com



भारतीय महिला निशानेबाज रुबीना फ्रांसिस ने पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया। रुबीना ने खेले गए पी2 महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा के फाइनल मैच में 211.1 का स्कोर बनाया और कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। रुबीना पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय पैरा निशानेबाज एथलीट बन गयी है। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में रुबीना ने 556 अंक का स्कोर बनाया एवं सातवें स्थान पर रही। एक अन्य मैच में भारतीय पुरुष निशानेबाज स्वरुप उनहालकर पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए है। स्वरुप ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 क्वालिफिकेशन राउंड में 613.4 का स्कोर बनाया एवं 14वें स्थान पर रहे। इस हार के साथ ही स्वरूप उनहालकर का अभियान समाप्त हो गया।

## भारत में सीसा विषाक्तता पर पहली अंतर्राष्ट्रीय बैठक

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




पहले इंडिया फाउंडेशन ने भारत में सीसा विषाक्तताः स्थिति, चुनौतियाँ और मार्ग पर पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया है जिसमें विशेषज्ञों ने देश में विभिन्न स्तरों पर सीसा के स्तरों में हो रही वृद्धि पर गहरी चिंता जतायी है। इस सम्मेलन में केक स्कूल ऑफ मेडिसिन, विश्वविद्यालय कैलिफोर्निया के प्रोफेसर डॉ. हॉवर्ड हू , एम्स दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास, आईसीएमआर- एनआईओएच के निदेशक डॉ संतसबुज दास शामिल है। पहले इंडिया के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। इस सम्मेलन में प्रभावी समाधान निकालने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया गया। सीसा विषाक्तता पर भारत कार्य समूह के अध्यक्ष और प्रतिष्ठित अध्येता पहले इंडिया फाउंडेशन डॉ इंदु भूषण ने कहा, क्योंकि सीसा की सीमा एक्सपोज़र अदृश्य है, हमारे देश में इसे काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया गया है। एक हालिया सर्वेक्षण में हम झारखंड में किए गए सर्वेक्षण से एक चिंताजनक वास्तविकता सामने आई। हमारे डॉक्टरों और स्वास्थ्य का एक बड़ा हिस्सा श्रमिकों को सीसा विषाक्तता के मामले की जानकारी तक नहीं है।

## आठ सितंबर से अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आठ सितंबर से अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर रहेंगे जहां वह टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्राओं और शिक्षाविदों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने गांधी की अमेरिका यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के दौरान वह विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोगों के साथ ही डैलस क्षेत्र के राजनेताओं से भी विचार विमर्श करेंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता की यात्रा का विवरण देते हुए बताया कि राहुल गांधी 8 सितंबर को डलास, टेक्सास और 9 तथा 10 सितंबर को वाशिंगटन डीसी का दौरा करेंगे। इस दौरान वह प्रवासी भारतीयों, टेक्नोक्रेट, बिजनेस लीडर, छात्र, मीडिया बिरादरी और राजनीतिक नेताओं से भी मिलेंगे। पित्रोदा ने बताया कि अमेरिका यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता टैक्सास विश्व विद्यालय में छात्रों से भी बातचीत करेंगे।

## ओपी चौधरी को मिला 6 विधानसभा का प्रभार, पार्टी नेताओं के साथ की बैठक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के आला नेताओं को भाजपा ने चुनाव प्रचार में जिम्मा सौंपा है। सभी बारी बारी से अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में जाकर स्थानीय नेताओं के साथ समन्वय बैठक कर रहे हैं। वित्तमंत्री ओपी चौधरी को छह विधानसभाओं का प्रभारी बनाया गया है। चौधरी प्रचार के साथ-साथ घोषणा पत्र और अन्य रणनीति बनाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। झारखंड में पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर शनिवार को यहां पहुंचे, और कहा कि पार्टी संगठन जो भी काम अपने कार्यकर्ताओं को देता है, उसे सौ फीसदी प्रतिबद्धता के साथ निभाता है। चौधरी को झारखंड में हजारीबाग, और रामगढ़ की कुल 6 विधानसभाओं का प्रभारी बनाया गया है। वित्तमंत्री इससे पहले झारखंड के कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाईन मीटिंग कर रहे थे। इसके बाद वो चार दिन हजारीबाग, और रामगढ़ में रहकर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। उन्होंने प्रचार को लेकर टिप्स दिए। झारखंड से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में चौधरी ने कहा कि भाजपा संगठन 365 दिन चौबीस घंटे काम करता है। झारखंड में चुनाव है तो वहां जाकर हाथ में हाथ बंटाते हैं। उन्होंने भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव को बिहार कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने पर कटाक्ष किया, और कहा कि कांग्रेस पार्टी में पार्टी के अपराधीकरण को सर्वोच्च स्तर पर ले गई है। देवेन्द्र छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर डिस्टर्ब करने का काम किया है। देवेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को बिगाडऩे का काम किया। झारखंड में न सिर्फओपी चौधरी बल्कि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, दोनों डिप्टी सीएम अरूण साव और विजय शर्मा की ड्यूटी लगाई है। ओपी चौधरी प्रचार के साथ-साथ घोषणा पत्र और अन्य रणनीति बनाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

## केंद्रीय कानून को सख्ती से लागू करें बंगाल सरकारः अन्नपूर्णा देवी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे एक पत्र में कहा है कि राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध रोकने के लिए केंद्रीय कानूनों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि दुष्कर्म और महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्रीय कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

### मुठभेड़ में मारी गई तीनों महिला नक्सलियों की हुई शिनाख्त, 18 लाख का था इनाम

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले से लगे कांकेर की सरहद के जंगलों में हुई मुठभेड़ में मारी गई तीनों महिला नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है। तीनों नक्सलियों पर 18 लाख रुपये का इनाम था। बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ में आठ लाख रुपये की इनामी व पीएलजीए कंपनी नंबर-5 की लक्ष्मी, पांच लाख रुपए की इनामी परतापुर एरिया कमेटी की एसीएम सविता और पांच लाख रुपए की इनामी एसीएम परतापुर एरिया कमेटी की शांता मारी गई हैं। घटनास्थल के अलग-अलग स्थानों से कुल तीन महिला सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी का शव व शव के पास से 303 रायफल, दो 315 राइफल, बीजीएल लांचर एक, भरमार बंदूक सहित भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामान बरामद हुआ है। आईजी ने बताया कि यहां 'माड़ बचाओ अभियान' के तहत सुरक्षा बल के जवान लगातार अबूझमाड़ में ऑपरेशन चलाए हुए हैं। गौरतलब है कि जवानों ने गुरुवार की सुबह हुए मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया था।

## जम्मू-कश्मीरः आतंकवाद विरोधी विशेषज्ञ सेना की 15वीं कोर का कार्यभार संभाल सकते हैं



**श्रीनगर।** आतंकवाद विरोधी विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव अक्टूबर में सेना की श्रीनगर स्थित संवेदनशील और रणनीतिक 15वीं कोर का कार्यभार संभाल सकते हैं। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई की जगह लेंगे, जिन्होंने 14 जून, 2023 को 15 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग का पदभार संभाला था। इसे , जिसे चिनार कोर भी कहा जाता है। सेना की चिनार कोर अस्थिर नियंत्रण रेखा (एलओसी),और कश्मीर में भीतरी इलाकों को आतंकवादियों से सुरक्षित रखने जिम्मेदारी है। लेफ्टिनेंट जनरल घई संभवतः सैन्य संचालन के नए महानिदेशक के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा की जगह लेंगे।




### यह बैठक दो सितंबर तक चलेगी

## महत्वपूर्ण घटनाओं, सामाजिक परिवर्तन पर चर्चा करेगा संघ

एजेंसी < पालक्काड़
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक केरल के पालक्काड़ में आरंभ हुई जिसमें देश दुनिया के वर्तमान परिदृश्य, महत्वपूर्ण घटनाओं और सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर विचार मंथन किया जाएगा। यह बैठक दो सितंबर तक चलेगी। इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य अखिल भारतीय पदाधिकारी उपस्थित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक सामान्यतः वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। बैठक के प्रारंभ में हाल ही में वायनाड में हुए भूस्खलन की जानकारी और स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सहायता एवं सेवा कार्यों की जानकारी सभी प्रतिनिधियों को दी गई। बैठक में विविध संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी तथा अनुभवों का निवेदन तथा आदान-प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय हित के विभिन्न विषयों के संदर्भ में वर्तमान परिदृश्य, हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं तथा सामाजिक परिवर्तन के अन्यान्य आयामों, योजनाओं के संदर्भ में बैठक में चर्चा होगी। सभी संगठन विविध विषयों पर परस्पर सहयोग तथा समन्वय को और अधिक बढ़ाने हेतु आवश्यक उपायों पर भी चर्चा करेंगे। बैठक में राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शान्तका, प्रमुख कार्यवाहिका सीता अन्नदानम, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष ले. जनरल (से.नि.) वी. के. चतुर्वेदी, अ. भा. ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष नारायण भाई शाह, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार एवं महामंत्री बजरंग बागड़ा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री आशीष चौहान, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं महामंत्री संगठन बी एल संतोष, विद्या भारती के अध्यक्ष रामकृष्ण राव, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरणम्य पण्ड्या, आरोग्य भारती के अध्यक्ष डॉ. राकेश पंडित सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी तथा सभी संगठनों की महिला प्रतिनिधि सहित लगभग 300 कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

### सरकार के इशारे पर बलौदाबाजार घटना के आरोपियों को बचाया गया : आजाद

**रायपुर।** भीम आर्मी के संस्थापक और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार की घटना में राज्य सरकार के इशारे पर प्रशासन ने आरोपियों को बचाने और सतनामी समाज के लोगों पर जुर्म दर्ज करने के लिए कार्रवाई की है जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश है। आजाद पार्टी के सामाजिक न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि सामाजिक न्याय यात्रा को मजबूत करने का काम हुआ है। पूरे प्रदेश भर से समस्या को लेकर रैली निकली जा रही है। उन्होंने पार्टी के आयोजन का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारी यात्रा का प्रथम चरण है, इसी तरह से और तीन यात्रा निकाली जाएगी। बड़ी-बड़ी सभाएं करके समाज को एकजुट करेंगे। सरकार द्वारा जो जुर्म किया जा रहा है, सरकार द्वारा जिन अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है,

# निजी दुकानों में छापेमारी से परहेज, सहकारी में जांच कर खानापूर्ति

## दुकानों में जांच के बजाय सैम्पल लेकर कृषि विभाग कर रहा खानापूर्ति, निरीक्षण के दौरान 24 को नोटिस और 3 को लगाया विक्रय पर प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर पड़ताल






जिले का कृषि विभाग खरीफ फसल सीजन के दौरान निजी और सहकारी दुकानों में लगातार छापेमार कार्यवाही कर रहा है। जांच व कार्यवाही के दौरान अमानक स्तर के कीटनाशी, उर्वरक और बीज पाए जाने पर साथ ही कृषि विभाग गाईडलाईन व निर्देशो का पालन नही करने पर 24 दुकानदारो को नोटिस और 3 दुकानों में विक्रय पर प्रतिबंध किया गया है। जांच के दौरान 5 दुकानों में अमानक स्तर के सामग्री बेचने पर उन दुकानदारो पर भी कार्यवाही को गई हैं। डीडीए जीएस ध्रुवे से मिली जानकारी अनुसार जिले में रसायनिक उर्वरक, कीटनाशक और बीज बेचने वाले निजी और सहकारी 1 हजार 145 दुकाने है। जिसमें निजी 787 और सहकारी 358 है। इसमें कृषि विभाग के अधिकारी सिर्फ 474 दुकानों में जांच किए है। जिसमें सहकारी की अपेक्षा निजी दुकानों में जांच कम की गई है। और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। अब सवाल उठता है कि, आखिर क्यो कृषि विभाग निजी दुकानों से कार्यवाही से परहेज करता हैं। वही सोसायटी समिति जो पहले ही जिला सहकारी बैंक के अधीन है, यहां रिकार्ड तोड़ कार्यवाही कर अपने टारगेट को पूरा करने खानापूर्ति की जा रही है। उल्लेखनीय है कि, खरीफ सीजन में हर साल कृषि विभाग द्वारा जिले के कीटनाशक, उर्वरक, बीज बेचने वाले निजी व सहकारी संस्थानों की जांच करती है। जांच के दौरान इन संस्थानों से सैंपल भी लिया जाता है, ताकि किसानों द्वारा इसका उपयोग करने पर फसल नुकसान न हो और गुणवत्ता की जांच हो सके। लेकिन कृषि महकमा के आंकडे ने ही सवाल उठा दिया है। विभाग ने निजी दुकानों में यहां तक के आधे से भी बेहद कम दुकानों में पहुंच पाई है। ऐसे में इस बात का दावा कैसे किया जाए कि किसानों को बेचने जाने वाले सामग्रियों को शत प्रतिशत जांच हो गई है। हांलाकि विभाग की सक्रियता सहकारी सोसायटियों में अधिक रही है। यहां से जांच कर उन्होने टारगेट जरूर पूरा कर लिया है। जिले में रसायनिक उर्वरक, जैव कार्बनिक उर्वरक, बीज व कीटनाशक के 358 सहकारी समिति है, जिसमें विभाग ने आंकड़े से आधे से ज्यादा दुकानों में दबिश दी हैं। और निजी दुकानों में नाममात्र की जांच कर की गई हैं।

### परिणाम आने तक फसल की कटाई

जानकारी अनुसार हर साल खरीफ सीजन में कृषि विभाग द्वारा दुकानो तय टारगेट के अनुसार सैंपल लिया जाता है। लेकिन परिणाम नहीं आने के चलते फसल की कट जाता है। ऐसे में दवा और उर्वरको के नुकसान से किसानों को बचाने संभव ही नहीं है। प्राप्त जानकारी अनुसार रसासनिक उर्वरक, जैव उर्वरक, कार्बनिक उर्वरक, बीज और कीटनाशक के विभाग को 430 सैम्पल लेने थे। जिसमें बढ़कर 474 नमूने लिए गए है। इतने ही प्रयोगशाला भेजे गए थें। जिसमें 205 की रिपोर्ट मानक और 5 की रिपोर्ट में अमानक आई हैं। अमानक में उर्वरक के 2 सहकारी दूकान के, बीज के 2 सहकारी दुकान के और कीटनाशी के 2 निजी दुकान के सैम्पल अमानक पाए गए है। जबकि 264 नमूनों के रिपोर्ट मिले ही नही है और किसानों ने फसल में इसका उपयोग भी कर लिया है।

### जबकि निजी में बिकती है दवा

सोसायटी संस्था में सिर्फ14 ने कीटनाशक दवा बेचने लाइसेंस लिया है। लेकिन इसमें एक भी दुकान में जांच नहीं हुई है। जबकि निजी में कीटनाशक दवा बेचने 496 दुकाने है, लेकिन यहां सिर्फ31 में ही जांच की गई है। इस तरह निजी दुकानों में निरिक्षण से अफसरों का परहेज समझ से परे हैं। समितियों में सिर्फ खाद बेचा जाता है। जबकि निजी दुकानों में कीटनाशक से लेकर खाद भी बेचे जाते है। लेकिन निजी दुकानों में कार्यवाही से कृषि विभाग के जिम्मेदारों को परहेज है। और सहकारी दुकानो में जांच कर खानापूर्ति कर रहे है।

सैम्पल जांच के दौरान मिलता जा रहा है, निजी और सहकारी दोनों दुकानों में कार्यवाही की जा रही है, सैम्पल और जांच का दायरा तेज किया जा रहा है, 3 दुकानों में जांच के दौरान कमी पाए जाने पर 15 दिनों के लिए विक्रय पर प्रतिबंध किया गया है, 20 से अधिक दुकानदारों को निर्देशो का पालन नही करने पर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

**जीएस ध्रुवे, डीडीए, कृषि विभाग**

### फैक्ट फाइल

लाइसेंस की संख्या- (जिले में कुल- 1145)

| सामग्री | सहकारी | निजी |
|---|---|---|
| बीज | 172 | 133 |
| उर्वरक | 172 | 158 |
| कीटनाशी | 14 | 496 |

#### सैम्पलिंग की जानकारी

| सामग्री | लक्ष्य | पूर्ति | मानक | अमानक |
|---|---|---|---|---|
| बीज | 245 | 272 | 122 | 2 |
| उर्वरक | 160 | 171 | 60 | 1 |
| कीटनाशी | 25 | 31 | 23 | 2 |


#### कार्यवाही और विक्रय पर प्रतिबंध

| सामग्री | निरीक्षण | नोटिस | विक्रय प्रतिबंध |
|---|---|---|---|
| बीज | 64 | 10 | 3 |
| उर्वरक | 43 | 8 | 0 |
| कीटनाशी | 48 | 6 | 0 |

# तेंदुए के हमले से तीन वर्षीय बच्ची की मौत, एक बुजूर्ग घायल

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com





सिहावा नगरी वनांचल इलाके से बीते कल यानी शुक्रवार की देर शाम तेंदुआ ने तीन साल के बच्ची पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद बच्ची के परिजनों का रो, रोकर बुरा हॉल है,वहीं मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पहुंची। सांकरा वन परिक्षेत्र का जहां भैंसामुड़ा पंचायत के आश्रित ग्राम धौराभाठा में शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे घर के बाहर बस्ती में खेली रही 3 वर्ष के मासूम बच्ची नेहा कमार पिता संतोष कुमार के ऊपर हमला कर उसे घसीटते ले गया, हालांकि आस पास में मौजूद लोगों ने जब शोर किया तब तेंदुआ ने बच्ची को छोड़कर भाग निकला लेकिन जब तक मासूम नेहा की मौत हो चुकी थी, वहीं बीते दिनों बिरगुड़ी रंज के कोरमुड़ गांव तेंदूए ने घर के पास से एक मासूम बच्चे को उठा ले गया था, महीने भर के अंदर तेंदुए के हमले से बच्ची के मौत का ये दूसरा मामला है। बताया जा रहा है कि बच्ची पर हमला कर उसे मौत के घाट उतारने के बाद उसी गांव में तेंदुआ रात को घर में सो रहे एक बुजुर्ग बुधराम पर हमला कर दिया वहीं बुजुर्ग के परिजनों की चिल्लाने की आवाज सुनकर तेंदुआ वहां से भाग गया, इस हमले में घायल बुजुर्ग को सिविल अस्पताल नगरी में भर्ती कराया गया है, बुजुर्ग पर हमला करने के कुछ देर बाद तेंदुआ देर रात कुत्ते का शिकर कर उसे उठा ले गया वहीं तेंदूए के आतंक से परेशान ग्रामीण खौफ के बीच अपना रात गुजार रहे हैं। इधर मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पहुंची, मामले में वन परिक्षेत्र आधिकारी दीपक गावड़े ने बताया कि गांव में लगातार पेट्रोलिंग करने को कहा गया है वहीं ग्रामीणों को भी आग जलाकर अलर्ट रहने को कहा गया है मृत बच्ची के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि 25 हजार दिया गया है, वहीं अफसरों ने तेंदूए के हमले से घायल बुजुर्ग से अस्पताल में मुलाकात कर उनका हाल जाना और उन्हें एक हजार की तात्कालिक सहयोग राशि दी गई।

# मुख स्वास्थ्य जांच शिविर 3 और 4 सितंबर को


पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी एवं शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके मद्देनजर 03 सितम्बर को विकासखंड मगरलोड के ग्राम सिंगपुर और 04 सितंबर को विकासखंड नगरी के ग्राम कुकरेल में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त शिविर में ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, डेंचर सुविधा, स्केलिंग सुविधा, डेंटल फ्लोरोसिस इत्यादि की सुविधा दी जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक ने बताया कि शिविर में दंत महाविद्यालय रायुपर के डॉ् महेन्द्र कुमार अनंत, डॉ सोपान सिंह, डॉ शुभम सेठी, डॉ शशांक अग्रवाल के माध्यम से शिविर में उपस्थित मरीजों का मुख संबंधी जांच कर उन्हें परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को डेंचर सुविधा, स्केलिंग सुविधा दिया जा रहा है।

# पर्युषण पर्व आत्मशुद्धि का पर्व है : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



परम पूज्य विशुद्ध सागर ने अपने प्रवचन में फरमाया कि पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस है ये आत्मशुद्धि का पर्व है, ये पर्व अपनी आत्मा के दर्शन का पर्व है। इस पर्व में चारो ओर साधना का रंग छाया है। इस पर्युषण पर्व के माध्यम से अपने हृदय में अध्यात्म की रेखा खींचना है। अपनी नम्रता के भाव से वज्र जैसे हृदय को पिघलाने का कार्य करना है। यह पर्व प्रीति के शोधन का पर्व है। आज तक जिनके साथ हमारा किसी भी कारण बैर या द्वेष का भाव बन गया था। उसे दूर करके अपने मन में प्रीति का भाव लाना है। आज के दिन का भव्य जीवों को हमेशा इंतजार रहता है। हमे आज का ये दिन देखने का अवसर मिला इसलिए स्वयं को सौभाग्यशाली समझना चाहिए। हम तप, आराधना और साधना कभी कभी करते है जबकि पुण्य का कार्य लगातार अनवरत चलते रहना चाहिए। तभी आत्मा का विकास भी निरंतर होते रहेगा। इस पर्व में हमे प्रदर्शन से स्वयं के दर्शन तक आना है। हम किसी भी पर्व को परंपरा से मनाते चले आ रही है जबकि पर्व को परंपरा के पालन के लिए नही बल्कि भव.भ्रमण की परंपरा को तोड़ने के लिए मनाना चाहिए। विकृति और विकारो के महल पर हमारी आत्मा पहुंचकर जब उसे सुख मान कर अपनी आत्मा को दुखी करने का कारण बन जाती है। आत्मा के उस दुख को दूर करने के लिए अपने विकारों और विकृति को शांत करने के लिए पर्युषण पर्व आया है।

पर्युषण दो शब्दो से बना है। परी और उसन- परी अर्थात चारो ओर से और उसन का अर्थ है आत्मा में लगे विकारों को दूर करना। अर्थात अपनी आत्मा में लगे विकारों को दूर करके आत्मा के विकास का कार्य करना चाहिए। पर्व दो प्रकार के होते है। लौकिक पर्व और लोकोत्तर पर्व। लौकिक पर्व में हम अपने संसार भ्रमण को बढ़ाने वाले पर्व को मनाते है। लोकोत्तर पर्व में हम आत्मा के विकास का कार्य करते है। अपनी आत्मा से अज्ञान को निकालकर ज्ञान का प्रकाश लाने का कार्य लोकोत्तर पर्व में होता है। पर्युषण पर्व में हमे पुण्य का पोषण करना है और पाप का शोषण करना है। इस पर्व के माध्यम से अपनी निर्बल आत्मा को सबल बनाने के लिए समूह में आना है। आत्मा में आने वाले कर्मो के द्वार को बंद करने के लिए यह पर्व आया है। इस पर्युषण पर्व के आठ दिनों में देव भी नंदीश्वर द्वीप पर जाकर आराधना-साधना करते है। जैसे एक गन्ना में जहां जहां गांठ होता है वहां वहां रस नही होता। उसी प्रकार इस आत्मा में जब तक विषय विकारों काए राग द्वेष का गांठ लगा हुआ है उस गांठ को जब तक नही खोलेंगे तब तक इस आत्मा में परमात्मभक्ति का रस नही आ सकता। प्रवचन के माध्यम से नंदीश्वर द्वीप की भावयात्रा कराई गई। नंदी अर्थात आनंददायी। ईश्वर अर्थात भगवान या परमात्मा। अर्थात जहां आनंद का राज हो वो नंदीश्वर द्वीप है। आठवां द्वीप नंदीश्वर द्वीप है। पर्युषण पर्व के इन आठ दिनों में देवी देवता भी इस द्वीप पर जाकर परमात्मा की स्नात्रपूजा करते है। आराधना साधना करके अपने जीवन को धन्य बनाने का पुरुषार्थ करते है। पर्युषण पर्व के पहले दिन नंदीश्वर द्वीप की भावयात्रा की जाती है। नंदीश्वर द्वीप में पहले तीर्थंकर परमात्मा आदिनाथ की भव्य प्रतिमा है। इस द्वीप पर हम भाव से पहुंच सकते है। इस द्वीप में कुल 13 पर्वत, 52 जिनालय तथा आदिनाथ परमात्मा की भव्य प्रतिमा सहित कुल 6448 जिन प्रतिमा है।

# प्रदेश कार्यालय रायपुर में सदस्यता अभियान को लेकर मंडल पदाधिकारी हुए शामिल



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी कुशाभाउ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय रायपुर में सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित बैठक में नगरी मंडल के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस बैठक में प्रमुख रूप से सदस्यता अभियान के जिला संयोजक महेंद्र पंडित, भाजपा के जिला मंत्री मंगरलोड मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं कुकरेल मंडल प्रभारी विकल गुप्ता, जिला मंत्री एवं बेलरगांव मंडल प्रभारी प्रेमलता नागवंशी, बेलरगांव संयोजक मोहन पुजारी, कुकरेल मंडल संयोजक संजय शांडिल्य, बेलरगांव मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता साहू सम्मिलित हुए।

# जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 10 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव-02 द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 10 सितंबर 2024 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायिका पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास होना आवश्यक है तथा आवेदक का उसी ग्राम का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय कोण्डागांव से संपर्क किया जा सकता है।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिस को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम मिरमिण्डा निवासी लखन ध्रुव की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी ललिता राठौर को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता के लिए नि :शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन

**रायपुर।** अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण और आवश्यक मार्गदर्शन के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी कोण्डागांव ने बताया कि यह प्रशिक्षण उन अभ्यर्थियों के लिए है, जिन्होंने अप्रैल 2024 में आयोजित थल सेना भर्ती की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क प्रशिक्षण का उद्देश्य भर्ती के अगले चरण के लिए अभ्यर्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण के दौरान शासन के निर्देशानुसार अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थियों को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोंडागांव में आकर अपना नामांकन कराना होगा।

# विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक : राज्यपाल रमेन डेका

## समावेशी शिक्षा के साथ विश्वविद्यालय ज्ञान के क्षेत्र में बने विश्वगुरू : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com







राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री 5 विष्णु देव साय ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 5वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। उन्होंने 64 विषयों में विद्यार्थियो को 92 गोल्ड मेडल तथा 48 को पी.एच.डी. और 35 हजार 291 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा शामिल हुए। उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था में अमूल्य योगदान पर पी.एच.डी. की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में इससे पहले दीक्षांत समारोह शोभायात्रा निकाली गई। दीक्षांत समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी शामिल हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरम लाल कौशिक, विधायक धरमजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक अटल श्रीवास्तव एवं विधायक दिलीप लहरिया शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार और मासिक पत्रिका अटल दृष्टि का विमोचन किया। कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय सिर्फ संस्थानों से कहीं अधिक है। विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक है। वे ऐसे स्थान है जहां इतिहास संरक्षित किया जाता है। साहित्य का विश्लेषण किया जाता है। आप अपनी पढ़ाई के माध्यम से विचार के विविध क्षेत्रों में जुड़ रहें है मानवता के बारे में आपकी विचार को समृद्ध किया जा रहा है। भारत सरकार की राष्ट्र शिक्षा नीति 2020 दूरदर्शिता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका उद्देश्य युवाओं को तेजी से गतिशील दुनिया में आगे बढ़ने के लिए कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण करना है। छत्तीसगढ़ के लिए यह नीति प्रगतिशील सुधारों की लहर लाती है। जो हमारे शैक्षणिक संस्थानों पर गहरा प्रभाव डालने के लिए तैयार है। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम को न केवल उभरते हुए रूझानों और प्रौद्योगिकियों के प्रति गतिशील और उत्तरदायी बनाना चाहिए बल्कि इसमें भारतीय परंपरा की समृद्ध विरासत भी शामिल होनी चाहिए। हम मिलकर एक उच्च शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर सकते हैं, जो न केवल हमारे छात्रों की जरूरतों का पूरा करेगी बल्कि हमारे राज्य और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश विकसित भारत ञ्च2047 के संकल्प हेतु क्रियाशील है, हम भी प्रदेश में विकसित छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। मैं आश्वस्त हूँ कि इस दीक्षांत समारोह के बाद, इस संस्थान के प्रतिभाशाली युवा अपनी रूचि के क्षेत्रों में अपना और अपने विश्वविद्यालय का नाम रौशन करते हुए, इस संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह विश्वविद्यालय अपने नवाचारों से एक उदाहरण बनता जा रहा है।

मुझे यह भी ज्ञात हुआ है कि पीएम उषा के अंतर्गत विश्वविद्यालय को 20 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जो प्रशंसनीय है तथा इससे विश्वविद्यालय की अधोसंरचना का विस्तार होगा और यहां उच्च शिक्षा का स्तर और भी उन्नत होगा। हमें तक्षशिक्षा, नालंदा जैसे भारतीय परपंरा के विशिष्ट विश्वविद्यालय को अपना आदर्श मानते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रमों में प्रोत्साहन देना है। भारत हमेशा से ज्ञान के क्षेत्र में विश्वगुरु रहा है। हमें पुनः विश्वविद्यालयों को उस प्रतिष्ठा तक पहुँचाने में प्रयासरत होना है। हमें वही प्रतिष्ठा फिर से अर्जित करने के लिए हमारे शिक्षण संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 विख्यात विशेषज्ञों द्वारा लंबे और व्यापक विचार विमर्श के बाद बनाई गई है। यह शिक्षा नीति भावी परिदृश्य को ध्यान में रख कर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा का टापू बनकर न रहे, समाज से सरोकार रहे, समाज एवं राष्ट्र में विश्वविद्यालय का योगदान हो तथा निरंतर शोध कार्य हो। आधुनिक युग में युवा पीढ़ी शिक्षित तो हो रही है परन्तु उन्हें संस्कारों से जोड़ने की जिम्मेदारी भी हमारी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अपनी विशेष संस्कृति के लिए जाना जाता है, अतः छात्रों को संस्कार मूलक शिक्षा देने की व्यवस्था के लिए विशेष प्रयास होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय का तेजी से विकास हुआ है इसे भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ द्वारा अकादमिक और प्रशासनिक विकास केन्द्र के रूप में मान्यता दी गई है जो विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दर्शाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षा के साथ-साथ कानूनी क्षेत्र में भी विकास और उन्नति के अवसर खोलती है। कार्यक्रम को केन्द्रीय शहरी राज्य विकास मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगण, पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति वंश गोपाल, नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति एल.पी. पटेरिया, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरूणा पलटा, भूपेन्द्र सवन्नी, कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के प्रकल्प ज्ञानपथ, अटल मुक्ताकाशी मंच और अटल सरोवर का किया लोकार्पण



राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे। इस मौके पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत र स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी मौजूद रहीं। राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री साय ने विश्वविद्यालय के प्रकल्प ज्ञानपथ, अटल मुक्ताकाशी मंच और अटल सरोवर का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाये। इस अवसर पर केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी. एन वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री ने किया वृक्षारोपण



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राज्यपाल रेमन डेका ने अपनी माताजी चंपावती डेका, न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा ने अपनी माताजी नलिनी मिश्रा व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी माताजी जसमनी देवी के नाम पर पौधारोपण किया। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने अपनी माताजी शांति देवी और उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अपनी माताजी प्रमिला साव के नाम पर विश्वविद्यालय के चरक उद्यान परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा।

# सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़

## 3 वर्दीधारी महिला नक्सलियों के शव बरामद

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com





नक्सल विरोधी ''माड़ बचाओ'' अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने नारायणपुर-कांकेर सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत उत्तर-बस्तर डिवीजन एवं कम्पनी नम्बर 05 के बड़े कैडर के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर नारायणपुर डीआरजी, कोण्डागांव डीआरजी, एसटीएफ तथा बीएसएफ 135वीं वाहिनी का संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान हेतु उक्त क्षेत्र में रवाना हुई थी।अभियान के दौरान उत्तर बस्तर डिवीजन क्षेत्रान्तर्गत नारायणपुर-कांकेर सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलो को जान से मारने व हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा तत्काल पोजीशन लेकर आत्मसमर्पण हेतु आवाज दिया गया आत्मसमर्पण की बात को नक्सलियों के द्वारा अनसुना करते हुए और अधिक मात्रा में फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी के पास आत्मसुरक्षार्थ फायरिंग के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं होने पर सुरक्षा बलों द्वारा मौके पर पोजिशन लेकर जवाबी फायरिंग किया गया इसके बाद रूक-रूक कर अलग-अलग टीमों के साथ लगातार मुठभेड़ हुआ। बाद खुद को घिरता देखकर नक्सली जान बचाकर घने जंगलो व पहाड़ियों की आड़ लेकर भाग गये। फायरिंग बंद होने पर सभी टीमों द्वारा अपने-अपने दिये गये टॉस्क क्षेत्र में सर्चिंग करने पर घटना स्थल के अलग-अलग स्थानों से कुल 03 महिला सशस्त्र वदीर्धारी माओवादी का शव तथा शव के पास से.303 रायफल 01 नग, 315 राइफल 02 नग, बीजीएल लांचर 01 नग, भरमार बंदुक 01 नग सहित भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामान बरामद हुआ। घटना स्थल में और भी खून के धब्बे दिखाई दिये जिससे प्रतीत होता है कि इस मुठभेड़ में बडी संख्या में अन्य माआवेदियों के घायल अथवा मारे जाने की संभावना है। मारे गये नक्सलियों के नाम व पद (01) नाम- लक्ष्मी, उत्तर बस्तर डिवीजन, निवासी मल्कानगिरी जिला, ओडिशा ईनामी- 8 लाख। (02) नाम- सविता पद- परतापुर एरिया कमेटी , उत्तर बस्तर डिवीजन, मानपुर-मोहाला जिले के निवासी, ईनामी- 5 लाख।(03) नाम- शांता, पद - परतापुर एरिया कमेटी , उत्तर बस्तर डिवीजन, बीजापुर जिले के निवासी, ईनामी- 5 लाख।

उप पुलिस महानिरीक्षक कांकेर के.एल. धुव एवं पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार द्वारा बताया गया कि- इस ऑपरेशन के उपरांत नक्सलियों के गढ़ रहे उत्तर-बस्तर डिवीजन के माओवादियों में भय का माहौल व्याप्त है। मूल निवासियों को नक्सलवादी विचारधारा से बचाना और उन्हें माओवादी सिद्धांतों के आकर्षण से बाहर निकलना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है, ताकि क्षेत्र में विकास एवं शांति कायम हो सके। हम उन सभी मूलवासियों से जो बाहरी विचारधारा और बाहर के नक्सली नेताओं के गलत प्रभाव में फंस गये हैं। अपील करते हैं कि वे नक्सलवाद एवं नक्सली विचारधारा को त्याग कर शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति को अपनाकर समाज के मुख्य धारा से जुड़े और हथियार और नक्सलवादी विचारधारा का पूर्णतः त्याग व विरोध करें।

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि- प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से स्थानीय जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम करने के परिणाम स्वरूप वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत की जा रही नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक कुल 143 नक्सलियों के शव बरामद, 596 गिरफ्तार एवं 599 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

# सेंट थॉमस स्कूल बीजापुर में नशामुक्त भारत एवं रोड सेफ्टी पर कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार सेंट थॉमस स्कूल बीजापुर में नशामुक्त भारत NMBA एवं रोड सेफ्टी हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने नशा के बारे में जाना सुना तथा नशा से होने वाले बीमारी के बारे में जाना नशा से हम कैसे बच सकते हैं, नशा पुर्नवास केन्द्र राज्य में कौन-कौन से जिले में स्थापित है। इसके बारे में जाने नशा नाश का जड़ है। अधिकांश अपराध नशे के कारण घटित होता है तथा छोटे-छोटे बच्चे भी नशा के दौरान अपराधिक घटना कर जाता है। इसके बचाव कैसे करें पढ़ाई में ध्यान देने खाली समय में गीत संगीत व अन्य आऊटडोर इंनडोर खेल के माध्यम से अपने लक्ष्यों को पूर्ति करें। प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि नशामुक्त भारत अभियान के परिकल्पना को साकार करने हेतु युवा पीढ़ी को आगे आने की आवश्यकता हैं इसके बारे में विस्तृत जानकारी कमलेश कुमार पटेल उप संचालक समाज कल्याण द्वारा दिया गया। रोड सेफ्टी के बारे में विस्तृत जानकारी अवध राव सिन्हा याता यात पुलिस द्वारा दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि कैसे यातायात का पालन कर रोड दुर्घटना से अपने आप एवं दूसरे के जिंदगी को बचा सकते हैं। उप निरीक्षक पूनम शर्मा द्वारा सभी बच्चों को कैसे हम गुडटच-बेडटच को आभास कर सकते हैं यदि इन प्रकार के आभास होने पर अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को बताने के लिए समझाइस दी गई।

रीत भारद्वाज महिला बाल विकास द्वारा चाइल्ड लाइन टोल फ्री नम्बर के प्रचार-प्रसार पर विस्तृत जानकारी प्रदाय किया गया। उक्त कार्यक्रम में सेंट थॉमस स्कूल के मैनेजर सेबानशन (फादर) प्राचार्य अन्य शिक्षकगण, समाज कल्याण के उपसंचालक कमलेश कुमार पटेल उप निरीक्षक पूनम शर्मा यातायात पुलिस अवध सिन्हा, रीना भारद्वाज महिला बाल विकास के उपस्थित में सम्पन्न हुआ अंत में संकल्प एवं शपथ दिलाया गया।

# नियद नेल्लानार योजना के तहत् नारायणपुर के सुदूरवर्ती ग्राम मोहंदी पहुंची योजनाएं

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई 'नियद नेल्लानार योजना' (आपका अच्छा गांव योजना) के तहत नारायणपुर जिला प्रशासन ने पहली बार सुदूरवर्ती ग्राम मोहंदी में शिविर का आयोजन किया। इस योजना के अंतर्गत माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में 14 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिनके पांच किलोमीटर की परिधि में बसे गांवों में 25 से अधिक मूलभूत सुविधाएं और 32 व्यक्ति मूलक योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाया जा रहा है। नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड में ग्राम पंचायत कुतुल के आश्रित ग्राम मोहंदी में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र और वृद्धा पेंशन योजना वन अधिकार पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का वितरण किया गया और आवेदन लिया गया। शिविर में 12 जाति प्रमाण पत्र, 15 निवास प्रमाण पत्र, 12 आय प्रमाण पत्र, 16 जन्म प्रमाण पत्र और 26 आधार कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त हुए साथ ही शिविर में 16 जन्म प्रमाण पत्र, एक मृत्यु प्रमाण पत्र और 3 वृद्धा पेंशन योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। यह नियद नेल्लानार योजना माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंचाने के मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन आज 01 सितम्बर को रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री देवांगन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में हमर व्यापारी हमर संगवारी कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री देवांगन दोपहर 3 बजे कोरबा पहुंचकर और वहां शाम 6 बजे आई टी आई चौक रामपुर कोरबा में एक निजी होटल में छत्तीसगढ़ एलीगेंस एक्स्ट्रावेंजा मॉडलिंग एण्ड ब्राईडल कॉम्पीटिशन में शामिल होंगे। इसके पश्चात मंत्री देवांगन शाम 7 बजे टी पी नगर कोरबा में छत्तीसगढ़ सुपरस्टार सिंसिंग कान्टेस्ट 2024 कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# अटल टिकरिंग लैब विद्यार्थियों के लिए खोज एवं अविष्कार का प्लेटफार्म : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि अटल टिकरिंग लैब कक्षा छटवीं से बारहवीं तक विद्यार्थियों के लिए खोज एवं आविष्कार का प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के साथ-साथ बच्चों में रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच विकसित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यार्थियों को इस लैब का अधिकत्तम लाभ दे सकते हैं। कलेक्टर चौधरी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशालीनगर में अटल टिकरिंग लैब के नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान युग डिजीटल युग हैं, इसमें आने वाले पीढ़ी को कम्प्यूटर कोडिंग की भाषा जानना बहुत आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि भविष्य में बच्चों को लैब के माध्यम से कोडिंग प्रशिक्षण दिये जाने की योजना है। इस अवसर पर कलेक्टर ने अटल टिकरिंग लैब में विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किये गये प्रादर्शो का अवलोकन कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के पहल पर जिले में पहली बार समस्त शासकीय विद्यालयों में संचालित अटल टिकरिंग लैब के नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में किया जा रहा है। समग्र शिक्षा, जिला प्रशासन एवं यूनिसेफके तकनीकी सहयोग से जिले के सभी अटल टिकरिंग लैब के सुदृढ़ीकरण एवं बालिकाओं के लिए कोडिंग कार्यक्रम का शुभारंभ जिले में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक विचार, समस्या को चिन्हित करने, कम्प्यूटर एवं डिजीटल की ओर समक्ष बनाना है। इस कार्यशाला में जिले के 20 नोडल शिक्षक सम्मिलित हुए है। कार्यशाला में यूनीसेफ की शिक्षा विशेषज्ञ छाया कवंर एवं समन्वयक रंजू के द्वारा लेट्स कोड प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के पोस्टर का विमोचन किया गया।

## राज्यस्तरीय खेल कुश्ती में दामिनी यदु का चयन



**तिल्दा नेवरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपरी कला की कक्षा 11वी की छात्रा दामिनी यदु का 1 से 4 सितंबर तक जांजगीर चांपा में होने वाले राज्यस्तरीय खेल में चयन हुआ है। जहां पर वह अन्य संभाग दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा से आए खिलाड़ियों से दंगल करेगी। दामिनी खपरी कला की पहली लड़की है जिसका चयन राज्य स्तर पर हुआ है। इसका श्रेय वह अपने पिता कौशल यदु माता सुकांति यदु को देती है। जिन्होंने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं शाला विकास समिति के अध्यक्ष डागेश्वर साहू ने दामिनी यदु को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# समाधान स्वालंबन केंद्र का उद्घाटन में कुलपति डॉ. अरुणा पलटा एवं विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में समाधान स्वालंबन केंद्र का शुभारंभ किया गया। स्वालंबन केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरुणा पलटा एवं बेमेतरा जिले के लोकप्रिय युवा विधायक दीपेश साहू के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल एवं स्वालंबन केंद्र के समन्वयक कमलेश साहू ने केंद्र में बनाए जाने वाले उत्पादों जैसे-श्री इन वन स्टैंड -पेन, मोबाइल व पेपर वेट एवं मोमेंटो के बनाने की प्रक्रियाओं से अवगत कराया। महाविद्यालय समिति की अध्यक्ष डॉ.अलका तिवारी ने स्वालंबन केंद्र में सहयोग करने वाले सभी प्राध्यापकों एवं छात्रों को उनके कार्यो की सराहना की एवं डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय में सप्ताह में एक दिन प्रत्येक संकाय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस कार्य हेतु प्रशिक्षण प्रदान कराया जायेगा।

# भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर दही लुट के कार्यक्रम में शामिल हुए : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के ग्राम पथरपुंजी में बच्चो का कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर अतिथि मौजूद थे। और अतिथि के रुप मे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम और दही लुट के कार्यक्रम ने बच्चों अपसी तालमेल और सामंजस्य का परिचय देकर दही का मटकी फोड़ना ये आपसी तालमेल से ही संभव है और सभी गाँव वासियो को जन्माष्टमी की बधाई दियाऔर यहाँ ।आज बाबा गुरुघासीदास जी के मन्दिर मे आशीर्वाद लेकर समस्त क्षेत्रवासी की खुशहाली की कामना की। अतिथि योगेश तिवारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि आज हम सभी भगवान श्रीकृष्णा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। और पल हम लोगों ने आज यहाँ पर प्रथम पूज्य बाबा जी के मन्दिर बाबा का दर्शन करके बाबा जी का पुजा अर्चना कर संदेश दिया कि मनखे मवखे एक समान से दूसरा कोई संदेश नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु ने मानवता और भाईचारे का संदेश दिया है ईस कार्यक्रम में सरपंच दिनेश निषाद, उपसरपंच छोटकू मनहरे, समस्त पंच गण, महिला कमांडो, रामावतार वर्मा, नरेश चेलक, हेमिन चेलक, मनीष डेहरे, तरुण बारले, दीपेश मनहरे, उदे मनहरे, विक्की चेलक, साखीलाल, आरती, पूर्णिमा, सुमिता गायकवाड़, पुष्पा डेहरे, बेदीन चेलक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# के.वी.के. पाहंदा द्वारा ग्रामीण युवाओं को बीज उत्पादन पर कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण

**दुर्ग।** ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मैनेज हैदराबाद द्वारा प्रायोजित, डॉ. एस.एस. टूटेजा, निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निर्देशन में व डॉ. दिप्ती झा, नोडल अधिकारी के मार्ग दर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ), दुर्ग द्वारा विकासखण्ड पाटन के ग्राम सोनपुर में ''बीज उत्पादन'' पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन ने बताया कि ग्रामीण युवाओं को उद्यमी एवं व्यवसायिक कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार देने वाले उद्यमी के रूप में तैयार करना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। किसान फसल उत्पादन तो करते ही हैं पर उसी कार्य को थोड़ा तकनीकी रूप से परिष्कृत कर ले तो उत्पादित फसल को बीज के रूप में बेच कर व्यवसायिक आय और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## // न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.)//

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क /ब-121/ वर्ष 2024

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उद्योग संचलनालय छत्तीसगढ़ उद्योग भवन रायपुर अधो संरचना विकास कक्ष का पत्र कमांक/53/ अधोविक/भू.अ./2024/10678 रायपुर दिनांक 18 जुलाई 2024 द्वारा औद्योगिक प्रयोजन हेतु ग्राम बोरसी प.ह.न. 40 रा.नि.म. भिंभौरी तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा स्थित शासकिय भूमि खसरा न. 80 रकबा 16.320 हे. उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने का मांग किया है। उक्त संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को माननीय अनुविभागीय अधिकारी बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह पेशी दिनांक 05/01/2024 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तसीलदार
भिंभौरी जिला-बेमेतरा

## ‘द बस्तर मड़ई’ सांस्कृतिक-पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थलों का जीवंत चित्रण

# देश के विभिन्न हिस्सों से आए सोशल मीडिया इनफ्लुरेन्स करेंगे ‘द बस्तर मड़ई’ का प्रमोशन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर की अपनी नैसर्गिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनूठी सामाजिक ताना-बाना और ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों के बारे में सोशल मीडिया के इनफ्लुरेन्स अब देश-दुनिया को परिचित करवाएंगे। शुक्रवार को आसना स्थित बादल अकादमी में बस्तर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए सोशल मीडिया इनफ्लुरेन्स से चर्चा करते हुए ‘द बस्तर मड़ई’ कॉन्सेप्ट के माध्यम से बस्तर को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने सहयोग प्रदान किये जाने कहा। ज्ञातव्य है कि जिला प्रशासन द्वारा बस्तर में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु तैयार की गई ‘द बस्तर मड़ई’ का बस्तर टूरिस्ट सर्किट मैप और थीम म्यूजिक का हाल ही में विमोचन किया गया है। मौके पर कलेक्टर बस्तर विजय दयाराम के. ने बस्तर की खूबियों को रेखांकित करते हुए बताया कि लगभग 75 दिनों तक चलने वाला बस्तर दशहरा के दौरान विभिन्न पूजा विधान के अंतराल को देखते हुए दशहरा के साथ-साथ बस्तर की प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों, एडवेंचर स्थल, सांस्कृतिक स्थलों से पर्यटकों को अवगत कराने के लिए प्रशासन द्वारा ‘द बस्तर मड़ई’ का कॉन्सेप्ट तैयार किया गया है। इसके तहत बस्तर में पर्यटकों को अन्य स्थलों का भ्रमण सहित देखने-समझने का सुअवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि ‘द बस्तर मड़ई’ में नीला रंग में बस्तर की जल से संबंधित पर्यटन स्थल, हरा रंग जंगल से संबंधित स्थल, भूरा रंग गुफा और पुरातव स्थल, पीला रंग आदिवासी संस्कृति एवं बस्तर के हाट-बाजार और लाल रंग में बस्तर की आध्यात्मिक शक्ति विशेषकर आराध्य देवी मां दंतेश्वरी और ऐतिहासिक बस्तर दशहरा को प्रदर्शित किया गया है। बस्तर टूरिस्ट सर्किट मैप चार रंगों के 42 पर्यटन स्थलों की जानकारी तथा स्थलों की संक्षिप्त विवरण के साथ रूट की जानकारी और बस्तर जिला में पहुंचने के लिए परिवहन सेवा रेलमार्ग, वायुमार्ग एवं सड़कमार्ग की जानकारी दी गई है। पहले बस्तर के प्रसिद्ध दशहरा, चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात, कुटुमसर गुफा को देखने आते थे इसमें परिवर्तन करते हुए बस्तर की अन्य खूबसूरती और सांस्कृतिक विरासत को भी दिखाने का प्रयास किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/ (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)

SAVE ENERGY

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं/सं.) संभाग भाटापारा

क्र./10-20/10-25/स्था./3224

// सूचना //

भाटापारा, दिनांक 30.08.2024

श्री दीपक कुमार त्रिवेदी,
परि. वर्ग-तीन (ला.) कार्यभारित
दीक्षित आटा चक्की के पास, टिकरापारा संतोषी नगर, रायपुर

**कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण विभागीय जांच प्रतिवेदन पर अंतिम कथन दस्तावेज प्रस्तुत करने बाबत्।**

आप दिनांक 24.07.2017 से आज दिनांक तक बिना पूर्व सूचना/आवेदन पत्र/अनुमति के अपने कार्य से लगातार अनुपस्थित है। जिसके कारण इस कार्यालय के आदेश क्र./10-20/10-25/स्था./1056 भाटापारा दिनांक 29.05.2019 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित की गयी थी। विभागीय जांच में बार-बार बुलाये जाने पर भी आप उपस्थित नहीं हुए। विभागीय जांच की जांच प्रतिवेदन की छायाप्रति इस कार्यालय के पत्र क्र. 3349 दिनांक 27.09.2019 के माध्यम से अंतिम अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था कितु आपके द्वारा जवाब आज दिनांक तक इस कार्यालय को प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पुनः उचित अवसर प्रदान करते हुए आपके स्थायी पते पर पंजीकृत डाकमय पावती के माध्यम से इस कार्यालय के पत्र क्र. 2028 दिनांक 31.07.2024 को प्रेषित कर सात दिवस के भीतर तत्संबंध में जवाब/दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था। जिसमें जवाब/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर एक पक्षीय कार्यवाही करने का लेख था. किंतु तत्संबंध में आपके द्वारा आज दिनांक तक जवाब/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

अतः आपको तत्संबंध में अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन पर अपना अंतिम कथन/दस्तावेज इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पर आपके द्वारा कथन/जवाब/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कम्पनी नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।

(एन. के. सोनी)
कर्मचारी क्र. 91542851
कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा

# आजादी के 7 दशक बाद भी पक्की सड़क सुविधा को मोहताज है अजजा बाहुल्य गांव चपिया

## ग्रामीणों ने की क्षेत्रीय विधायक से पक्की सड़क की मांग



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

आजादी के अठत्तर साल बीत जाने के बाद भी आदिवासी बाहुल्य ग्राम चपिया वासियों को बारहमासी पक्की सड़क नसीब नहीं हो पाई है। ग्रामीणों की जिंदगी कीचड़ युक्त कच्ची सड़क मार्ग से होकर गुजर रही है। गांव के किसानों को खाद लाना हो या फिर छात्रों को स्कूल जाना हो या फिर मरीज को अस्पताल पहुंचाना हो पक्की सड़क के अभाव में ग्रामीणों को बड़े ही मुश्किल हालातों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की माने तो बरसात का चौमासा किसी काले पानी की सजा से कम नहीं है। बरसात के दिनों चार पहिया वाहनों का पहुँचना नामुमकिन है। गांव के पंच गजानंद कश्यप, रूपसिंह, खेलसिंह कश्यप, अमृत लाल, सुरेंद्र, सेतलाल, गंगासागर, दिनेश जगत आदि ने बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल को पत्र लिखकर पक्की सड़क बनाये जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बसना विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूपापाली के आश्रित ग्राम चपिया एक आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। यहां की आबादी करीब 5 - 6 सौ है। रूपापाली से चपिया की दूरी करीब 4 किलोमीटर है। वर्तमान में रूपापाली से चपिया तक कच्चा मार्ग बना हुआ है, जिससे होकर ग्रामीणों का आवागमन हो रहा है। बरसात के दिनों में पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है और ट्रैक्टर वगैरह के चलने से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस मार्ग से होकर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल है।

### तहसीलदार के आदेश पर 2 वर्षों में सुनवाई नहीं

ग्राम चपिया से रूपापाली तक मनरेगा के तहत पहुंच मार्ग का निर्माण हेतु हल्का पटवारी ने एक नजरी नक्शा 27.12.2022 को तहसीलदार बसना के निर्देश पर तैयार किया गया। पक्की सड़क तो दूर ग्रामीणों को मनरेगा के तहत मुरमीकृत सड़क भी नसीब नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन से कई मर्तबा सड़क निर्माण हेतु मांग की गई है मगर कोई भी सरकार उनकी मांग की ओर ध्यान नहीं दे रही है।

### जनप्रतिनिधियों की लापरवाही, पीएम सड़क बना सपना

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के शासनकाल में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम चपिया तक पक्की सड़क क्यों नहीं बन पाई? एक गंभीर सवाल है। विकास की जितनी भी ढिंढोरा पीटा जाए यदि आदिवासी बाहुल्य ग्राम चपिया बारहमासी सड़क से नहीं जुड़ पाता है तो विकास की बातें बेमानी होगी। पीएम सड़क योजना की क्रियान्वयन के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों तक चपिया के ग्रामीणों की आवाज क्यों नहीं पहुँच पा रही है? समझ से परे है।

### छात्र और मरीजों को होती है परेशानी एम्बुलेंस भी नहीं पंहुच पाता

पक्की सड़क नहीं होने से सर्वाधिक परेशानी स्कूली छात्रों को होती है। यहां के छात्रों को मिडिल स्कूल की पढ़ाई के लिए रूपापाली एवं हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए भंवरपुर जाना पड़ता है। पक्की सड़क नहीं होने से कीचड़ से लथपथ मार्ग से होकर पैदल ही स्कूल जाना पड़ता है। छठवीं के बच्चे जिनकी उम्र महज 11-12 साल की होती है उन्हें 4 किलोमीटर तक का सफर पैदल ही चल कर तय करना कितना कष्टदायक है यह तो छात्र ही बता पाएंगे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि मरीजों को अस्पताल पहुँचाने में भी परेशानी होती है। पक्की सड़क नहीं होने से गांव तक महतारी एक्सप्रेस वाहन भी नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि लोगों की सुविधा के लिए लागू की गई 112 और 108 नंबर डायल करने पर भी गाड़ी नहीं पहुँच पाती है ऐसे में इन वाहनों की सुविधा ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है।

## महाविद्यालय में भूगोल प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 2 सितंबर को

**सरायपाली।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा पूरक परीक्षा 2024 का संचालन स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है इस पूरक परीक्षा में शासकीय महाविद्यालय, रामचंडी महाविद्यालय, भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय बलौदा एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा के परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं ।बीएससी भाग 1, 2 एवं 3 तथा बी ए भाग 1, 2 एवं 3 के भूगोल प्रायोगिक परीक्षा भी शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। बी ए भाग 1, 2 एवं 3 के भूगोल प्रायोगिक विषय के परीक्षार्थियों के लिए 2 सितंबर 2024 को परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रायोगिक परीक्षा में शासकीय महाविद्यालय, शासकीय महाविद्यालय बलौदा , रामचंडी महाविद्यालय बगईजोर, शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर, शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा, शासकीय महाविद्यालय बसना, शासकीय महाविद्यालय पिथौरा एवं स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय महासमुंद के छात्र छात्राएं सम्मिलित होंगे। भूगोल विषय के प्रायोगिक परीक्षा में परीक्षार्थी फाइल के साथ उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी महाविद्यालय के विज्ञप्ति में दी गई।

## लम्बर में नि :शुल्क रक्त परीक्षण शिविर में ढाई सौ विद्यार्थी लाभान्वित




पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक के दिशा निर्देशानुसार जी.पी. पटेल प्राचार्य के मार्गदर्शन में व आर. के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में गोकुल पैथोलॉजी लैब सागरपाली द्वारा कक्षा 11वी व 12 वी के 250 छात्र छात्राओ का निःशुल्क ब्लड ग्रुप का परीक्षण किया गया। रक्त परीक्षण पूर्व आयोजित कार्यक्रम में आर. के. पटेल ने ब्लडग्रुप की जानकारी, रक्तदान के महत्व व रक्तदान कौन और कब कर सकता है। इस संबंध में विस्तार से बताया। पैथोलॉजी के संचालक गोकुल पटेल एवं उनके स्टॉफ गोवर्धन पटेल, हेमंत पटेल, महेन्द्र साव, नंदकुमार पटेल के निःशुल्क व निःस्वार्थ सेवा पर प्राचार्य सहित व्याख्याता जे. के. जायसवाल, बी. एल. साहू, एल. के. साहू, सी. आर. जायसवाल, टी. आर. जायसवाल, एम.डी. मानिकपुरी, एल. एस. सिदार, ए.के. चन्द्रा, एफ.एस. बरिहा, खिरोद सिदार ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीषा साहू शाला नायक करणदास मानिकपुरी रासेयो दल नायक, हेमलता यादव रासेयो नायिका, रितु पटेल, गायत्री साहू, लालिका श्रीवास, शशि बरिहा सहित सभी छात्रसंघ पदाधिकारियों व स्वयं सेवकों का योगदान रहा।

## समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन स्वस्थ लईका कार्यक्रम पर की गई विस्तृत चर्चा



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने के लिए एम्स रायपुर यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से महिलाा एवं बाल विकास विभाग अति गंभीर कुपोषित एवं मध्यम् कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन (सी मैम) स्वस्थ लईका कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठह सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर सोनी ने बच्चों की वृद्धि निगरानी पर विशेष ध्यान दिए जाने हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही समुदाय में व्यवहार परिवर्तन हेतु विशेष प्रयास करने पर जोर देने की बात कही. उक्त बैठक में 0-5 वर्ष तक के गंभीर/मध्यम् कुपोषित बच्चे जिसमें किसी प्रकार का चिकित्सा जटिलता न हो का समुदाय पर प्रबंधन करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जाटवर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, यूनीसेफ पोषण अधिकारी एम्स रायपुर डॉ. महेन्द्र प्रजापति पोषण सलाहकार,सुरीमा मालाकार,जिला पोषण समन्वयक एम्स रायपुर रूपेश चक्रधारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सृष्टि शर्मा सहित समस्त परियोजना अधिकारी एवं समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव यादव का महासमुंद जिले का प्रवास रविवार को

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव बनने के बाद प्रथम बार महासमुंद्र जिले में रविवार को आगमन हो रहा है। महासमुंद जिला की जिला कार्यकारिणी एवं सरायपाली ब्लॉक ईकाई के सदस्यों अतिउत्साह है। राष्ट्रीय सचिव सुबह 9 बजे रेस्ट हाऊस में महासभा के सदस्यों से भेंट करेंगे। सुबह 9.30 बजे बसना, 10 बजे पिथौरा में भेंट करते हुए 11 बजे बागबाहरा में आयोजित जिला स्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम समापन पश्चात वापसी में शाम 5 बजे से 6 बजे तक बसना में रुककर रायगढ़ 9 बजे वापिस पहुचेंगे। बागबाहरा कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, एवं उनकी टीम तथा सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार यादव और हितेश कुमार यादव पार्षद जोरदार तैयारी कर रहे हैं। नरेन्द्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सामाजिक बन्धु उपस्थित रहेंगे।

## जनसमस्या निवारण शिविर में जनमन पत्रिका का किया गया वितरण



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णय एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' का प्रकाशन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जाता है। उक्त पत्रिका का वितरण जिले के पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोदवा में तीसरा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में आए युवाओं एवं अन्य व्यक्तियों को जनमन पत्रिका की प्रशंसा करते हुए पत्रिका को लाभकारी बताया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे कालेज विद्यार्थी अविनाश वर्मा, सुशील कुमार साहू ने बताया कि जनमन पत्रिका के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं की जानकारी के साथ सटीक तथ्यात्मक आंकड़े भी मिलते हैं, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी में लगे सभी युवाओं को यह पत्रिका अवश्य पढ़नी चाहिए।

## वृद्ध की हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



सूचक चंद्रमुखी उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कुकुरदी द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 25 अगस्त को रात्रि में ग्राम कुकूरदी के चौक में मेरे पिता समाज के अन्य लोगों के साथ जन्म उत्सव मनाने के संबंध में बैठक कर रहे थे, कि इसी बीच फरार आरोपी गणेश राम अन्य 02 आरोपी भोलाराम और साहिल के सांथ वहां पर आया तथा तीनों मिलकर मेरे पिता के सांथ पुराने हिसाब किताब के नाम पर मारपीट करने लगे, जिससे मेरे पिता कन्हैया लाल बेहोश होकर वहीं पर गिर गए, जिन्हें उचित इलाज हेतु तत्काल पहले चंदा देवी हॉस्पिटल बलौदाबाजार एवं बाद में श्रीराम हॉस्पिटल बलौदाबाजार लेकर गए, जहां डॉक्टरों द्वारा कन्हैया लाल उम्र 65 साल निवासी ग्राम कुकूरदी की मृत्यु होना घोषित कर दिया गया। की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध. 556/2024 धारा 103,3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। की प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट करने के 24 घंटे के भीतर प्रकरण में शामिल ग्राम कुकूरदी निवासी आरोपी भोला उम्र 22 वर्ष एवं साहिल उम्र 18 वर्ष 07 माह को पकड़ लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा फरार आरोपी अपने पिता के सांथ मिलकर, पुराने हिसाब किताब की बात को लेकर मृतक को गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया गया। जिससे मृतक की मृत्यु हो गई। प्रकरण में एक आरोपी फरार था जिसे पुलिस द्वारा सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा 31 अगस्त को फरार आरोपी गणेश राम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कुकुरदी थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## यादव समाज के लोग होते हैं वीर एवं पराक्रमी : विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर बसना स्थित श्री राम जानकी मंदिर में प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बसना लोकप्रिय विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। बाजे गाजे के साथ समाज के लोग थिरकते नाचते हुए शौर्य प्रदर्शन किए। सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र की जनता की खुशहाली और तरक्की के लिए भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की। यादव समाज को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने कहा कि यादव समाज का गौरवशाली इतिहास किसी को बताने की जरूरत नहीं है। यादव समाज के लोग जितने सेवाभावी और ईमानदार होते हैं उतने ही पराक्रमी और वीर भी होते हैं इसीलिए समाज के लोगों को रक्षक के रुप मे भी देखा जाता है। यादव समाज का उनका बहुत ही करीब का नाता रहा है। श्रीकृष्ण भगवान ही हमें सिखाते हैं कि जीवन कर्म प्रधान है। अगर हम कर्मशील हों तो किसी भी देश काल या परिस्थिति में विजयी होते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा जो कार्य धर्म के अनुकूल होता है वही धर्म है और मानव का कर्म है। भगवद गीता में अर्जुन के सामने जब क्या करूं क्या न करूं की स्थिति थी तब श्रीकृष्ण ने ही उन्हें मार्ग दिखाया था। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रतिकूल परिस्थितियों से लडना और जीतना सिखाता है। इस अवसर पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, फुलझर राज यादव समाज अध्यक्ष जगतराम यादव, बसना तहसील अध्यक्ष नरेंद्र यादव, कार्यकारिणी अध्यक्ष बालकराम यादव, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष खुलुराम यादव, केन्द्रीय सचिव रथलाल यादव, महिला प्रकोष्ठ केन्द्रीय अध्यक्ष संतोषी यादव, तहसील अध्यक्ष सुमन यादव, संगठन मंत्री पूजा यादव, विधायक कार्यालय गढफुलझर प्रभारी हरजिंदर सिंह, रिंकी यादव, परदेशी यादव, रामलाल यादव, रोशन यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## आकाशवाणी से विजय मिश्रा की कहानी का प्रसारण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार विजय मिश्रा अमित की कहानी 'बूढ़ी माई की बुद्धि' का प्रसारण आकाशवाणी से होगा। कार्यक्रम कथायन क्रम के अंतर्गत उक्त कहानी के प्रस्तुतकर्ता उदय प्रकाश होंगे। सोमवार 2 सितम्बर को सुबह 8.30 बजे कहानी का प्रसारण आकाशवाणी से होगा। अंधविश्वास पर केंद्रित कहानी 'बूढ़ी माई की बुद्धि' में नींबू -मिर्च को गूंथकर दूकान, गाड़ी में लटकाने की प्रथा पर कहानीकार विजय मिश्रा ने करारा प्रहार किया है। जादू- टोना के टोटके की आड़ में नींबू मिर्च की भारी बरबादी को रोकने हेतु कहानी में बूढ़ी माई कहती है नींबू मिर्च को लटकाना फिर फेक देना किसानों की मेहनत का अपमान है। बिजली, पानी, खाद सहित किसानों के पसीने से उपजे नींबू-मिर्च का दान करना श्रेयस्कर कदम होगा।

## राजस्व विभाग सिमगा द्वारा पटवारी कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया





**तिल्दा नेवरा ।** राजस्व विभाग सिमगा द्वारा एक पेड़ किसान के नाम थीम पर किए जा रहे वृक्षारोपण कार्य म के अनु म में आज दिनांक 30 / 08 / 2024 / दिन शु वार को सिमगा स्थित पटवारी कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इसमें माननीय तहसीलदार सिमगा नीलमणि दुबे, राजस्व निरीक्षक कुमार गौरव अग्रवाल, सिमगा पटवारी सिकेश ध्रुव, बलराम साहू.कृष्णा कुंजाम. प्रदेश सा. सचिव.मिडिया प्रभारी एवम ग्रामवासियों की उपस्थिति थी ।

### कृष्ण कुमार अग्रवाल बनाए गए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष



**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल की अनुसंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सरन गर्ग ने छत्तीसगढ़ अध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार अग्रवाल की नियुक्ति की। कृष्ण कुमार अग्रवाल की नियुक्ति पर पूरे प्रदेश मैं हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार अग्रवाल ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए जल्द से जल्द प्रदेश इकाई महिला इकाई के साथ युवा इकाई की घोषणा की।

## पॉवर कंपनी से ईडी अशोक कुमार वर्मा की भावभीनी विदाई



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) अशोक कुमार वर्मा को सेवानिवृत्ति पश्चात् भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर सहित कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे। प्रबंधक निदेशकगणों ने सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक वर्मा को प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशकगण शुक्ला एवं कंवर ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त ईडी वर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को कंपनी हित में बहुमूल्य निरूपित किया। उनके द्वारा कंपनी हित में किये गये कार्यों की उन्होंने प्रशंसा की एवं उनकी बेहतर कार्यशैली से पॉवर कंपनी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए साधुवाद दिया एवं सुखद सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएं दी। ईडी वर्मा ने सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार भार प्रेषण केन्द्र में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में निज सचिव उमा शर्मा, रायपुर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक दिलीप कुमार देवांगन, भिलाई, लाईन परिचारक श्रेणी एक मकरध्वज साहू, कोरबा एवं लाईन परिचारक श्रेणी एक अयोध्या प्रसाद जायसवाल, बिलासपुर को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविंद पटेल एवं सहायक प्रकाशन अधिकारी अनामिका मण्डावी ने किया।

# स्काउट्स एवं गाइड्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थानीय संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय पुराना भवन में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ लार्ड एवं लेडी बेडेन पॉवेल के तैल्य छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर, माल्यार्पण, पूजन अर्चन के साथ प्रार्थना से प्रारम्भ हुआ। अतिथियों का स्वागत क्रमशः स्कार्फ वागल एवं स्काउट गाइड क्लैप से किया गया। हॉल को स्काउट गाइड गतिविधियों से संबंधित विभिन्न बैनर,पोस्टर से सजाया गया था जो काफी शैक्षिक एवं प्रभावोत्पादक, मनभावक रहा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि चातुरी नन्द (विधायक, एवं पदेन संरक्षक स्थानीय संघ) तथा अध्यक्षता ओमप्रकाश चौधरी (अध्यक्ष. स्थानीय संघ) एवं अति विशिष्ट अतिथि सरला कोसरिया (संरक्षक, संघ) तथा विशिष्ट अतिथि अमृतलाल पटेल (पूर्व अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद) एवं सुरेश भोई (पार्षद,न.पा.परिषद्) द्वय की गरिमामई उपस्थिति रही। स्थानीय संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, उपाध्यक्ष-पुष्पलता चौहान, सीता पटेल, तारेश्वरी नायक, अजय कुमार अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, सहायक जिला आयुक्त स्काउट, ग्रुप लीडर (स्काउट)- सी.एल. पुहुप (प्राचा केजुवां) सहायक जिला आयुक्त गाइड, ग्रुप लीडर (गाइड) गीता तिवारी (प्राचार्या झिलमिला), कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र पटेल, सचिव यशवन्त कुमार चौधरी, जिला स्काउटर प्रतिनिधि अनिल पटेल, विजय पटेल, किशोर पटेल जिला गाइडर प्रतिनिधि पुष्पांजली चौधरी, सविता साहू, नंदिनी विश्वकर्मा को विधायक चातुरी नंद द्वारा प्रतिज्ञा का वाचन कराते हुए शपथ दिलाया जिसमें उन्होंने संगठन के प्रति प्रतिबद्धता हेतु मर्यादित भाव से स्काउट गाइड नियमों के पालन करने, कर्तव्यों के पालन करने,दूसरों की सहायता करने का शपथ पदाधिकारियों को दिलाया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि चातुरी नंद ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन का समाज में विशेष महत्व है, यह संगठन न केवल युवाओं को अनुशासन और सेवा की भावना से जोड़ता है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसके माध्यम से मानवता की सेवा के लिए विविध कार्य किए जाते हैं, संघ इन्हीं गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और समाज हित बालहित में कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में सफल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि सरला कोसरिया ने समारोह में उपस्थितों को संबोधित किया और उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड संगठन के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन और सेवा भावना का विकास होता है, जो राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होता है। जीवन में स्काउटिंग के महत्व पर सोदाहरण प्रकाश डालते हुए स्काउट गाइड संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए सतत सेवाकार्य करने हेतु प्रेरित किया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष, समस्त उपाध्यक्ष, पदाधिकारियों, सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और पूरी लगन, समर्पण भाव से लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध कार्य करने प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे ओमप्रकाश चौधरी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगठन के उद्देश्यों और इसके ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से समाज सेवा, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय के साथ कौशल व व्यक्तित्व विकास हेतु सतत प्रोत्साहित करना है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि संगठन के गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है, साझा प्रयास से ही हम यूनिट स्तर पर स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं लाभान्वित करने एवं यूनिट लीडर्स की योग्यता/ दक्षता में उत्तरोत्तर प्रगति हेतु सार्थक पहल करते हुए लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम का आयोजन बीईओ एवं पदेन सहायक जिला आयुक्त (स्काउट) प्रकाशचंद्र मांझी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। प्रतिवेदन वाचन एवं स्वागत भाषण सहायक जिला आयुक्त (स्काउट) ग्रुप लीडर (स्काउट) स्थानीय संघ सरायपाली सी.एल.पुहूप,प्राचार्य, शास.उच्च.माध्य.विद्या. केजुवां द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउटर प्रतिनिधि अनिल पटेल द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन स्थानीय संघ सचिव यशवन्त कुमार चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर आजीवन सदस्य मंजू धनानिया, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, ज्योति कुमार ठेठवार, धर्मेन्द्रनाथ राणा,राधा नायक तथा पूर्व सचिव हेमन्त चौधरी एवं राधेश्याम चौधरी, शाखा लिपिक निरंजन कोसरिया, स्काउटर अजय आर्य, दयानंद चौधरी, हरेंद्र साहू, गाइडर शीला साय, राजकिशोर दास, नेहरूलाल चौधरी, भोलनाथ नायक, कमलेश सतपथी,करुणा साहू, जयलाल गिरी, सीनियर रोवर दुष्यन्त साहू, रेंजर लीडर फैमिदा तबस्सुम, लिंगराज देवांगन, धनीराम साव, बिंदुप्रकाश चौधरी, हेमंत पटेल, रीवाराम वर्मा, रेंजर- स्नेहा ठाकुर, पार्वती रात्रे, आशा श्रेष्ठ, पूजा बारिक, कुसुम प्रधान, शारदा चौरसिया, मनीषा यादव आदि की उपस्थिति सह सहयोग एवं कॉलेज प्रबंधन का सहयोग प्राप्त हुआ जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित, शांतिपूर्वक, सहयोगात्मक ढंग से स्काउटिंग परंपरा अनुसार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजन समिति और सभी स्वयंसेवकों ने अथक परिश्रम किया, जिसकी सराहना समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने की। महासमुंद जिले में इस प्रकार के आयोजन से स्काउट और गाइड संगठन की लोकप्रियता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी ऐसा विश्वास व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।


# स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर कार्यवाही जारी

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com









नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छ सर्वेक्षण मे संपूर्ण घटको को लेकर कार्यवाही जारी है। इस संबंध में आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी अधिकारी कर्मचारियो की बैठक लेकर सभी के दायित्वो को निर्धारित कर दिया है। उसी के अनुरूप वृहद रूप से कार्यवाही की जा रही है।

निगम के जोन आयुक्त, अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अपने दायित्वो के अनुसार फिल्ड में जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के अनुरूप किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। जो भी सुधार है, उसे पूरा करवा रहे है। इसी के तारतम्य में सभी जोन के प्रमुख मार्केट मे जाकर सिंगलयूज प्लास्टिक, सड़क एवं नालियो में गंदगी फैलाने वाले, सड़े गले फल-फ्रूट, जूस, खादय पदार्थ बेचने वालो पर वृहद रूप से कार्यवाही करते हुए सामग्री जप्त कर रहे है। चालानी कार्यवाही करते हुए 96000 हजार से अधिक अर्थदण्ड वसूला गया। नाला, नालियो की सफाई, जी.व्ही.पी. प्वांइट को व्यवस्थित करना, सुलभ शौचालय में सुविधाओ को बढ़ाना, अनावश्यक रूप से कहीं पर भी कचरा संग्रहण पाये जाने पर उसको साफ-सफाई कर उस जगह पर पेवर ब्लाक लगाना, पेंटिग करना एवं सौदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। सभी प्रकार के कार्यवाही का प्रतिदिन की रिपोर्ट आयुक्त को प्रस्तुत किया जा रहा है। किये जा रहे कार्यो की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह ली जा रही है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सब सहयोग करे। नगर निगम भिलाई अपने सीमित संसाधनो से सभी प्रकार का प्रयास कर रहा है। बिना सब के प्रयास से हम सब भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी नहीं बना सकते। इंदौर शहर अग्रणी बना है तो इसके पिछे स्थानीय निवासियो का भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमारे भिलाई की बसावट के अनुसार हम सब मिलकर इसको सर्व सुविधा युक्त स्वच्छ साफ-सुथरा शहर बना सकते है।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा ही हमारी पहचान है: भूपेश बघेल

## टेमरी में कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◀ पाटन
www.dailypioneer.com





युवा क्रीडा मंडल एवं ग्रामवासी टेमरी के तत्वाधान में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री, विधायक पाटन भूपेश बघेल थे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने अपने उद्बोधन में युवा साथियों एवं खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हमे अपने तन मन को स्वस्थ रखने के लिए खेल जरूर खेलना चाहिए। खेल भावना से ओतप्रोत हो।हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने के लिए लगातार कार्य किए। आज युवाओं को इस दिशा में कार्य करने की प्रेरणा मिली है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से बच्चे, युवा, सियान सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।आपके गांव से भरपूर आशीर्वाद से मुझे विधायक बनाए, सहृदय धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग ने की। विशेष अतिथि आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री,भेष आठे जोन प्रभारी, रूपचंद साहू सभापति, देवकुमार निषाद, पवन डहरे, चंद्रभान साहू, रामदास मानिकपुरी, रवेल सिंह ठाकुर, लीलाधर साहू उपसरपंच थे। कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता मचांदूर, उपविजेता अरमरी कला एवं तृतीय स्थान में सिवनी (रायपुर) की टीम रही। इस अवसर पर गजेंद्र साहू, डोमेश साहू, दीपक साहू, जितेंद्र साहू, केवल साहू, कमलेश सोनवानी, रोहित ठाकुर, रामचंद सोनवानी, विष्णु, कमल सोनी, परदेशी साहू, कामता सोनी, देवसिंह साहू, चुरामन साहू, केशव बंजारे, बली राम ठाकुर, दीनदयाल साहू, जागेश्वर, निखिल जोशी, रामजी नेताम, तामेश्वर साहू, पार्थ ठाकुर, अजय, अमन बंजारे, लक्की, लुकेश्वर, संजू, आकाश, हेमचंद,चंदन, नागेश, दिनेश्वर साहू, राहुल सोनी, वरुण नेताम खिलाड़ी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# बाबा गणिनाथ गोविंद का भव्य पूजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



बाबा गणिनाथ गोविंद का भव्य पूजन किया गया। इस मौके पर बाबा के भक्त जन बड़ी संख्या में रामनगर मंदिर में बाबा की पूजा के लिए पहुँचे. यहाँ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आयोजन में मनेन्द्रगढ़ से लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं के साथ मध्यप्रदेश के डोला, रामनगर, राजनगर, बिजुरी सहित आस पास के श्रद्धालु भी पूजन में शामिल हुए. प्रतिवर्ष सावन के बाद भादो माह में भगवान बाबा गणिनाथ जी की पूजा होती है. जिले का एक मात्र मंदिर रामनगर में है जहाँ समाज के सभी वर्ग के लोग पहुँच कर भगवान की पूजा अर्चना की जाती है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से गजेन्द्र शाह, बंसीलाल शाह,रमेश शाह,रामानंद शाह,संतोष शाह,विनोद शाह,किसन शाह,जवाहरलाल शाह, महासचिव सुजीत शाह सहित सैकड़ों भक्त जन मौजूद रहे. कार्यक्रम में भक्तिभाव के साथ भगवान गणिनाथ की पूजा-अर्चना हलवाई समाज के द्वारा की गई। इस मौके पर समाज के गजेंद्र शाह ने कहा कि संघर्ष ही जीवन है। हम सभी आपस में एक दूसरे का सहयोग करें। सुख-दुख में एक दूसरे का साथ दें। हम अपने को कमजोर न समझें। समाज के सभी लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। बंशी लाल साह ने कहा कि यह पूजा समाज की खुशहाली का परिचायक है। पूजन समारोह के दौरान समाज के महासचिव सुजीत शाह ने कहा कि जाति के लोग एकसूत्र में बंधकर रहें तथा शिक्षित बनें ताकि समाज व देश के काम आ सके। जवाहर लाल शाह ने लोगों से शिक्षित व संगठित होने की अपील की। किशन शाह ने समाज के लोगों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत होने की अपील की। बंशी लाल शाह ने अपने से बड़ों तथा महिलाओं को सम्मान देने को कहा। आपसी प्रेम व सहयोग से हमलोग जाति का कल्याण कर सकते हैं।

# सेवा का पर्याय बन चुका है सेवा भारती,लोगों को भोजन उपलब्ध कराने का नेक कार्य कर रहा है सेवा भारती

पायनियर संवाददाता ◀ कोटा
www.dailypioneer.com



कहते है की अपने लिए तो हर कोई जीता है पर जो दूसरों के लिए जीता हैं उसे फरिश्ता कहते है। ऐसा ही एक समूह है जिसका नाम सेवा भारती समूह है । चाहे वो गरीबों को भोजन उपलब्ध कराना,कोटा मुक्ति धाम की साफ सफाई, एवम गौ सेवा जैसे कामों में यह समूह तत्पर रहता है। शाम होते ही यह टीम सक्रिय हो जाती है। सेवा भारती की टीम माध्यम कार्य करती है जो करगी रोड स्टेशन के एवम हॉस्पिटल में गरीबों भूखों को भोजन उपलब्ध करती है । कोटा एवम आसपास क्षेत्र के लोग भी इस पुनीत कार्य में बढ़ चढ़ कर अपना सहयोग प्रदान कर रहे है । नगर ने लोग जन्मदिन , पुण्यतिथ जैसे दिनों में गरीबों को भोजन बंटवाने हेतु सेवा भारती से संपर्क कर सकते है । सेवा भारती के सभी सदस्य भोजन गरीबों को उपलब्ध कराने का नेक कार्य कर रही है। सेवा भारती की पूरी टीम द्वारा सेवा कार्य कोटा क्षेत्र में किया जा रहा है। प्रत्येक सविवार टीम कोटा मुक्ति धाम की साफसफाई का यह कार्य भी सेवा भारती द्वारा किया जा रहा है। सेवा भारती के संयोजक दुर्गेश साहू ने बताया की सेवा हम लगातार कोटा क्षेत्र में सेवा भावना से कार्य कर रहे है और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा । उन्होंने नगर के लोगों को भी साधुवाद ज्ञापित किया और कहा गरीबों को भोजन उपलब्ध कराना अकेले हमारे बस की बात नहीं है लगातार कोटा नगर के लोगों का सहयोग भी इसमें मिल रहा है । उन्होंने आगे कहा की हम तो अकेले ही चले थे और लोग जुड़ते गए और कारवां बनता गया। सेवा। भारती के इस पुनीत कार्य की पूरे नगर में सराहना हो रही है। इस टीम में मुख्य रूप से चंद्र शेखर गुप्ता, उत्तम प्रजापति , उत्तम सरकार, कमलजीत अजमानी, सूरज साहू, आकाश साहू, राजू साहू, राजू खट्टर, के साथ साथ पूरे नगर का सहयोग रहता है।

# पेंशन प्रकरण के संबंध में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

पुरानी पेंशन योजना लागू होने पर मृत्यु/आशक्ता के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जिला कोषालय द्वारा आज लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में जिले के समस्त विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला कोषालय के अधिकारियों द्वारा विभागों में लंबित ईडब्ल्यूआर के प्रकरणों में शासकीय सेवकों द्वारा ओपीएस का विकल्प चयन करने के उपरान्त पेंशन भुगतान हेतु वित्त निर्देश 10/2023 अनुसार कार्यवाही करने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में ईआरएम की आवश्यकता क्यों है, ईआरएम की प्रक्रिया और ईआरएम के संबंधित आवेदनों की कार्यवाही, ईडब्ल्यूआर की आवश्यकता, चालान सत्यापन हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया। पेंशन से संबंधित अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

# सराहा गया भिलाई की डॉ.उन्नति का शोध पत्र व पोस्टर

## राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के डॉक्टरों ने सराहा

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



इस्पात नगरी भिलाई की प्रतिभावान चिकित्सक डॉक्टर उन्नति धाबर्डे को लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय चिकित्सा कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र व पोस्टर प्रस्तुतिकरण पर सम्मानित किया गया। कान के तंत्रिका संबंधी विकारों का अध्ययन और उपचार से संबंधित न्यूरो ओंटोलॉजी यूनिट एसजी पीजीआई लखनऊ के तत्वावधान में न्यूरो-ओंटोलॉजिकल और इक्विलिब्रियोमेट्रिक सोसाइटी ऑफ इंडिया ने इस 42 वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस स का आयोजन लखनऊ में किया था। इस कॉन्फ्रेंस में कान-नाक-गला विभाग एम्स रायपुर में एमएस कर रही डॉक्टर उन्नति धाबर्डे ने अपना शोध पत्र और पोस्टर प्रस्तुत किया। जिसे देश-विदेश से आए डॉक्टरों ने बेहद सराहा। डॉक्टर उन्नति को उनके शोध पत्र वेस्टीब्युलर डिस्फक्शन इन क्रॉनिक ओटाइटिस मीडिया पेशेंट पर इस राष्ट्रीय सम्मेलन में तीसरा स्थान मिला वहीं उनके बनाएं चिकित्सा पोस्टर रीजेनरेटिव मेडिसिन इन ओंटोलॉजी को कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पहले डॉ उन्नति राज्य स्तरीय ईएनटी कॉन्फ्रेंस में अपने पेपर प्रस्तुतिकरण में गोल्ड मेडल से सम्मानित हो चुकी हैं। शुरू से मेधावी छात्रा रही डॉ उन्नति की 12 वी तक शिक्षा बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 से हुई है। उन्होंने एनटीएसई और केवीपीवाई परीक्षा में भी सफलता हासिल की थी। डॉ उन्नति ने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई एम्स रायपुर से पूरी की है। उनके पिता डॉ उदय कुमार बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 में बर्न और प्लास्टिक सर्जरी के विभागाध्यक्ष तथा माता प्रेरणा धाबर्डे कुशल ग्रृहिणी है।

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने के फैसले का प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने किया स्वागत

■ मुख्यमंत्री एवम फेडरेशन के प्रति जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◀ पाटन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण पर बड़ा फैसला लेते हुए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने का जो निर्णय लिया है उसका प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय संयोजक ललित कुमार बिजौरा ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवम छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रति आभार जताया है। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय संयोजक एवम छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सह- प्रवक्ता ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण का जैसे ही फरमान जारी किया गया पूरे प्रदेश भर के शिक्षकों में इस विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लेकर काफी आक्रोश व्याप्त था, तथा अलग अलग शैक्षिक संगठन अपने अपने स्तर पर विरोध करना शुरू किए एवम युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रद्द करने की मांग भी किये। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्वरित इसे संज्ञान में लेते हुए विगत 24 अगस्त को पूरे प्रदेश भर के शैक्षिक संगठनों की बैठक बुलाकर सभी को एकजुट करते हुए 27 अगस्त को प्रमुख सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग को प्रमुखता के साथ उठाया, फेडरेशन के दबाव के चलते 28 अगस्त को सचिव स्तरीय वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने एवम शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, छात्र हित, शिक्षक हित, समाज हित में उचित निर्णय लेने बिंदुवार अपनी बात प्रमुखता के साथ रखा तथा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाए जाने पर 16 सितंबर को प्रदेश व्यापी आंदोलन करने की चेतावनी दी। शासन स्तर पर शैक्षिक संगठनों की एकजुटता को देखते हुए एवम छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के दबाव के चलते आखिर शासन को 29 अगस्त को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाना पड़ा। शासन द्वारा युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने संबंधी फैसले का प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय संयोजक ललित कुमार बिजौरा, जैनेंद्र गंजीर, विनोद सिन्हा, अनेश्वर चंद्राकर, प्रवीण कुमार सिंग, राकेश सोनी, बद्री प्रसाद चंद्राकर, मिश्री लाल सोनवानी, वेदनारायण चंद्राकर, रूपेश साहू ने स्वागत किया है।

# दखली अभियान में तोड़े गये दुकानदारो के लिए बनेगा व्यवस्थित वेडिंग जोन

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में नगर निगम भिलाई में एमआईसी की बैठक आहूत की गई। जिसमे जनता के हितार्थ विभिन्न बिन्दुओ पर विचार विमर्श करके निर्णय लिया गया। समिति के समक्ष प्रमुख रूप से जलकार्य विभाग द्वारा श्रम विभाग द्वारा निर्धारित श्रमिक दर के आधार पर कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्राकल्लन विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। जिसमें 15 कुशल, 28 अर्द्धकुशल एवं 39 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु 152.25 लाख का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। चर्चा उपरांत समिति ने प्रशासनिक, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति तथा बजट आबंटन करते हुए सर्व सम्मति से अनुशंसा प्रदान की। जिससे नगर को पेयजल की पूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो सके। जोन क्रं 01 नेहरू नगर अंतर्गत शंकरा कालेज के समीप एवं वार्ड क्रं. 01 जुनवानी चैंक के पास वेडिंग जोन निर्माण करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसकी समिति ने प्रशंसा की समिति के सदस्यों ने स्थल पर वेडिंग जोन बनाने से पहले यह चिन्हित करने के लिए कहा कि वहां स्थानीय रूप से जिन विक्रेताओ द्वारा व्यापार किया जा रहा था, उन्हे ही व्यवस्थापित किया जावे। गौरतलब है, कि उपरोक्त स्थानो पर बेदखली की कार्यवाही की गई थी। उन्ही दुकान संचालको को वेडिंग जोन बनाकर व्यवस्थापित करने के लिए प्रस्ताव रखा गया था। समिति का सुझाव था कि जिन व्यापारियो को वहां से बेदखल किया गया है, उन्ही को ही दुकाने प्रदान किया जाये। नगर निगम भिलाई के जोन 01 द्वारा बेदखली के पूर्व सभी की सूची बना ली गई थी। सभी के फोटोग्राफ एवं वीडियो शुटिंग भी कराया गया है। सभी सदस्यो का मत था कि वेडिंग जोन व्यवस्थित होना चाहिए, सभी सुविधा युक्त होना चाहिए। स्थानीय व्यापार करने वालो के अतिरिक्त जगह बचती हो तो शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो का पालन करते हुए अन्य लोगो को आबंटन किया जावे। सभी सुविधा युक्त मानचित्र बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा।

**सड़क पर फेंका मेडिकल एक्सपेरि वेस्ट, ऋषभ मेडिकल सेल को देना पड़ा 2 हज़ार का जुर्माना**

# घर और दुकान के बाहर कचरा डालने वाले सावधान, गंदगी फैलाने पर भरना होगा भारी जुर्माना: आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com







नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्था लागू कर दी गई है। आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में परमेश्वर कुमार,महेंद्र धर्मकार एवं स्वास्थ्य विभाग अमले के साथ शनिवार को महिला समृद्धि कॉम्प्लेक्स में ऋषभ सेल दवाई दुकान के द्वारा खुले में एक्सपेरि मेडिकल वेस्ट फेका गया, कार्रवाही के दौरान मेडिकल संचालक से 2000 रुपये जुर्माना कार्रवाही कर भविष्य के लिए चेतावनी दी गई. नगर निगम क्षेत्र रहवासियों एवं दुकानदारो द्वारा अगर अपने घर और दुकान के बाहर कचरा फेंका तो उन्हें भारी भरकम जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके तहत सफाई के नियम तोड़ने पर 100 रुपए से 5 हजार रुपए प्रतिदिन का जुर्माना भरना पड़ेगा.निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता को प्राथमिकता देना हमारी जिम्मेदारी है. बाजारों में लोग सफाई करने के बाद कचरा डाल देते हैं, जो गलत है. समझाइश के बाद भी लोग इसको लेकर गंभीर नहीं है.ऐसे में जुर्माने का प्रावधान किया गया है. इस व्यवस्था पर निरन्तर स्वास्थ्य अमले द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। बता दे कि कचरा फेंकने पर जुर्माना वहीं रहवासी क्षेत्र के घर के बाहर अगर कचरा पड़ा रहता है तो यह माना जाएगा कि कचरा घर मालिक ने डाला है. शुरुआती दौर में समझाइश का भी प्रयास किया जाएगा. अंतत जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि रहवासी क्षेत्र में लोगों के घरों से कचरा एकत्र करने के लिए सुबह गाड़ियां लगाई हैं. ज्यादातर लोग इसका उपयोग भी कर रहे हैं लेकिन कुछ लोग अभी भी वहां कचरा नहीं डाल कर सड़कों पर कचरा फेंक देते हैं. ऐसे में जुर्माना लगाना बहुत आवश्यक है।

# शहर के अलग-अलग स्थानों पर सड़क पर खड़ी वाहनों से वसूला अर्थदंड

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



सड़क किनारे बस एवं कंडम गाड़ी खड़ी करने वाले हो जाये सावधान,नगर निगम रख रही है नजर,गाड़ी खड़ी देखे जाने पर जुर्माना की कार्रवाही के लिए रहे तैयार नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश एवं यातायात पुलिस अधिकारी सतीश ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर निगम अतिक्रमण अमले एवं यातायात पुलिस द्वारा सडक में बाधा उत्पन्न करने वाले बसो पर की गई कार्यवाही कर जुर्माना की राशि वसूली की गई।साथ ही साथ निगम 8 बस मालिकों पर की गई जुर्माना की कार्यावाही !बता दे कि कार्रवाही शहर के मुख्य मार्ग मालवीय नगर चौक, राजेन्द्र पार्क, गंजपारा उतई तिहारा, जेल रोड में सडक किनारे खडी बस मालिको पर कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड वसूल किया गया और साथ ही बस मालिकों को समझाईस के साथ चेता वनी दी गई की इस प्रकार सडक किनारे अपने वाहन खडा न करे.सड़क किनारे वहां खड़ी कराने से किसी प्रकार की कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है.इस प्रकार की कार्यवाही आगे निरंतर जारी रहेगी।

## संपादकीय

### हरियाणा चुनाव कांटे की टक्कर

**हरियाणा विधानसभा चुनाव** में कांटे की टक्कर है। विधानसभा चुनाव घोषित होने के बाद से राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में वे जटिलताओं उभर रही हैं जो व्यापक सामाजिक विभाजन को अभिव्यक्त करती हैं। इसके केन्द्र में ग्रामीण-शहरी विभाजन तथा 'जाट-गैर जाट' परिघटना है। ये दोनों चुनाव परिणाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने भारतीय निर्वाचन आयोग-ईसीआई से मतदान की तारीखें बदलने का अनुरोध किया जिससे पहले से ही गरम माहौल में और गरमी पैदा हो गई है। हरियाणा का राजनीतिक ढांचा ग्रामीण-शहरी विभाजन से अत्यधिक प्रभावित है जो राज्य में सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों को अभिव्यक्त करता है। शहरी क्षेत्र, खासकर गुरुग्राम, फरीदाबाद और रोहतक जैसे केन्द्र परंपरागत रूप से भाजपा का मजबूत गढ़ रहे हैं। उच्च प्रवासी जनसंख्या वाले ये शहर भाजपा के लिए मजबूत 'वोटबैंक' का काम करते हैं। लेकिन आगामी चुनाव मतदान की तिथियों के कारण जटिल हो गए हैं। 1 अक्टूबर की तिथि ऐसे समय आती है जब सप्ताहांतों तथा सार्वजनिक छुट्टियों के कारण इसे 6 दिन की छुट्टियों में बदला जा सकता है। भाजपा को भय है कि शहरी मतदाता, खासकर एनसीआर में रहने वाले लोग यात्रा के लिए विस्तारित छुट्टी का लाभ उठा सकते हैं। इससे उन क्षेत्रों में संभावित मतदाता प्रतिशत घट सकता है जहां पार्टी की पकड़ मजबूत है। ऐतिहासिक रूप से हरियाणा में ग्रामीण मतदान प्रतिशत शहरी मतदान की तुलना में अधिक होता है, इसलिए यदि शहरी मतदाता कम संख्या में आएं तो इससे भाजपा की संभावनायें प्रभावित हो सकती हैं।

आगामी चुनाव में एक और महत्वपूर्ण तत्व जाट बनाम गैर-जाट विभाजन है। हरियाणा में जाट प्रभुत्वशाली समुदाय है और वे परंपरागत रूप से, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस के साथ जुड़े रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा को गैर-जाट समुदायों व खासकर शहरों में रहने वाले इन लोगों में समर्थन प्राप्त रहा है। यह विभाजन 2024 के आम चुनाव में स्पष्ट रूप से सामने आया, जब भाजपा ने गैर-जाट प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में सभी पांच सीटों पर विजय पाई। ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा का समर्थन आधार, खासकर जाटों में घटा है जो अपने विरोध प्रदर्शनों पर केन्द्र सरकार की प्रतिक्रिया से निराश है। कांग्रेस इस निराशा का लाभ उठाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जाट-दलित-मुस्लिम गठबंधन बनाने का प्रयास कर रही है जो भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकता है। भाजपा द्वारा मतदान तिथि बदलने की प्रार्थना पर विवाद है। भाजपा का तर्क है कि शहरों में लंबे सप्ताहान्त से मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार हालिया लोकसभा चुनाव में मतदान तिथियों के छुट्टियों से जुड़ने के कारण मतदान प्रतिशत प्रभावित हुआ था। लेकिन कांग्रेस इसे भाजपा की घबराहट बता रही है। हालांकि, मतदान तिथि में परिवर्तन का निर्णय निर्वाचन आयोग करेगा, पर भाजपा अपने दस साल के शासन के बाद संभावित 'सत्ता-विरोधी लहर' का मुकाबला करने की तैयारी कर रही है। भाजपा ने कुछ महीने पहले अपना मुख्यमंत्री बदल कर जनाधार मजबूत करने का प्रयास किया है तथा लगभग दो कार्यकाल शासन करने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में सम्मानपूर्ण स्थान दिया है। दूसरी ओर तमाम प्रयासों के बावजूद कांग्रेस में गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है और उसके कई नेता स्वयं को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने के लिए आलाकमान पर दबाव डाल रहे हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांटे की टक्कर होना लगभग निश्चित है।

# व्यावहारिक सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन

मोदी सरकार की रणनीति 'व्यावहारिक सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन' है। इसे देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों व बीमा कंपनियों के निजीकरण की संभावना बहुत कम है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**मोदी** सरकार की केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू की विनिवेश नीति की घोषणा करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2021-22 के बजट में दो सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी और एक बीमा कंपनी के निजीकरण की बात कही थी। सीपीएसयू का अर्थ ऐसा उद्यम है जिसमें केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक हो। विनिवेश का अर्थ इसके शेयरों की बिक्री निजी निवेशकों को करना है। जब ऐसी बिक्री के परिणामस्वरूप सरकारी हिस्सेदारी सीपीएसयू में 50 प्रतिशत से नीचे चली जाए तथा इसके साथ ही इसका स्वामित्व व प्रबंधन निजी क्षेत्र को दे दिया जाए तो इसे निजीकरण कहते हैं। अब तक विनिवेश योजनाओं के परिणाम निराशाजनक रहे हैं। 2021-22 के दौरान 175,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विपरीत इससे केवल 15,440 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

2022-23 में 65,000 करोड़ लक्ष्य के विपरीत वास्तव में केवल 31,059 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। 2023-24 में वास्तव में केवल 14,564 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जबकि 30,000 करोड़ का लक्ष्य भी 51,000 करोड़ रुपये के बजट अनुमान-बीई से घटा दिया गया था। जहां तक निजीकरण का सवाल है, 2021-22 में टाटा समूह को एयर इंडिया की बिक्री के अलावा सरकार के पास दिखाने को और कुछ नहीं है। जीवन बीमा निगम-एलआईसी में अपने शेयर 3.5 प्रतिशत घटाने के साथ ही सरकार इसमें अपना हिस्सा आईडीबीआई बैंक को बेच रही है। इस बिक्री की प्रक्रिया मई, 2021 में शुरू हुई थी जिसके वर्तमान वित्त वर्ष में पूरी होने की आशा है। लेकिन इसे निजीकरण नहीं कहा जा सकता है क्योंकि बैंक 'प्राइवेट लेंडर' के रूप में काम कर रहा था, जबकि सरकार इसके बुरे कर्जों से निपटने के लिए पूंजी लगाने के कारण एक निष्क्रिय शेयरधारक बनी हुई थी। वर्तमान समय में सरकार और एलआईसी सामूहिक रूप से आईडीबीआई के 94.72 प्रतिशत के स्वामी हैं। इनकी शेयरधारिता क्रमश: 45.48 प्रतिशत व 49.24 प्रतिशत है, जबकि बाकी 5.28 प्रतिशत जनता के शेयर हैं। इसमें से केन्द्र 60.7 प्रतिशत हिस्सा बेचने की योजना बना रही है जिसमें उसके 30.6 प्रतिशत तथा एलआईसी के 30.2 प्रतिशत शेयर शामिल हैं।

ऐसे में सवाल है कि क्या केन्द्र सरकार पीएसबी व बीमा कंपनी के शेयर बेचेगी जिसका वादा 2021-22 के बजट में किया गया था? इसकी संभावना नहीं है। क्योंकि यदि ऐसा होता तो सरकार 2024-25 के बजट में 'विनिवेश से प्राप्तियां' का लक्ष्य रखती। लेकिन वित्त मंत्री ने ऐसा करने के बजाय 'अतिरिक्त पूंजी प्राप्तियां' मद में 50,000 करोड़ रुपये प्राप्ति का प्राविधान रखा है। ऐसा एक दशक में पहली बार हुआ है। दूसरा, मोदी सरकार सीपीएसयू की बिक्री की अपनी रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'व्यावहारिक सार्वजनिक संपदा प्रबंधन'-पीडब्लूएम कह रही है। इस प्रकार वह मुनाफा न कमाने वाले उद्यमों की सहायता कर यह सुनिश्चित कर रही है कि राज्य स्वामित्व वाले फर्मों की रणनीतिक क्षेत्रों में स्थिति मजबूत हो। बैंकिंग, बीमा और वित्तीय सेवायें-बीआईएफएस चार रणनीतिक क्षेत्रों में से एक हैं जिनका उल्लेख निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में किया है। बीआईएफएस मुनाफा न कमाने वाले उद्यमों की श्रेणी में आते हैं। ऐसा खासकर इसलिए कि पीएसबी से सामाजिक लक्ष्यों की पूर्ति में योगदान की आशा की जाती है। इसमें सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों में बैंकिंग सेवायें पहुंचाना, छोटे एवं सीमान्त किसानों तथा समाज के अन्य वंचित व संकटग्रस्त तबकों को रियायती दर पर कर्ज उपलब्ध कराना तथा कुछ क्षेत्रों में ढांचागत संरचनाओं के विकास में निवेश करना शामिल हैं। इनमें ग्रामीण सड़कें, गरीबों के लिए आवास, आदि शामिल हैं जिनमें निजी क्षेत्र दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। मोदी सरकार की प्रतिबद्धता रणनीतिक क्षेत्रों में राज्य स्वामित्व वाली फर्मों की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। मुनाफा न कमाने वाली फर्मों की सहायता से स्पष्ट संकेत मिलता है कि सरकार की दिलचस्पी अब पीएसबी व बीमा कंपनियों के निजीकरण में समाप्त हो गई है। तीसरा, पहले दो कार्यकाल में जहां भाजपा का अपने दम पर लोकसभा में पूर्ण बहुमत था, तीसरे कार्यकाल में वह अपने प्रमुख सहयोगियों टीडीपी व जदयू पर निजीकरण जैसे दूरगामी निर्णय लेने के लिए निर्भर है। इसके साथ ही वर्तमान राजनीतिक परिवेश में जहां निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों की 'लैटरल इंट्री' जैसे मामूली कदम का भी विपक्ष द्वारा विरोध किया जाता है और सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़ते हैं, ऐसे में वह पीएसबी के निजीकरण जैसे बड़े कदम उठाने की इच्छुक नहीं है। लैटरल इंट्री का एकमात्र उद्देश्य समकालीन परिवर्तनों की संगति में ज्यादा प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करना था।

लगभग एक दशक पहले अनेक पीएसबी नष्ट होने के कगार पर थे। वर्तमान अवस्थापना ने उनको संकट से बाहर निकालने के अनेक प्रयास किए हैं। इनमें पूंजी डालने, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए से निपटने के लिए इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी बनाना, क्षमता बढ़ाने तथा विस्तार करने हेतु बैंकों का विलय कर थोड़े और मजबूत बैंक तैयार करना, बैंक शाखाओं का कंप्यूटरीकरण, आदि शामिल हैं। आज बैंक जीवन्त और स्वस्थ हैं तथा उनमें से कुछ का प्रदर्शन निजी बैंकों से भी बेहतर हो गया है। यह स्थिति बहुत अच्छी है, लेकिन हमें व्यापक तस्वीर पर भी नजर रखनी होगी। मूल रूप से पीएसबी समेत अन्य सीपीएसयू के कामकाज से जुड़ी बीमारियों का संबंध सरकार के नियंत्रण और उनमें उसकी सहभागिता 50 प्रतिशत से अधिक होना है। इसके कारण अनेक प्रकार के नियंत्रण, निगरानी और सतर्कता संबंधी उपाय किए जाते हैं जिनका प्रभाव उनके प्रबंधन पर पड़ता है। इसके साथ ही राजनीतिक अवस्थापना बोर्डों के स्तर पर सभी नियुक्तियां करती है जिनमें सीएमडी-एमडी आदि शामिल हैं। इसके साथ ही वह बैंकों के बोर्डों में नौकरशाहों को तैनात करती है जो उसके व्यापक स्वामित्व का प्रदर्शन करते हैं। इस प्रकार नीतिगत निर्णय लेने तथा दिन-प्रतिदिन के प्रबंधन में पूरा बोर्ड सरकार के सुर में सुर मिलाता है। अतीत में पीएसबी के मामलों में हस्तक्षेप के कारण 'दरबारी पूंजीवाद' की संस्कृति विकसित हुई थी। इस कारण सत्तारूढ़ वर्ग को संरक्षण देने वाले बिजनेसमैन ऐसे कर्ज प्राप्त करने में सफल होते थे जो उचित न हों तथा उनकी लगातार 'एवर ग्रीनिंग' होती रहे। इन स्थितियों में बैंक भी कर्ज भुगतान के लिए जोर नहीं देते थे और न बकायेदारों को अपने खिलाफ कार्रवाई का कोई भय था। अतीत में राजनेता लोकरंजक योजनाओं के विफल होने पर नुकसान और दायित्वों का बोझ पीएसबी पर डाल देते थे। इनमें किसानों को मुफ्त या सस्ती बिजली देना, बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम को बेलआउट पैकेज देना तथा किसानों को कर्ज माफी जैसी सुविधायें देना शामिल था। इनके कारण पीएसबी को भारी घाटा उठाना पड़ता था।

पीएसबी विनिवेश के विचार को केवल नौकरशाही हस्तक्षेप घटाने की आवश्यकता की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। यह कामकाज में बेहतरी लाने तथा प्रबंधन को तेजी से निर्णय लेने की स्वायत्तता के लिए भी जरूरी है। पहले यह विचार प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राजग ने लिया था। उस समय पीएसबी में सरकार की हिस्सेदारी घटा कर 50 प्रतिशत से नीचे लाने और अंततः 33 प्रतिशत करने का विचार था। 2015 में पी. नायक की अध्यक्षता में गठित आरबीआई की एक कमेटी ने एक बैंक विनिवेश कंपनी-बीआईसी बनाने का सुझाव दिया था जिसमें सभी पीएसबी में सरकारी शेयर समाहित किए जाते और इससे सभी पीएसयू में शेयरधारिता 50 प्रतिशत से कम की जाती। इसने सर्वोच्च प्रबंधन में अधिकारियों के चयन के लिए स्वायत्त बैंक बोर्ड ब्यूरो-बीबीबी के गठन का सुझाव भी दिया था। इस दृष्टिकोण से 2021-22 के बजट में दो पीएसबी के निजीकरण की घोषणा विलंब के बावजूद स्वागत योग्य थी। इसे ठंडे बस्ते में डालना दीर्घकालीन रूप से सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।

# पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा के निहितार्थ

> प्रधानमंत्री मोदी ने अभिनव समाधान विकसित करने के लिए सभी हितधारकों के बीच ईमानदार और व्यावहारिक जुड़ाव की आवश्यकता को दोहराया।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**प्र**धानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले सप्ताह यूक्रेन यात्रा भू-राजनीतिक परिदृश्य पर घटनाओं के एक दिलचस्प मोड़ पर हुई। यूक्रेन के स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र के रूप में पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत की नई विदेश नीति के दृष्टिकोण के बारे में कई तरह की व्याख्याएं करती है। समय महत्वपूर्ण था क्योंकि यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी की मास्को की राजकीय यात्रा के बमुश्किल छह सप्ताह बाद हुई थी। रूस यात्रा की भारत के रणनीतिक सहयोगी अमेरिका ने व्यापक रूप से आलोचना की थी, मुख्य रूप से समय के कारण।

जब प्रधानमंत्री मोदी मास्को में थे, तब नाटो नेता वाशिंगटन में यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए थे। इस बीच, रूस ने यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बमबारी की, जिससे नागरिकों और बच्चों की जान चली गई। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत के प्रधानमंत्री की पहली रूस यात्रा की निंदा की थी और अमेरिकी विदेश विभाग ने भी यात्रा के बारे में कड़े बयान जारी किए थे। भारतीय प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन संकट का राजनीतिक समाधान खोजने के लिए जून में आयोजित शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने से भी परहेज किया था।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा, जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वाशिंगटन डीसी में थे, युद्ध के समय भारत की बेहतरीन संतुलन वाली कूटनीति के बारे में एक बयान था। राष्ट्रपति बिडेन ने यूक्रेन की अपनी यात्रा के तुरंत बाद भारतीय प्रधानमंत्री को मौजूदा स्थिति से अवगत कराने के लिए फोन किया। व्हाइट हाउस से जारी रीडआउट में लिखा है, राष्ट्रपति जोसेफ आर. बिडेन जूनियर ने आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पोलैंड और यूक्रेन की प्रधानमंत्री की हालिया यात्रा के साथ-साथ सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों पर चर्चा की। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की पोलैंड और यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्राओं, दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा, और यूक्रेन के लिए शांति और चल रहे मानवीय समर्थन के संदेश के लिए उनकी सराहना की, जिसमें उसका ऊर्जा क्षेत्र भी शामिल है। नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय कानून द्वारा संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने निरंतर समर्थन की पुष्टि की। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में चल रहे संकट के बारे में भी राष्ट्रपति बिडेन से बात की और अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की, जिसे टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारतीय बयान में उजागर किया गया।



व्हाइट हाउस के बयान में बांग्लादेश की स्थिति को नकारने से दिल्ली के गलियारों में कुछ हलचल जरूर हुई। भारत अब अपनी खुद की यूरोप नीति बनाने की कोशिश कर रहा है, जो रूस को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई है।

स्वतंत्रता के बाद कई दशकों तक, शीत युद्ध के दौर में, ब्लॉक दृष्टिकोण ने भारत की विदेश नीति को निर्देशित किया, खासकर जहां रूस शामिल था। रूस भारत का पुराना सहयोगी रहा है और रक्षा उपकरणों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है।

रूस से जुड़े संवेदनशील विषयों पर चुप्पी बनाए रखना भारत का लंबे समय से दृष्टिकोण रहा है, लेकिन पिछले कुछ सालों में चीजें बदलने लगी हैं। शीर्ष नीति निर्माताओं के बीच एक स्वतंत्र जरूरत-आधारित विदेश नीति होने की भावना बढ़ रही है। पीएम मोदी ने जी20 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर युद्ध का समय नहीं की अवधारणा शुरू की, जिसे यूक्रेन और रूस के बारे में चिंताओं को मुखर करने पर वैश्विक प्रतिध्वनि मिलनी शुरू हुई। उन्होंने अपनी मॉस्को यात्रा के दौरान रूस को अपने स्पष्ट संदेश के साथ इस कथानक को आगे बढ़ाया कि युद्ध के मैदान में स्थायी समाधान नहीं खोजा जा सकता है।

राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ पीएम मोदी की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया, भारतीय पक्ष ने अपनी सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान पर ध्यान केंद्रित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अभिनव समाधान विकसित करने के लिए सभी हितधारकों के बीच ईमानदार और व्यावहारिक जुड़ाव की आवश्यकता को दोहराया, जिसकी व्यापक स्वीकार्यता होगी और शांति की शीघ्र बहाली में योगदान होगा। वैश्विक नेताओं, विशेष रूप से अमेरिका और रूस के लिए संदेश जो कि हाल ही में पीएम मोदी की यात्रा पर प्रकाश डाला गया था, वह यह था कि भारत अपने लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम खोजने के लिए किसी भी देश के साथ जुड़ने को तैयार है, भले ही वे विपरीत खेमे में हों।

## आप की बात

### रिलायंस का उपहार

**रिलायंस** परिवार में अनंत-राधिका शादी की धूम की पूरे देश में बहुत चर्चा रही। उसके बाद अचानक जियो के टेरिफ रेट में वृद्धि से उसके ग्राहक थोड़े नाराज हुए और सोशल मीडिया पर नाराजगी भी उन्होंने खूब जताई। लेकिन इसके बाद रिलायंस ने अपने ग्राहकों और शेयरधारकों को उपहार दे दिया। रिलायंस की वार्षिक साधारण सभा में कंपनी के चैयरमैन मुकेश अम्बानी ने शायद सबकी नाराजगी दूर करते हुए जियो मेंबर के लिए 100 जीबी का क्लाउड डाटा फ्री देने की घोषणा के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर होल्डर्स को भी 1 रुपये पर 1 रुपये के अनुपात में बेटे की शादी का तोहफा बोनस के रूप में देने की घोषणा भी अलग से कर दी। इस तरह मुकेश अम्बानी ने जियो मेम्बर्स के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों को भी शादी की खुशी का इजहार करते हुए कुछ भेंट कर और थोड़ा खुश कर अपनी खुशी में शामिल कर ही लिया। इस हेतु रिलायंस-जियो के सदस्यों को बधाई और कंपनी को साधुवाद। यह लगातार अडानी-अंबानी को गाली देने वाले राजनेताओं के लिए भी सबक होना चाहिए। जहां अंबानी ने अपनी समृद्धि का साझा किया है, वहीं हिंडेनबर्ग और उनके राजनीतिक मुहरों के लगातार हमलों के बावजूद अपनी पुरानी स्थिति प्राप्त कर ली है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### बदहाल बंगाल

**बंगाल** में हुई बलात्कार की वीभत्स घटना को लेकर राष्ट्रपति मर्मू ने कहा कि वे निराश और भयभीत हैं। उन्होंने देश की जनता की भावना को प्रकट किया है। इस घटना के विरोध में बड़े पैमाने पर बंगाल में आक्रोश व गुस्सा व्यक्त किया जा रहा है। जिसे दबाने के लिए सरकार ने भी प्रशासन को खुली छूट दे रखी है। लेकिन अफवाहों के बावजूद बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना समस्या का समाधान नहीं है। राज्य सरकार को उसकी मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त व सक्रिय बनाए रखने के लिए मजबूर करना होगा। लगता है कि पश्चिम बंगाल में पूरी सत्ता मानो पुलिस के हाथ में ही है और जनता तथा पीड़ितों के किसी भी प्रकार के विरोध को दबाने के लिए असामाजिक तत्व इकट्ठा हो जाते हैं। इन तत्वों को पुलिस और पुलिस को सरकार की शह प्राप्त है। इससे स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है तथा ममता बनर्जी की लोकप्रियता प्रभावित हो सकती है। लेकिन विडंबना है कि जहां पूरे देश के डाक्टर काम पर आ गए हैं, वहीं बंगाल में डाक्टरों की हड़ताल जारी है। डाक्टरों को तुरंत काम पर आना चाहिए क्योंकि स्थितियां बिगड़ने में आम मरीजों का कोई कसूर नहीं है जिनको हड़ताल का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### डिजिटल लत

**डिजिटल लत** के इस युग में कोई भी उस अतीत को याद करेगा जहां उसे किताबों, पत्रिकाओं, साहित्य, आउटडोर गेम्स, पारंपरिक खेलों आदि तक निर्बाध पहुंच थी लेकिन शायद ही कभी वह इनसे ऊबता था। खाली समय के दौरान किसी के पास ड्राइंग, पेंटिंग, अपनी रुचि के अनुसार आउटडोर गेम खेलना आदि शौक पूरे करने के लिए पर्याप्त समय और ऊर्जा होती थी। लेकिन अब वीडियो बदलने या तेज़ी से स्क्रॉल करने की आदत ने हमारी वह खुशी, संतुष्टि और प्रसन्नता छीन ली है। अब सामग्री और आसानी से उपलब्ध होने से जीवन और अधिक उबाऊ हो गया है। डिजिटल सामग्री का व्यावसायीकरण हो गया है और तकनीकी कंपनियां तेजी से पैसा कमाने वाली कंपनी बन रही हैं। इस प्रक्रिया में, संदिग्ध, नकली और लघु वीडियो ने युवाओं के उत्पादक दिमाग को प्रदूषित कर दिया है। डिजिटल सामग्री के प्रति इस लत ने बच्चों और युवाओं की रचनात्मक और आलोचनात्मक क्षमता को छीन कर उनको कुछ लोगों द्वारा पेश आधी-अधूरी, विकृत व एकांगी सूचना विस्फोट का केवल ग्राहक बना कर छोड़ दिया है। इस प्रवृत्ति से मुक्ति पाना तथा अपनी प्रकृति प्रदत्त क्षमताओं का विकास आज सर्वाधिक आवश्यक हो गया है।

– **विजय सिंह**, नैनीताल

### न्याय बनाम राजनीति

**कोलकाता** में 31 वर्षीय डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल हमें शर्मिंदा करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर हमें अभी बहुत कुछ करना बाकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की एक श्रृंखला का हिस्सा बताया है। उन्होंने समाज से ईमानदार आत्ममंथन की अपील की है ताकि हम अपनी गलतियों को पहचान सकें और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। दुर्भाग्यवश इस गंभीर मामले पर भी न्याय के बजाय राजनीति हावी हो गई है। भाजपा और टीएमसी के बीच राजनीतिक संघर्ष ने इस घटना को सिर्फ एक और चुनावी मुद्दा बना दिया है। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि इस घटना को राजनीतिक हथकंडे के बजाय समाज में बदलाव का माध्यम बनाया जाए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति महिला- सुरक्षा हेतु नियम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है।

– **मनोज सिंह नेगी,** ढेंकनाल

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : मंत्री लखनलाल देवांगन

## प्रभारी मंत्री देवांगन ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत व्यवस्था को दुरूस्थ करते हुए कबीरधाम जिले में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री और कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केंद्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उद्यानिकी विभाग, राशन कार्ड की नवनीकरण कार्यो सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर जनमेजय महोबे ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्यवन और योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कबीरधाम जिले में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। जनप्रतिनिधि और अधिकारी जिले के विकास के लिए अच्छा कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर हो और इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। सभी को उत्साह के साथ टीम भावना से कार्य करते हुए सभी क्षेत्रों में कबीरधाम जिले की पहचान बनाना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत



कराया है। सभी अधिकारी इन समस्याओं को संज्ञान में लेकर प्राथमिकता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि जिले में विद्युत आपूर्ति के संबंध में अधिक शिकायत मिली है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत व्यवस्था को दुरूस्थ करते हुए 24 घंटे आपूर्ति करने के निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रतिनिधि, पंडरिया विधायक भावना बोहरा की प्रतिनिधि सहित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, पूर्व विधायक अशोक साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, रूपेश जैन, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सहित सर्व जनपद अध्यक्ष, सर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि पेयजल, सड़क, विद्युत, स्वास्थ्य, राशन मूलभूत आवश्यकता में शामिल है। यह सभी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी को निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी फिल्ड में जाकर दौरा करें और वास्तविक वस्तु स्थिति की जानकारी लें। जिससे वहां की कमियों को पहचान कर पूरा किया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने और प्रगति लाने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत जानकारी लेते हुए कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य नल के माध्यम से हर घर जल पहुंचाना है। इस योजना का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर पूर्ण गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के भीतर होना चाहिए। उन्होंने जिले में खेती किसानी के संबंध में वर्षा और खाद उपलब्धता की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के विभिन्नि विभाग में संचालित योजनाओं के प्रगति के संबंध में विभागवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 2 लाख 83 हजार 704 राशन कार्ड प्रचलित है। जनवरी 2024 से अब तक 5 हजार 829 नवीन राशन कार्ड बनाया गया है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 1 लाख 29 हजार 613 कनेक्शन जारी किया गया है। जिले में 108 धान उर्पाजन केन्द्रों में माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। जिले के 43 हजार 419 किसानों को वर्ष 2014-15 के तहत 57 करोड़ 92 लाख 28 हजार रूपए और 42 हजार 944 किसानों को वर्ष 2015-16 के तहत 61 करोड़ 30 लाख 79 हजार रूपए बोनस राशि का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाअंतर्गत 69 करोड़ 89 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। इस दौरान कलेक्टर महोबे ने केंद्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल प्रधानमंत्री जनमन योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उद्यानिकी विभाग,मुख्यमंत्री सड़क, प्रधानमंत्री सड़क, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीएचई, पीडब्लूडी, जल संसाधन विभाग, समाज कल्याण, जिला व्यवपार एवं उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यो के क्रियान्वयन और उसके प्रगति की जानकारी दी।

# शासकीय योजना अन्तर्गत न्यौता भोज का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

बाजार चौक स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक, पूर्व माध्यमिक तथा प्राथमिक विद्यालय में संयुक्त रूप से शासकीय योजना अन्तर्गत न्यौता भोज कराया गया । इस वृहद कार्यक्रम में समस्त छात्र छात्राओं एवं पालकों ने सम्मिलित होकर इस अवसर का आनन्द लिया । पौष्टिक अंकुरित भोजन में चना मूंगफल्ली और मूंग का राधेश्याम सिन्हा और फल केला वितरण विवेक वर्मा के सौजन्य से किया गया । गिरीश सोनी, इमरान रिज़्वी और दीपक बैस द्वारा एक एक पंखा विद्यालय के लिए प्रदान किया गया, जिसका विद्यालय परिवार ने संयुक्त आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि शासकीय कन्या हाई स्कूल कुम्हारी गिरीश सोनी, मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, सांसद प्रतिनिधि सेजस कुम्हारी सुजीत यादव, अश्वनी देशलहरे, प्रणव श्रीवास्तव, दीपक बैस, मनहरण साहू, शाला परिवार से प्रभारी प्राचार्या असिमा मंडी, संकुल समन्वयक अजय सिंह राजपूत, व्याख्याता आशा सोन पिपरे, व्याख्याता प्रीति ध्रुव, मीनल देशमुख, माध्यमिक कन्या स्कूल प्रधान पाठक पी.एम चंद्राकर, व्याख्याता वर्मा जी, व्याख्याता आशा कश्यप, माध्यमिक बालक विद्यालय से प्रधान पाठक खान जी, भोला यादव उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक अश्विनी देशलहरे ने किया ।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल मे 285 छात्र-छात्राओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने वाले दिल्ली पब्लिक स्कूल में एक और सराहनीय पहल करते हुए 31 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 12 वीं तक के 285 छात्र-छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला के चिरायु टीम के डॉ. सुरेन्द्र चंद्रवंशी, डॉ. मुकेश खुंटे, डॉ. हर्षा धुर्वे व उनकी टीम के मार्गदर्शन में सफल स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। स्वास्थ्य शिविर मे बच्चों का वजन से लेकर खुन जांच, नाक, कान व गला से संबंधित जांच कर आवश्यक सुझाव दिया गया। साथ ही निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराया। शिविर में स्कूल के संचालक व प्राचार्य एन राजेश कुमार के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# एस पी कोशले ने डीईओ कार्यालय में सहायक संचालक का पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा कार्यालय में एस पी कोशले ने सहायक संचालक बेमेतरा के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके पहले एस पी कोशले बेरला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अछोली में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के एक पत्र तथा कलेक्टर रणबीर शर्मा के अनुमोदन के पश्चात सहायक संचालक के पद पर इनकी नियुक्ति की गई है। इसी के तहत आज एस पी कोशले ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाकर सहायक संचालक का पदभार ग्रहण कर लिया है। डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने इस अवसर पर कहा कि एस पी कोशले की गिनती पूरे जिले में एक अच्छे प्राचार्य के रूप में की जाती है। जिनमें प्रशासनिक क्षमता के साथ-साथ भरपूर शैक्षणिक दक्षता भी है। इसका लाभ निश्चित रूप से हमारे जिले के स्कूलों को और बच्चों को मिलेगा। कार्यभार ग्रहण करने के इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, सेजेस कुसमी के प्राचार्य एस एस ठाकुर, प्राचार्य कंडरका राजेंद्र झा, नव नियुक्त एपीसी द्वय भूपेंद्र साहू और धनंजय शर्मा, डाइट बेमेतरा के व्याख्याता राजकुमार वर्मा, गोंडगिरी के प्राचार्य शिवनारायण वर्मा, सरदा के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण गायकवाड, लेंजवारा के प्राचार्य जीवधन लाल देवांगन, सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा के व्याख्याता प्रमोद कुमार ठाकुर, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा से व्याख्याता मनोज बक्शी, सेजेस कुसमी से व्याख्याता डॉ कल्याण दास सहित जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के सभी स्टाफ उपस्थित थे।

# शासकीय कन्या हाई स्कूल कुम्हारी में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजनान्तर्गत किया गया साइकिल वितरण



पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

शासकीय कन्या हाई स्कूल में छ.ग. सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को 53 साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गिरीश सोनी ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रभारी प्राचार्या ने सांसद प्रतिनिधि और मंडल अध्यक्ष के समक्ष विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया, मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने शीघ्र ही निराकरण कराए जाने की बात पर अपनी पूर्ण सहमति जताई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि शासकीय कन्या हाई स्कूल कुम्हारी गिरीश सोनी, मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, सांसद प्रतिनिधि सेजस कुम्हारी सुजीत यादव, अश्वनी देशलहरे, प्रणव श्रीवास्तव, फिंगू साहू, दीपक बैस, मनहरण साहू, शाला परिवार से प्रभारी प्राचार्या असिमा मंडी, संकुल समन्वयक अजय सिंह राजपूत, व्याख्याता आशा सोन पिपरे, व्याख्याता प्रीति ध्रुव, मीनल देशमुख, माध्यमिक कन्या स्कूल प्रधान पाठक पी.एम चंद्राकर, व्याख्याता वर्मा, व्याख्याता आशा कश्यप, माध्यमिक बालक विद्यालय से प्रधान पाठक खान, भोला यादव उपस्थित थे।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सीबीएसई स्कूल डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता जो कि अपनी सीबीएसई उच्च स्तर के शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। विद्यालय में अनेकों प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय के लगभग 700 विद्यार्थियों से ऊपर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। संस्था के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने सभी विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस विद्यालय के क्लस्टर में विजयी खिलाडियों बीच मे कबड्डी प्रतियोगिता कराया जिसमे अंडर 17 व अंडर 14 के ग्रुप बी दयानंद टीम के विद्यार्थियों ने अंडर 17 व अंडर 14 के ग्रुप ए हंसराज टीम के विद्यार्थियों से 3 पॉइंट से रोमांचक मैच में जीत दर्ज किया। अभिभावकों ने खूब लुत्फ उठाया। बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंचे अतिथियों के



रूप में अभिभावकों ने हंसराज टीम के कप्तान पुष्पेंद्र व दयानंद हाउस के कप्तान सीताराम के बीच में सिक्का उछालकर कबड्डी को प्रारंभ कराया साथ ही अभिभावकों ने खिड़कियों से हाथ मिलाकर उत्साह वर्धन किए। इस प्रकार के खेल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन में जिसमें बच्चों ने अत्यंत हर्ष के साथ खेल का लुत्फ उठाए। संस्था के प्रचार्य पी एल जायसवाल ने जानकारी साझा किया कि भारत में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसे पहली बार 2012 में उत्सव के दिनों की सूची में शामिल किया गया था। इस दिन कई राज्यों में शारीरिक गतिविधियों और खेलों के महत्व को लेकर जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से कई खेल प्रतियोगिताएं और सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। इस दिन का उपयोग विभिन्न खेल योजनाओं को शुरू करने के लिए एक मंच के रूप में भी उपयोग किया जाता है। 2018 में इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी। साथ ही आज के दिन ही देश के प्रतिभाशाली एथलीट्स को कई तरह के खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इनमें राजीव गांधी खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार जैसे पुरस्कार शामिल हैं। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में इन एथलीट्स को सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर अभिभावकों में प्रमुख रूप से पिंटू शर्मा, मिश्री लाल यादव, दीपक मिश्रा, शिशुपाल, यशवंत साहू, घनश्याम सिन्हा, नरेश शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक ललित देवांगन, सुमित्रा पटेल, अखिलेश पटेल, निशु गुप्ता, आयुषी जैन, अनिल चनद्रावशी, गोविंद साहू, कैलाश सिंह, छोटू राम साहू, राजा तनतुवे, सरिता साहू, सविता साहू, मनीषा सोनी, रितिका साहू, रेणुका पटेल, उमेश साहू, विमल साहू, दीपिका वर्मा, देवीका जैन, नम्रता चुर्वेदी, अभिषेक दुबे, मधुस्मिता बेहरा, अनिल कुमार, ललित कुमार, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, रामेश्वरी, रूखमणी, नरेंश साहू सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भोजन में फल और हरी सब्जियों को जरूर शामिल करे : विधि शर्मा



## चिरायु की टीम ने ओआरएस बनाना बताया

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में बैगलेश डे को बच्चों को उल्लास ताली का अभ्यास कराया गया। साथ ही शपथ दिलाया गया। बच्चों के माध्यम से यह संदेश गांव में प्रेषित किया गया की सभी को उल्लास साक्षरता कार्यक्रम से जुड़ना हैं। अपने ग्राम को शत प्रतिशत साक्षर बनाना है। साथ ही शिक्षिका विधि शर्मा के द्वारा बरसात के मौसम में होने वाली विभिन्न प्रकार के बीमारी एवं उनके रोकथाम के उपाय भी बताया गया। हमेशा गर्म एवं ताजा भोजन खाने की सलाह दी गई। भोजन में फल एवं हरी सब्जियों को शामिल करने कहा गया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा के द्वारा चिरायु टीम की डॉक्टर को आमंत्रित किया गया। डॉ ज्योति वर्मा ने बच्चों को साफ सफाई से रहने की बात कही हाथ धोने का सही तरीका बताया तथा डायरिया होने के कारण, डायरिया के लक्षण एवं बचाव पर विस्तार से चर्चा की बच्चों को ओआरएस की जानकारी दी, एवं घर पर ओआरएस कैसे बना सकते है यह भी बताया गया। शाला परिवार की ओर से नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इसी तरह निरंतर सहयोग हेतू अनुरोध किया। सभी कार्यक्रम शाला की प्रधान पाठक आशा कुजूर की उपस्थिति में किया गया। जिसमें डीएलएड के छात्र अध्यापक रविन्द्र राजपूत, भोलेश्वर कौशिक, मनीष चंद्रवंशी, अरमान एवं शाला के सभी बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कुम्हारी में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव पर दही हांडी समिति रामनगर कुम्हारी के तत्वाधान में श्री राधा कृष्ण मंदिर श्री राम जानकी मंदिर वार्ड 07 रामनगर प्रांगण में मटकी फोड़ का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। नगर के विशेष आकर्षक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा, बजरंग दल के पूर्व कुम्हारी संयोजक प्रणव श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद नारायण सोनकर, भाजपा कार्यकर्ता मनहरण साहू, राजेश सिन्हा, दीपक बैस रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नगर के पुजारी द्वारा श्री राधा कृष्ण जी की पूजा अर्चना आरती की गई समिति द्वारा इसके पश्चात सभी अतिथियों का



स्वागत किया गया तत्पश्चात समिति के संरक्षक सुजीत यादव ने स्वागत भाषण दिया उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए इस कार्यक्रम को निरंतर करते रहने का विचार रखा उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी को हमारे सनातन संस्कृति को बनाए रखने की प्रेरणा निरन्तर प्रदान करता रहेगा। राजू निषाद ने श्रीकृष्ण भगवान की महिमा के बारे में प्रकाश डाला। नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम और सरलता के बारे में बताया उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सभी के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए मनोज वर्मा ने सभी नगर वासियों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई प्रेषित किया। मंच संचालन रघुनाथ देशमुख ने किया पहला मटका रात्रि 09:30 बजे फूटा दूसरा मटका 10:50 को और तीसरा दही वाला मटका रात्रि 11:36 को राजा साहू द्वारा फोड़ा गया। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष दामोदर साहू एवं सदस्य दीपक साहू, कबीर साहू, जितेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, बंटी साहू, कमल साहू, पूर्वेश यादव, गोलू साहू, अभय साहू, रामअवतार साहू, विशाल यादव, राजा धनकर, राजा साहू, नरेंद्र साहू के साथ समिति के सभी सदस्य एवं नगरवासियों ने उत्सव का आनंद उठाया।

# कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल जल जीवन मिशन के कार्यों की गहन समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन और पेयजल व्यवस्था के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की प्राथमिकता में शामिल हर घर पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाली जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर महोबे ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करें और फील्ड विजिट कर यह सुनिश्चित करें कि सभी परियोजनाएँ समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरी हों। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्य की जानकारी लेते हुए धीमी कार्य करने वाले 9 ठेकेदारों को नोटिश जारी करने के निर्देश दिए। वही कार्य प्रारंभ नही करने वाले एक ठेकेदार को दिए गए नोटिस का निर्धारित समय में जवाब नही मिलने पर ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 486 ग्रामों में 1 लाख 31 हजार 380 घरेलू नल कनेक्शनो में जल प्रदाय प्रारंभ किया जा चुका है और 174 गांवों का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर महोबे ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किए जाएं। उन्होंने जल आपूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही जल स्त्रोतों की कमी, तकनीकी दिक्कतें सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन के कार्यों में जिन कारणों से दिक्कत आ रही है, उसे दूर करते हुए कार्य करे।

# डाइट बेमेतरा में चल रही है सामाजिक विज्ञान का प्रशिक्षण, बेहतर समाज के निर्माण में सामाजिक विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है : घृतलहरे

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा। जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में 28 अगस्त से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण चल रहा है। डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो बेमेतरा और बेरला के 120 शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण चल रहा है। इस प्रशिक्षण के संबंध में डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि इस वर्ष को हम सब शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मना रहे है। इसी कारण से डाइट संस्थान के माध्यम से लगातार विषय वार शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि सामाजिक विज्ञान के अध्ययन का मुख्य लक्ष्य यह बेहतर ढंग से समझना है कि हम अपने समाजों और समुदायों में कैसे सुधार ला सकते हैं।



साथ ही इसमें व्यक्ति की भूमिका क्या है।इसके अंतर्गत मानव समाजों का अध्ययन किया जाता है। सामाजिक विज्ञान छात्रों को सकारात्मक परिवर्तन लाने और व्यक्तियों और समुदायों की भलाई में सुधार करने के लिए ज्ञान का लाभ उठाने में मदद करता है। हम बेहतर समाज बनाने में कैसे मदद कर सकते हैं। हम अपनी सरकारों के काम करने के तरीके में कैसे सुधार कर सकते हैं। हम अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार कर सकते हैं और हम अपने समाज के सभी सदस्यों की मदद करने के लिए बेहतर तरीके बना सकते हैं। डाइट प्राचार्य ने मां को परिभाषित करते हुए कहा कि मां है तो ज्ञान है, मां है तो विज्ञान है, मां है तो भगवान है, और मां है तो सामाजिक विज्ञान है। मां है तो दुनियां की सारी समस्याओं का समाधान है। इससे बड़ा कोई सामाजिक विज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा कि सामाजिक विज्ञान एक ऐसा विषय है जिसमें इतिहास नागरिक अर्थशास्त्र और भूगोल सभी का अध्ययन किया जाता है। इससे पूर्व प्रशिक्षण की प्रभारी यमुना जांगड़े के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों में प्रारंभ में गुणवत्ता एवं बचपन की देखभाल के साथ तकनीकी शिक्षा पर भी नई शिक्षा नीति में मुख्य ध्यान दिया गया है। मास्टर ट्रेनर्स दीपचंद देवांगन के द्वारा सामाजिक विज्ञान विषय के अध्यापन में आने वाली कठिनाइयां पर बिंदु वार चिन्हांकित किया गया। मास्टर ट्रेनर्स हेमलता बंजारे के द्वारा 8 पॉइंट पर चर्चा की गई। जिनमें मानचित्र का अध्ययन, ग्लोब, अक्षांश देशांतर रेखाएं, संसाधन कृषि, हमारे मौलिक अधिकार कर्तव्य, चुनाव प्रक्रिया, जीवन में आया बदलाव और इतिहास के स्रोत व्यक्ति। डाइट के व्याख्याता और पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी के द्वारा सामाजिक विज्ञान और विज्ञान में अंतर पर चर्चा किया गया। तत्पश्चात अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साथ ही भूमध्य रेखा, कर्क रेखा, मकर रेखा और इन रेखाओं से गुजरने वाले देशों के नाम पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण की प्रभारी डाइट बेमेतरा की व्याख्याता यमुना जांगड़े हैं तथा मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डाइट के व्याख्याता जी एल खुटियारे डीआरजी हेमलता बंजारे व्याख्याता शासकीय उ मा वि बहेरा, दीपचंद देवांगन व्याख्याता शासकीय बालक उ मा वि नवागढ़ तथा अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साकेत बिहारी और शाहिद है। इस अवसर पर डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ बसुबंधु दीवान, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा और अमिन्दर भारती सहित प्रशिक्षण ले रहे शिक्षक जलेश जांगड़े, गंगा त्रिपाठी, बबीता दास, इन्द्राणी साहू, सहित सभी 120 शिक्षक उपस्थित थे।

# महिला जागृति शाखा की अनुकरणीय पहल: शहर में देहदान नेत्रदान के लिए किया जागरूकता कार्यक्रम एवं निकाली रैली





**पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़**
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय स्तर पर मारवाड़ी युवा मंच ने विगत कई वर्षों से निरंतर देहदान,अंगदान एवं नेत्रदान को लेकर एक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया है, इसी श्रृंखला में विगत दिनों छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी चंद्रपुर में संपन्न छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक चंद्रोदय में महिला जागृति शाखा शक्ति को भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया था तथा महिला जागृति शाखा सदैव जहां इस कार्य को लेकर जागरूकता अभियान चलाती रहती है. वहीं महिला जागृति शाखा ने शक्ति शहर के कंचनपुर में स्थित जिंदल वर्ल्ड स्कूल में पहुंचकर बच्चों के बीच जहां अंगदान एवं नेत्रदान को लेकर ड्राइंग कंपटीशन आयोजित किया तो वहीं बच्चों को इस महत्वपूर्ण कार्य के प्रति जागरूक भी किया साथ ही इस कंपटीशन में विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया, इस अवसर पर जहां विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे तो वहीं बच्चों के बीच पोस्ट अभियान चलाकर रैली भी निकाली तथा जिंदल वर्ल्ड स्कूल शक्ति के बच्चों ने भी इस अभियान में अपना योगदान देते हुए इसे निरंतर जन जागरूकता के रूप में चलने की बात कही वहीं विद्यालय परिवार ने भी कहा कि वर्तमान समय में हमें ऐसे रचनात्मक कार्यों के लिए अग्रणी होकर अपना योगदान देना चाहिए तथा यह एक जन जागरूकता का कार्य है जिससे लोगों को प्रेरित किया जा सकता है, वही इस अवसर पर महिला जागृति शाखा के भी काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे जिसमें प्रमुख रूप से शक्ति शाखा की अध्यक्ष उषा आनंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रीना नरेश गेवाडीन, पूर्व अध्यक्ष मंजुला विनोद अग्रवाल, पूर्व सचिव रितु पवन अग्रवाल, कविता मनीष गोयल, मीनू अग्रवाल, रंकी अग्रवाल, निधि अग्रवाल, जिंदल वर्ल्ड स्कूल शक्ति के डायरेक्टर ऋषभ अग्रवाल, प्राचार्य वेंकट प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नगर पंचायत पचायत जैजैपुर में शह और मात का खेल

## बिना वर्क आर्डर के समान की सप्लाई फर्जीवाड़ा का संदेह




**पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर**
www.dailypioneer.com

यहां नगर पंचायत जैजैपुर में यह देखने को मिल रहा है नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के बीच मे सामंजस्य न बने के कारण यहां दोनों में शह मात का खेल चल रहा है जहां पर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी विष्णु प्रसाद गहरवार का अन्यत्र ट्रांसफर हो चुका है उनके उपरांत बिना वर्क आर्डर के रात में समान की सप्लाई एवं दूसरे एवं तीसरे दिन छुट्टी होने का फायदा उठाने की बात सामने आई है नगर पंचायत जैजैपुर में छुट्टी के दिन ही फर्जीवाड़ा का खेल सामने आ रहा है छुट्टी के दिन सभी कर्मचारी छुट्टी में रहते हैं इसी का फायदा उठाते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी जैजैपुर के द्वारा समान मगाने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिसमें की नगर पंचायत अध्यक्ष को भी समान मगाने की जानकारी नहीं है सामान आने के बाद ही उन्हें समान की जानकारी मिली नगर पंचायत जैजैपुर से मिली जानकारी के अनुसार शिशा झूला दो, कास्ट आयरन चेयर बीस, सीट चेयर आठ शुक्रवार रात आने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसे नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन ने गंभीरता से लिया है। सह और मात का खेल में कौन विजयी होता है यह तो समय ही बताएगा कि वास्तव में जो सामान नगर पंचायत मुख्य कार्यपालिका अधिकारी द्वारा खरीदी किया गया समान उनके अधिकार मे है या नहीं।

अधिकारी के अनुमति के बाद ही मैं जो भी दस्तावेज है उसे बता पाऊंगा आज छुट्टी में हू जो नहीं आ सकता

**-श्याम सुंदर साहू**
**नगर पचायत कर्मचारी जैजैपुर**

बिना वर्क आर्डर एवं मेरे जानकारी के अभाव में रात को सामान आने की जानकारी हुई है जो स्पष्ट फर्जीवाड़ा को जन्म देने का संदेह जा रहा है।

**-सोनसाय देवांगन**
**अध्यक्ष नगर पंचायत जैजैपुर**

समान की खरीदी हुआ है जहां पर अध्यक्ष की आवश्यकता पड़ती है वहां पर उनसे अनुमति लिया जाता है।

**-वीपी गहरवार**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी जैजैपुर**

# छोटे भाई ने मेटल के कडे से पीट-पीटकर कर दी बड़े भाई की हत्या

## आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जमीन विवाद के चलते हुई घटना

**पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़**
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में जमीन को लेकर दो भाईयों के बीच उपजे विवाद के बाद छोटे भाई ने बड़े भाई की मेटल के कडे पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त घटना कापू थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कापू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जलडेगा निवासी महेश राम और उसका बड़ा भाई कंश राम बीती रात साथ में बैठकर शराब सेवन करते हुए खाना खा रहे थे। इसी बीच जमीन को दोनों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और दोनों का विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर



छोटे भाई महेश राम ने अपने ही सगे बड़े भाई पर मेटल के कड़े से ताबड़तोड वार कर दिया। जिससे शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आने और खून अधिक बहने की वजह से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। छोटे भाई के द्वारा बड़े भाई की हत्या की जानकारी मिलने पर कापू थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि बीती रात कापू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जलडेगा में दो भाईयों के बीच किसी बात को लेकर विवाद जिसमें एक भाई ने दूसरे भाई की हत्या कर दी।

धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि जांच में पता चला कि दोनों भाईयों के बीच जमीन संबंधी को लेकर विवाद था और घटना के समय दोनों साथ में बैठकर शराब पीते हुए खाना खा रहे थे। इस बीच विवाद बढ़ने पर छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विधायक महंत ने क्षेत्र में दिलाई नए निर्माण कार्यों की स्वीकृति

**पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़**
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत क्षेत्र की जनता एवं विकास कार्यों को लेकर संवेदनशील हैं, तथा उन्होंने साल 2018 से 2023 तक विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए जहां पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों की गंगा बहा दी तो वहीं वर्तमान में वे सक्रिय रूप से पूरे क्षेत्र के निर्माण कार्यों को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं, इसी श्रृंखला में विधानसभा क्षेत्र सकती में जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृति कराई है,उक्त जानकारी देते हुए जिला कॉग्रेस कमेटी सकती के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने बताया कि विभिन्न ग्रामो में कुल 27 कार्य लागत राशि 1करोड़ 29 लाख की कार्य होंगे, जायसवाल ने बताया कि ग्राम नंदेली में नाली निर्माण 5 लाख, जाजंग में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, देवरी में मंगल



भवन निर्माण 5 लाख, नवापारा खुर्द में मंगल भवन निर्माण लाख, अमलडीहा रतनपाली में मुक्तिधाम से प्रतीक्षालय 4.90 हजार, मोहगांव मगरा में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, रेडा में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण चार लाख 90 हजार रुपया, धनपुर में मंगल भवन निर्माण 5 लाख, भदरी पाली में मंगल भवन निर्माण 5 लाख, कुरदा में सीसी रोड 5 लाख, टेमर में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, नंदौर कला में सीसी रोड निर्माण 5लाख, असोन्दा में पचरी निर्माण 4:30 लाख रुपया पतेरापाली खुर्द में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण 4.90 लाख, चमरा बरपाली शक्ति में सीसी रोड निर्माण 5 लाख में सीसी रोड निर्माण, 5लाख सकरेली खुर्द में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण चार लाख 9 व हजार रुपया, बेलाचुआ में जगदल्ली सीसी रोड 5वलाख, सपनई पाली में मंगल भवन निर्माण 5लाख, बोरदा में सीसी रोड निर्माण 5लाख, कंदानारा में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, बासिन खैरा में सीसी रोड निर्माण 5लाख,में सीसी रोड निर्माण 5लाख, कैरीबंधा में मंगल भवन निर्माण 5लाख, अचानकपुर में सीसी रोड निर्माण 5लाख, खूंटादहरा में मंगल भवन निर्माण 5लाख की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित की गई है, जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू ने बताया की शक्ति जिले में जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से जहां ग्रामीण क्षेत्र के विकास की दिशा में पहल की जा रही है तो वहीं स्थानीय विधायक डॉक्टर चरण दास महंत की सक्रियता को लेकर ग्रामीण भी उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं।

# स्वर्ण पदक पाने वाले के सम्मान में पालक सम्मिलित हुए

**पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर**
www.dailypioneer.com

संस्कार सेंट्रल स्कूल ने मानसून ओपन नेशनल ताइकवांडो टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए एक विशेष सम्मान सभा का आयोजन किया। यह टूर्नामेंट 17-18 अगस्त को कोलकाता में आयोजित हुआ था। स्कूल को गौरवान्वित करने वाले विजेताओं की सूची इस प्रकार हैः नव्या पैकरा, कक्षा 4, ने स्वर्ण पदक जीता। इशिका ज़ल्क्सो, कक्षा 4, ने स्वर्ण पदक जीता।देवराज गवेल, कक्षा 4, ने स्वर्ण पदक जीता।लुपेस गवेल, कक्षा 4, ने स्वर्ण पदक जीता। रुपांश साहू, कक्षा 7, ने स्वर्ण पदक जीता। जिज्ञास चंद्र, कक्षा 5, ने स्वर्ण पदक जीता। इस सम्मान समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं के माता-पिता भी उपस्थित रहे और



उन्होंने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। संस्कार सेंट्रल स्कूल के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयासों की सराहना पूरे राज्य में की जा रही है। स्कूल के प्रशिक्षक और प्रबंधन ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जो समर्पण दिखाया है, वह काबिले तारीफ है। यह जीत न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि स्कूल के उत्तम मार्गदर्शन और समर्थन का भी साक्षी है। इस प्रकार की उपलब्धियाँ स्कूल की शैक्षिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधिपाने में उत्कृष्टता की परंपरा को और भी मजबूत करती हैं।

# आकासीय गाज की चपेट में आकर महिला समेत दो बकरियों की मौत

**पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़**
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में एक बार फिर से गाज की चपेट में आकर एक महिला सहित दो मवेशियों की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। उक्त घटना कापू थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कापू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत विजयनगर के कंड्रजा गांव निवासी एक महिला फूलवती पति राम प्रसाद रोजाना की भांति आज सुबह भी गांव में ही सड़क किनारे स्थित जंगल में बकरी चराने गई हुई थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान गरम चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। तभी आकासीय गाज की चपेट में आकर महिला समेत दो बकरियों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके बाद पुलिस को घटना से अवगत कराया गया जिसके मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के



लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**बारिश के दिनों में होती है ऐसी घटना**-विदित रहे कि वनांचल क्षेत्र धरमजयगढ़ और कापू क्षेत्र में बारिश के दिनों में तेज बारिश के साथ गरम चमक के साथ आकासीय बिजली गिरने की घटना सामने आते रही और इसकी चपेट में अक्सर जंगल गए ग्रामीण ही आते हैं। बीते दिनों 18 अगस्त को धरमजयगढ़ के दुर्गापुर में एक नाबालिग बालिका के अलावा लक्ष्मीपुर गांव में घर के बाहर बैठी एक महिला की मौत की मौत हो चुकी है साथ ही साथ 2 बच्चे गाज से झुलस गए थे।

# शहर में हो रहे निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्टर की भारी नाराजगी, सीएमओ के साथ किया विकास कार्यों का निरीक्षण







**पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती**
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जनपद कार्यालय सक्ती व नगर पालिका सक्ती क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 बुधवारी बाजार में फुटबाल ग्राउंड, लॉन टेनिस और बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा संबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी सक्ती को दिए तथा गुणवत्तापूर्ण व तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर तोपनो ने जनपद कार्यालय सक्ती का निरीक्षण करते हुए कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में किये जा रहे कार्यों का निरिक्षण किया, निरिक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए व्यवस्थित बैठक व्यवस्था रखने कहा, उन्होंने कार्यालय परिसर व विभिन्न शाखाओं में बेहतर साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए द्य कलेक्टर ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होने तथा कार्यालय में आने वाले आमजन को शासन की विभिन्न योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने कहा। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा कार्यालय परिसर के सामने वाहनों के सुव्यवस्थित रख-रखाव किये जाने सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए द्य निरिक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी सक्ती संजय सिंह, एडीसनल सीईओ सुअन्नपूर्णा कसेर सहित जनपद पंचायत और नगरपालिका परिषद सक्ती के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# खेल ही जीवन का आधार है, खेल से अनुशासन सीखने को मिलता है : कमलेश जांगड़े

**पायनियर संवाददाता ‹ चांपा**
www.dailypioneer.com

तिलभाण्डेश्वर बालकल्याण समिति चांपा द्वारा संचालित स. शि. म. उ. मा. वि.चांपा में विद्याभारती की योजनानुसार सरस्वती शिक्षा संस्थान छ.ग. के संयोजत्कव में प्रांतीय जूडो/ कुटरास/ ताइक्कांण्डो/कराते खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथी सांसद कमलेश जांगड़े चाँपा, विशिष्ट अतिथी कमल लाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष हथकरघा विकास एवं अध्यक्षता चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव थे।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद देवांगन व्यवस्थापक माननीय डॉ. शाति कुमार सोनी, एवं विद्यालय के प्राचार्य मंचासीन थे। अतिथीयों का तिलक लगाकर स्वागत प्रधानचार्य कृष्णकुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। खेल प्रतिवेदन दिवाकर स्वर्णकार प्रान्त खेलकूद प्रमुख द्वारा प्रस्तुत किया गया, इन्होने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रान्त से कुल 200



प्रतिभागी सम्मिलित हुए विजयी प्रतिभागी 31 अगस्त से 2 सितंबर तक चलने वाले क्षेत्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि खेल से अनुशासन आता है ये जीवन का आधार है, स.शि.मं, पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अग्रणी है। शिशु मंदिर में पढ़ने वाले भैया बहिन संस्कार के अलावा खेल में भी आगे है ये देखकर खुशी होती है. विशिष्ट अतिथी कमल लाल देवांगन ने कहा कि हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल आवश्यक है, खेल में तो हार-जीत लगी रहती है लेकिन सभी बच्चों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष चंद्रकिशोर श्रीवास्तव ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिन हर प्रकार से अपना सर्वांगीण विकास कर रहे है चाहे वो ज्ञान विज्ञान का क्षेत्र हो या खेलकूद का, इसी से प्रेरणा लेकर हमारे भैया बहिन जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी होते है. इस अवसर पर रवीन्द्र कुमार सराफजिला खेल प्रतिनिधि, नन्द कुमार देवांगन, प्रधानाचार्य कृष्णकुमार पाण्डेय, रविशंकर गबेल प्रतिभागी भैया-बहन के साथ-साथ सरस्वती सेवा मण्डल चांपा के पदाधिकारी, आचार्य बन्धु भगिनी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ललिता तिवारी एवं आभार प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप द्वारा किया गया उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख शुभांशु मिश्रा ने दी।

## स्थानीय विधायक और स्कूली छात्र भी बैठे धरने पर

# बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर खोला मोर्चा

**पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़**
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में बदहाल सड़क को लेकर एक बार फिर से स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन का रूख अख्तियार करते हुए सुबह 10 बजे से महिला, पुरूष और स्कूली छात्र धरने में बैठ गए। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हुंकराडिपा-मिलुपारा की बदहाल सड़क को लेकर सुबह 10 बजे से एक बार फिर स्थानीय ग्रामीणों ने आर्थिक नाकेबंदी शुरू कर दी है। इस मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय कांग्रेस विधायक विद्यावती सिदार भी मौके पर पहुंचकर धरने में बैठ गई। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर सड़क की वजह से क्षेत्र में लगातार छोटी बड़ी दुर्घटनाएं सामने आ रही है। समय-समय पर ग्रामीणों के द्वारा आर्थिक नाकेबंदी भी



की जा चुकी है लेकिन हर बार आश्वासन देकर मामले को शांत करा दिया जाता है।

**छात्रों को स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानी**-ग्रामीणों ने बताया कि गांव की मुख्य सड़क कीचड से लबालब हो चुकी है जिससे इस मार्ग में स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हुंकराडीपा-मिलूपारा की फिसलन भरी सड़क में आये दिन स्कूली छात्र गिर रहे हैं जिससे उनका यूनीफार्म खराब हो जाने की वजह से वे स्कूल जाने से भी वंचित रह जाते हैं। इसलिये इस आंदोलन में स्कूली छात्र भी शामिल हुए हैं।

**पहले भी कर चुके हैं आंदोलन**-बदहाल सड़क के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर गारे गांव के अलावा पड़ोसी गांव खम्हरिया के ग्रामीणों के द्वारा पहले भी दो बार चक्काजाम किया जा चुका है। लेकिन उन्हें भी सड़क मरम्मत का लिखित आश्वासन देकर उनका प्रदर्शन समाप्त करा दिया गया है। लेकिन उनकी समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है।

**कई गांव को जोड़ती है यह सड़क**-धरने में बैठे ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वनांचल क्षेत्र के कई गांव के लोग तमनार आने-जाने के लिये इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। रोजाना हजारों की संख्या में उरबा, मिलूपारा, हिंझर, पेलमा, कोडकेल, सेमिजोर, लालपुर सहित अन्य गांव के लोग इसी सडक से तमनार आते हैं और अपना काम निपटाकर वापस जाते हैं। वर्तमान समय में यहां के सड़क की हालत काफी दयनीय हो चुकी है। इसके बावजूद स्थानीय कंपनी प्रबंधन इस ओर कोई पहल नही कर रहा हैं।

**कंपनियां भूल जाती है अपना वादा**-तमनार में स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठी लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र की विद्यावती सिदार ने बताया कि जब भी किसी क्षेत्र में जब कंपनी आती है तो उनके द्वारा कहा जाता है वह क्षेत्र में विकास करेंगे, गांव को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा, लोगों को रोजगार मिलेगा, बचें को अच्छी शिक्षा की व्यवस्था देने की बात कहते हुए प्रलोभन दिया जाता है और फिर कंपनी के विस्तार के बाद सारे वादे खोखले साबित हो जाते हैं।

**सड़क की हालत अत्यंत जर्जर**-विद्यावती सिदार ने यह भी कहा कि अगर कोई कंपनी किसी गांव को गोद ले लेती है तो उस गांव का संपूर्ण विकास करना चाहिए। इस क्षेत्र में जिंदल की कंपनी के अलावा हिंडाल्को, अडानी और अंबूजा के कोल खदान हैं। यहां पर चलने वाली भारी वाहन गारे गांव से होते हुए माइनिंग क्षेत्र से कोयला निकालकर लेकर जाते हैं। जिससे गांव की पूरी सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है कि लोग बार-बार सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठने पर मजबूर हो गए हैं।

# साय सरकार की अपील: "देखो अपना देश" अभियान में वोट कर अपने राज्य के गंतव्यों को बनाएं राष्ट्रीय धरोहर

**पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के नागरिकों से अपील की है कि वे भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे "देखो अपना देश" अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। इस अभियान के तहत देशभर के नागरिकों को अपने राज्य के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों के लिए वोट करने का मौका मिल रहा है और छत्तीसगढ़ के अद्वितीय और खूबसूरत गंतव्यों को इस राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का यह एक सुनहरा अवसर है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक स्थलों को पूरे देश में पहचान दिलाने का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे अपने राज्य के गंतव्यों के लिए वोट करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। वोटिंग के लिए नागरिकों को वेबसाइट का उपयोग करना होगा। इस फॉर्म के माध्यम से लोग छत्तीसगढ़ के उन स्थलों के लिए वोट कर सकते हैं, जिन्हें वे राज्य और देश का गौरव मानते हैं। राज्य सरकार ने भी सभी से आग्रह किया है कि वे इस लिंक को अपने सोशल मीडिया पर साझा करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में भाग ले सकें, इस अभियान में वोट करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2024 है। इसके बाद, चुने गए गंतव्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया जाएगा।

# जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में लोकहित के विषयों पर हुई चर्चा

## स्वास्थ्य विभाग जल संसाधन विभाग एवं वन विभाग सहित अन्य जरूरी विषय पर हुई समीक्षा



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक में वन विभाग एवं जल संसाधन विभाग के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई। सदन में जनहित से जुड़े विषयों को जिला पंचायत सदस्यों द्वारा प्रमुखता से रखा गया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान विभागों की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिए गए। वन विभाग के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-24 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कुल 58 कार्य स्वीकृत किए गए थे जिसकी लागत राशि 2 करोड़ 33 लाख 13 हजार रुपए की थी। इन कार्यों में से 10 कार्य निरस्त करते हुए कुछ कार्य वर्तमान में प्रगति पर होना पाया गया। आगे बताया गया कि सभी कार्य विकासखंड बोड़ला लोहारा एवं पड़रिया क्षेत्र के हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 29 कार्य के लिए 2 करोड़ 29 लाख 9 हजार 11 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 27 कार्य लागत राशि 2 करोड़ 33 लाख 3 हजार 98 रुपए स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में कार्य प्रगति में होने की जानकारी विभाग द्वारा दिया गया। सभी प्रगतिरत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल द्वारा विभाग को दिए गए। वन विभाग द्वारा आगे वृक्षारोपण की जानकारी देते हुए बताया गया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत अब तक 120275 पौधों का रोपण किया गया है। महतारी वंदन कार्यक्रम के तहत 119582 पौधे रोपित करने तथा 1700 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 2.50 लाख पौधारोपण करने का पृथक से लक्ष्य रखा गया है। वन महोत्सव के अंतर्गत 215 पौधों का रोपण करने की जानकारी सदन को दिया गया। बैठक में उपस्थित पुष्पा साहू उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वरी साहू, रामकुमार भट्ट, मुखीराम मरकाम, रामकुमार पटेल, मीना चंद्रवंशी, सरस्वती साहू, अनीता मरकाम अध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला, समुद्र बाई कुर्रे अध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया एवं संतोष पटेल प्रतिनिधि सांसद लोकसभा क्षेत्र राजनंदगांव ने अपने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को सदन में रखा। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग द्वारा कबीरधाम जिले में कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी सदन में रखी गई। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट द्वारा जिले के सभी बांधों में जल भराव की जानकारी ली गई जिसमें बताया गया कि वर्षा ऋतु अच्छा होने के कारण जिले के सभी बांध भरे हुए हैं। इसी तरह राम कुमार भट्ट द्वारा विभाग अंतर्गत भू-अर्जन प्रकरण लंबित होने का विषय उठाया गया जिस पर विभाग द्वारा इस संबंध में कार्रवाई करने की जानकारी दी गई। जिला पंचायत सदस्य मुखी राम मरकाम द्वारा ग्राम पंचायत छूही में विभाग के कार्यों का भुगतान लंबित होने की जानकारी दी गई। जिस पर समस्या का यथाशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन विभाग द्वारा दिया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा विभागीय मद एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की कार्य वार जानकारी सदन में सबके सामने रखी गई। जिला पंचायत सदस्य राम कुमार पटेल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की आवश्यकताओं पर ध्यान आकर्षित कराया गया। जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है वहां पर तत्काल व्यवस्था करने की मन किया गया।इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।बैठक में सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि सामान्य सभा की बैठक में उठाने का विषयो का समय सीमा में निराकरण करते हुए जिला पंचायत सदस्यों को सूचना प्रदान करें। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों के साथ जिले के सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में दो विषयों पर हुई चर्चा

सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि जिले में मरीज को प्रदाय किए जाने वाली सेवाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार के रक्त परीक्षण एक्स-रे सोनोग्राफी डायलिसिस की सुविधा आम जनता को प्राप्त हो रही है।इसी तरह परिवार नियोजन सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर की प्रारंभिक जांच की जानकारी दी गई। सर्जिकल ऑपरेशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि मोतियाबिंद अस्थि रोग सहित अन्य छोटे-बड़े ऑपरेशन विशेषज्ञों डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है।आपातकालीन चिकित्सा ब्लड बैंक सहित विभिन्न अवसरों पर लगाए जाने वाले स्वास्थ्य कैंप की जानकारी रखी गई। जिला पंचायत के त्रैमासिक आय व्यय का प्रतिवेदन लेखाधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा इसमें विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आय एवं व्यय की जानकारी दी गई।

# पिथौरा में छात्राओं को विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने किया साइकिल वितरण

## छात्राओं को साइकिल मिलने से स्कूल आने -जाने में होगी सहूलियत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय रणजीत कृषि विद्यालय व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा में सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण किया। कार्यक्रम में बसना के लोकप्रिय विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया। साइकिल वितरण के दौरान विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं को साइकिल मिलने से उन्हें स्कूल आने ङ्क जाने में सहूलियत होगी। छात्राओं को समय पर स्कूल जाने के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना होगा। बल्कि वे स्वयं अपनी साइकिल से विद्यालय आवाजाही कर सकेंगी। सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरित किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य उन बालिकाओं को साइकिल प्रदान करना है जो दूर दराज के के क्षेत्र से शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, साइकिल न केवल परिवहन का एक साधन है बल्कि यह स्वतंत्रता वह शक्तिकरण का प्रतीक भी है,यह हमारी बालिकाओं को अपने लक्ष्य की दिशा में बढ़ाने में मदद करेगा, बालिकाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने में मददगार साबित होगा। इधर छात्राओं के बीच साइकल वितरण से खुशी देखी गयी। साइकिल वितरण समारोह में स्कूली छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल,मण्डल अध्यक्ष नरेश सिंघल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, मण्डल उपाध्यक्ष सुरेन्द्र साहू, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, महामंत्री अशोक चौधरी, स्वामी आत्मानंद स्कूल अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी, माध्यमिक विद्यालय अध्यक्ष वर्षा सोनी, कन्या शाला अध्यक्ष ललतिन डड़सेना, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना विधायक प्रतिनिधिगण विजयराज पटेल, रविन्दर आजमानी, जनपद पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरें, बीआरसी नरेश पटेल, बीईओ केके ठाकुर, स्वामी आत्मानंद स्कूल प्राचार्य मायाधर प्रधान, कन्या शाला प्राचार्य आशाराम बरिहा, आरके स्कूल प्राचार्य जयंत महापात्रा, निज सचिव नरेन्द्र बोरे, सोनू छाबड़ा, ए नंद, अरुण कुमार देवता, पत्रकार गौरव चंद्राकर, राजाबाबू उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ता व शिक्षक,छात्र- छात्राओं उपस्थित थे।

# शासकीय शिक्षक फेडरेशन ने प्रदेश सरकार का माना आभार

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

युक्ति युक्त करण का प्रदेश के सभी लगभग 02 लाख शिक्षक विरोध कर रहे थे, क्योंकि यह पूरी प्रि या नियम विरुद्ध एवं विसंगति युक्त था। इसे तत्काल रद्द करने की मांग शुरू से उठने लगी थी।इसे देखते हुए राज्य के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने इसकी आवाज बुलंद की। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष- शंकर साहू ने इस मुद्दे पर बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन व छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक महासंघ के 16 अगस्त को आंदोलन के आह्वान के बाद सरकार दबाव में आई तथा लगातार विभिन्न संगठनों की एकता एवं युक्ति करण का विरोध हुआ। आंदोलन की चेतावनी के बाद सरकार ने 28 तारीख को मंत्रालय और संचालनालय में बैठक बुलाया। बैठक के दौरान भी सभी कर्मचारी संघ ने जोर शोर से विसंगतिपूर्ण युक्त युक्ति करण का घोर विरोध किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन ने भी डीपीआई के बैठक में युक्ति करण को तत्काल रद्द करने का पुरजोर तरीके से मांग रखा। साथ ही सभी संगठनों में भी इसकी मांग रखी। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू, शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी, गवर्नमेंट एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग, छत्तीसगढ़ शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वि म राय, छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षण कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र बनाफर, संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल दास मुरचुले, छत्तीसगढ़ शिक्षक अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष धरमदास बंजारे, छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र गिलहरे, प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेतन दास बघेल, विधि सलाहकार- शिव सारथी व छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संरक्षक- रेखराज साहू, अनिल रामटेके, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के संयोजक हीना कश्यप, प्रदेश सचिव- अशोक कुमार तेता, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय मेहर, दीपक प्रकाश, नरेंद्र देवदास, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य लाल साहू, प्रेमचंद सोनवानी, भुनेश्वरी सहारे, प्रदेश प्रवक्त ा हेमलता बढ़ई, प्रदेश प्रभारी महामंत्री जितेंद्र साहू, प्रदेश महासचिव र ाकर खूंटिया, भूपेंद्र साहू, मितेंद्र कुमार बघेल, समस्त प्रदेश, जिला व ब्लॉक पदाधिकारी गण सहित समस्त प्रदेश के शिक्षकों द्वारा मंत्रालय व संचनालनय के सभी अधिकारियों को युक्ति करण की प्रि या तत्काल स्थगित करने के लिए साथ ही राज्य सरकार के मुख्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सहित राज्य सरकार एवं समस्त अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश के 01 लाख 80 हजार शिक्षक साथियों को एवं विभिन्न संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारी को बहुत बहुत बधाई दी गई है। यह जानकारी मीडिया में रमेश साहू प्रदेश मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन ने दी है।

# डीएवी जांता में दही हांडी व मटकी फोड़ का आयोजन

## 700 से ऊपर बच्चों ने गोविंदा आला रे गीत के साथ बढ़ चढ़ कर लिया भाग



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव त्रिदिवसीय कार्यक्रम को हर्षोल्लास से मनाया गया। श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित कथाएं सुनायीं गयीं। इस अवसर पर बच्चों के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। 100 से अधिक नन्हें मुन्ने बच्चे ने राधा-कृष्ण की भूमिका में नजर आए-100 से अधिक नन्हें मुन्ने बच्चे ने राधा-कृष्ण की भूमिका में नजर आए जिसमे राधा-कृष्ण के अलावा वासुदेव, देवकी, ग्वाले और गोपियों की वेशभूषा में आए बच्चों ने सभी को मनमोह लिया। इस दौरान झांकी भी लगाई गई। डीएवी विद्यालय के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त की थीं, कैसे सुदामा से मित्रता निभाए थे, व कृष्णा के जीवन में जैसे विभिन्न जीवन मूल्यों जैसे मित्रता, प्रेम, सद्भावना को अपनाने की प्रेरणा दिए। बच्चों को त्रि दिवस से ही जानकारी देकर हाऊस वाइस प्रतियोगिता के कराया गया, बच्चे हाउस बोर्ड को सभी चारों हाउस के बच्चे दयानंद हाउस, श्रद्धानंद हाउस, विवेकानंद हाउस, व महात्मानंद हाउस सभी चारों हाउस के बच्चों ने अपने-अपने हाउस बोर्ड को सजाया जो की टीमवर्क मिलकर कैसे भी कोई भी कार्य को कर गुरने का पहचान व प्रतीक को भी बताता है कि हम टीमवर्क मिलकर आसानी से कर सकते हैं यह सीख व शिक्षा दिया। कृष्ण के जीवनी पर आधारित अनेको बेनर पोस्टर बना कर आए, वही मटकी सजावट, बांसुरी सजावट, राधा-कृष्णा पेंटिंग पोस्टर प्रतियोगिता, मोर पंख एवं बांसुरी निर्माण जैसी अनेक मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों में विधार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया इससे बच्चे करके सीखो थीम के माध्यम से बच्चे अनेको गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा मिला। विद्यालय में जगह-जगह दही-हांडी लगाई गयी। विद्यालय के एल के जी से 5वी कक्षा तक के बच्चे राधा-कृष्ण तथा गोप-गोपी की वेशभूषा में तैयार होकर आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। विद्यालय में संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन में श्री कृष्ण जन्म महोत्सव के दौरान नन्हें बच्चों ने राधा कृष्ण बनकर श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रदर्शन कर सभी का दिल जीता। बच्चों ने राधा कृष्ण के गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़ कर दही-हाड़ी, व मटकीं फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिए।

### बच्चों के राधा-कृष्ण के पोशाक ने मोहा सबका मन

प्राचार्य जायसवाल ने जानकारी साझा किया कि विद्यालय में कृष्ण की मटकी फोड़ने की लीला और कृष्णा-सुदामा की मित्रता, कृष्ण राधा की भव्य झांकी भी प्रस्तुती ने अभिभावकों के मन मोह लिए थे। मटका फोड़ में कक्षा 3 री से 12 वी तक के बालक व बालिकाओं ने मटका फोड़ा, व दही हांडी को कक्षा 9वी से कक्षा 12वी के बालक व बालिकाओ सहित सभी विद्यार्थियों ने सामुहिक रूप से गोविंदा आला गान में नृत्य करते हुए व मीनार बनाकर तोड़ा। सभी प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट से सम्मनानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ललित देवांगन, सुमित्रा पटेल, अखिलेश पटेल, निशुगुप्ता, आयुषी जैन, अनिल कुमार, गोविंद साहू, कैलाश सिंह, छोटू राम साहू, राजा तनतुवे, सरिता साहू, सविता साहू, मनीषा सोनी, रितिका साहू, रेणुका पटेल, उमेश साहू, विमल साहू, दीपक वर्मा, देवीका जैन, नम्रता चुर्वेदी, अभिषेक दुबे, मधुस्मिता बेहरा, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, रामेश्वरी, रूखमणी, नरेंश साहू सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारतीय मजदूर संघ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय मजदूर संघ जिला बालोद के मंत्री मुश्ताक अहमद ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ जिला बालोद के द्वारा भारतीय मजदूर संघ के 70वें वर्षगाठ पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दल्ली राजहरा के बीएसपी राजहरा क्लब में पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें जिले में संचालित सभी यूनियनो के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थी। भारतीय मजदूर संघ द्वारा 28 अगस्त को पर्यावरण दिवस अमृता देवी बलिदान दिवस मनाया जाता है। सन 1730 में राजस्थान के जोधपुर के महाराज ने तयपना महल बनाने के लिए खेजड़ी के पेड़ काटने का आदेश दिया था तब ग्राम खेजड़ी की अमृतादेवी विश्नोई बेनीवाल ने अपनी तीन पुत्रियों सहित 363 महिलाओं को लेकर पेड़ काटने का विरोध किया और पेड़ों से चिपककर खड़ी हो गई थीं। राजा के कर्मचारियों ने 363 महिलाओं सहित अमृता देवी और उनकी पुत्रियों को भी काट डाला था। यह घटना 28 अगस्त 1730 की है। पूरे विश्व में यह वन, वृक्ष पर्यावरण संरक्षण हेतु किया गया। पहला चिपको आन्दोलन यही है। जल, जंगल, जमीन, जानवर जैव विविधता संरक्षण हेतु माताओं, बहनों का यह सर्वोच्च बलिदान है। जिला मंत्री ने आगे बताया कि जिस तरह महिलाओं ने अपने प्राणों की आहूति दे दी थी पेड़ों को बचाने में क्या हम सब मिलकर लोगों में थोड़ी जागरूकता नहीं फैला सकते, अपने आसपास होने वाले पेड़ों की कटाई का विरोध करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री मुश्ताक अहमद, प्रदेश संयोजक पर्यावरण लखनलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार दैवांगन, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, बादल तिवारी प्रकाश ठाकुर, गजेन्द्र ठाकुर,हितेश टंडन, भीमसेन यादव, विवेक कुमार पाण्डेय, जीवन साहू, चन्द्रशेखर, टकेशवर साहू, वेंकट राव, विष्णु साहू एवं अन्य कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति थी।

# विप्र कॉलेज की निधि शुक्ला को पीएचडी अवार्ड

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय में सहायक प्राध्यापक निधि शुक्ला ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में अपना पीएचडी 'एन एनालिटिकल स्टडी ऑन छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी इन द डेवलपमेंट ऑफ़ छत्तीसगढ़' विषय पर पूर्ण किया। विप्र कॉलेज में कार्यरत सहायक प्राध्यापक निधि शुक्ला ने अपना पीएचडी वर्क विप्र कॉलेज के ही सहायक प्राध्यापक डॉ. आराधना शुक्ला के मार्ग निर्देशन में पूर्ण किया। को-गाइड रिसर्च सेंटर गवर्नमेंट जे. वाय. छत्तीसगढ़ ऑटोनोमस कॉलेज रायपुर के प्राध्यापक डॉ. अशोक शर्मा रहे। निधि शुक्ला, समीर कुमार ठाकुर की पत्नी एवं अंबर शुक्ला व प्रमिला शुक्ला की सुपुत्री है। पी एच डी अवार्ड होने पर विप्र महाविद्यालय परिवार ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं सहित बधाई प्रेषित की है।

## स्वाईन फ्लू से बचने स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**बेमेतरा।** स्वाईन फ्लू श्वसन तंत्र सं मण है जो मनुष्यो में इन्फ्लुएंजा वायरस HINI के कारण होता है। इसमें सर्दी, खांसी, बुखार एवं बदन दर्द जैसे लक्षण होते है। सं मित व्यक्ति सामान्यतः एक सप्ताह के भीतर सामान्य उपचार से स्वस्थ्य हो जाता है परन्तु उच्च जोखिम वाले व्यक्ति यों जैसे गर्भवती महिलायें, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे, 65 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध एवं किसी अन्य रोग से ग्रसित व्यक्ति यों में इस संक्रमण की जटिलताएं होने की संभावना होती है।

**कार्यालय तहसीलदार बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्र./546/निर्वा./परिसीमन/न.पं.कुसमी/2024 कुसमी दिनांक 30.08.2024

//प्रपत्र//

नियम 07 देखिए

**नगर पंचायत क्षेत्र कुसमी के वार्डो की सीमाओं के अवधारणा संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, नगर पंचायत कुसमी क्षेत्र को 15 वार्डो में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये है, जो नगर पंचायत कुसमी कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध मे कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सुझाव दिनांक 30.08.2024 से 05.09.2024 (07 दिन) तक लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किये जा सकेंगें।

स्थान - कुसमी
दिनांक 30.08.2024

(सुभाष शुक्ला)
तहसीलदार बेरला
एवं नाम निर्दिष्टअधिकारी
कुसमी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

# दिव्यांग मुकेश पटेल आज भी ट्राईसिकल से है वंचित, कलेक्टर से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



दिव्यांग मुकेश पटेल आज भी ट्राईसिकल से है वंचित, मोरो बिनती ल सुन लीजिए कलेक्टर साहब ! लवन। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत सरखोर है।जहां शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित है।जंहा कक्षा11वी में वहीं का निवासी छात्र मुकेश पिता रामकुमार पटेल भी कला संकाय का छात्र है।आपको बता दें कि छात्र मुकेश पटेल बचपन से दोनों पैर से दिव्यांग है ,जो जमीन में अपने दोनों हाथ के भरोसे रेंगते हुए जैसे तैसे विद्यालय पहुँचते हैं।मुकेश के परिवार का माली हालत खराब होने के कारण उसके माता पिता ट्राइसिकल नहीं खरीद पा रहे हैं ज्यादातर परिवार के सदस्य खाने कमाने बाहर जाते रहते हैं लेकिन मुकेश के पढ़ाई के प्रति ललक को देखकर उनके माता पिता पढ़ा रहे हैं।सबसे खास बात तो यह भी है कि शासन की योजनाओं का लाभ आज तक इस गरीब दिव्यांग छात्र को नहीं मिला है यह सबसे बड़ी हैरान करने वाली तथ्य है, छत्तीसगढ़ में कई सरकार आई चली गई लेकिन किसी भी सरकार के जिम्मेदार अधिकारी कमर्चारी ने इस छात्र के तकलीफ पर उदारता नहीं दिखाया है जिसके कारण इनकी हालात आज भी वैसे का वैसे है।अगर इन्हें शासन प्रशासन से ट्राइसाइकिल मिल गया होता तो इन्हें भी विद्यालय पहुँचने में आसानी होती।विद्यालय के शिक्षक तो छुट्टी के बाद तो रोजाना मानवता का परिचय देते हुए छोड़ देते आ रहे हैं लेकिन स्कूल आते वक्त उन्हें अपने सहारे ही आना पड़ता है।छात्र मुकेश पटेल ने हमारे न्यूज़ साइट को बताया कि जिला कलेक्टर उनकी फरियाद को जरूर सुनेंगे। अब देखना यही होगा जिला कलेक्टर दीपक सोनी इस छात्र की फरियाद को कब तक संज्ञान में लेते हैं।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक
AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060718833159, मां गायत्री ट्रेडिंग कम्पनी जरिये प्रोपराइटर मुकेश कुमार (ऋणी), श्रीमती नेहा वैष्णव (सहऋणी) | 20-जुलाई-24 ₹ 35,38,908/- पैंतीस लाख अडतीस हजार नौ सौ आठ रूपये मात्र 20-जुलाई-24 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 18, खसरा नं. 360/1, मौजा गोंदखामी, ब्लॉक/तहसील लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2160 वर्ग फीट |

दिनांकः 31-08-2024
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग**

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 4950 / नि.प्र. क्र. - 04/ लो.नि.वि./2024-25 दुर्ग, दिनांक 29/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 09/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 13/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 16/09/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0044 | Providing Electrification and Maintenance to 29 Nos. School P.S. Mudpar and other Building under C.M. Jatan Yojna, District Balod | 13.05 Lacs |
| (2) T0045 | Providing E/F work to Proposed High School Building at Motimpur, Block S. Lohara, District Kabirdham | 6.94 Lacs |
| (3) T0046 | Providing E/F work to 6 No. Class Room in Govt. Polytechnic Building at Khairagarh | 5.94 Lacs |
| (4) T0047 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW/S/R/OM work under Civil Division, Rajnandgaon | 5.00 Lacs |
| (5) T0048 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW/S/R/OM work under District Rajnandgaon | 5.00 Lacs |
| (6) T0049 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW/S/R / OM work under Civil Sub Divison Dongargarh, District Rajnandgaon | 4.90 Lacs |
| (7) T0050 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW/S/R/OM work under Civil Sub Division, Kawardha | 4.96 Lacs |
| (8) T0051 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Sub Division, Pandariya District Kabirdham | 4.99 Lacs |
| (9) T0052 | Providing E/F work to OW/Deposit / MOW/S/R/OM work under Civil Sub Division, Saja District Bemetara | 4.75 Lacs |
| (10) T0053 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW/S/R/OM work under Civil Sub Division, Nawagarh District Bemetara | 4.80 Lacs |
| (11) T0054 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R/OM work under Block Gunderdehi, District Balod | 4.90 Lacs |
| (12) T0055 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW/S/R / OM work under Block Dondilohara, District Balod | 4.85 Lacs |
| (13) T0056 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW/S/R / OM work under Sub Dn. E/M District Durg | 4.99 Lacs |
| (14) T0057 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Bhilai-x, District Durg | 5.00 Lacs |
| (15) T0058 | Providing Maintenance of Pump Repair, Fan Rewinding and Geyser Repair work under Civil Sub Division No.-fiw, Durg | 4.90 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
टीपः- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

जी-242502126/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

# 5 दशक पहले पिता से सीखकर बालम ने मूर्तिकला में बनाई थनौद की पहचान... आज कई राज्यों में इस गांव के मूर्तिकारों की डिमांड

## लाखों की कीमत में खरीदी जाती हैं यहां से प्रतिमाएं, दस महीने तक चलता है काम

- देश के अलग अलग हिस्सों से यहां आकर 50 से अधिक लोगों ने सीखी कला

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव जिले की सरहद पर मौजूद ग्राम थनौद मूर्तिकला के पारंपरिक व्यवसाय और यहां के कलाकारों की कारीगरी के लिए प्रसिद्ध है। दशकों से यहां तैयार होने वाली भगवान गणेश और माता जगदंबा की मूर्तियां देश के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद ख्याति हासिल कर चुके पंडालों की शोभा बढ़ाती हैं। इस साल जो मूर्तियां तैयार हो रही है उनकी कीमत पौने दो लाख रुपए तक है। ग्राम थनौद से मूर्तिकला की प्रसिद्धि तकरीबन 50 सालपहले यहां से निकलकर दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचना शुरु हुई। धीरे-धीरे यहां बनी प्रतिमाओं की मांग बढ़ने लगी। तब यहां बालम चक्रधारी नाम के मूर्तिकार की बनाई मूर्तियों की बहुत ज्यादा मांग बनी रहती थी। आज वे 70 वर्ष के हो चुके हैं और बीमार रहते हैं। अब उनका परिवार इस मूर्तिकला की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

जिस बालम चक्रधारी का नाम अब भी मूर्तिकला के लिए विख्यात है उन्होंने यह कला अपने पिता स्व. बृजलाल चक्रधारी से सीखी थी। इस पारंपरिक कार्य में उन्होंने आगे चलकर और भी नए तरीकों का इस्तेमाल किया। दावा किया जाता है कि, तत्कालीन मध्यप्रदेश में पैरा का इस्तेमाल कर मूर्तियां बनाने का तरीका उन्होंने ही शुरु किया था।

ग्राम पंचायत थनौद की आबादी 8 हजार के लगभग है। यहां ऐसे 70-80 परिवार हैं जो मूर्तिकला की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। गांव के अन्य लोग भी इन्हीं के साथ जुटकर कारीगरी कर रहे हैं। सीज़न में यहां तकरीबन ढाई हजार मूर्तियां तैयार की जाती हैं। गणेश चतुर्थी और शारदीय नवरात्रि में मूर्तियों का लाखों का व्यवसाय होता है। नामी मूर्तिकार बालम के पोते केवल बतातेहैं, दशकों पुरानी मूर्तिकला का काम अब भी परिवार के सभी लोग मिलकर करते हैं। यही नहीं 10 से 15 कारीगर और भी जुटे रहते हैं। साल में हम 10 महीने काम करते हैं और मूर्तियां बनाते रहते हैं। केवल ने बताया, हमारी बनाई मूर्तियां छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और दूसरे राज्य तक भी जाती है।





### गोदिंया जाएगी एक लाख 60 हजार की मूर्ति

केवल चक्रधारी ने बताया कि, इस साल हमने 25 मूर्तियां बनाई है। इनमें सबसे बड़ी मूर्ति 17 फीट की है जिसकी कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए है जो कि गोंदिया भेजी जाएगी। केवल कहते हैं, हमें बाहरी राज्यों से भी मूर्तियों के लिए ऑर्डर मिलते हैं। इसके अलावा भी जो युवा मूर्तिकला सीखना चाहते हैं वे भी हमसे काम के लिए संपर्क करते हैं। अब तक लगभग 50 लोग यहां से मूर्तियां बनाने की कला सीख कर निकल चुके हैं और अब वे खुद ये काम कर रहे हैं।

### 25 सालों से मूर्तियां बना रहे

इसी तरह मूर्तिकार भागवत प्रसाद कुंभकारबताते हैं कि वे लगभग 25 सालों से मूर्तियां बना रहे हैं। वे कहते हैं, स्कूली शिक्षा के दौरान उन्होंने अपने गांव के इस पारंपरिक कला में अपना हुनर तराशा। उन्होंने बताया कि, हम लगभग 65 - 70 मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। रायपुर, राजनांदगांव, भिलाई के अलावा उड़ीसा के लिए भी मूर्ति बन रही हैं। पिछले साल हमने 55 के लगभग मूर्तियां बनाई थी। उड़ीसा के लिए तैयार मूर्ति सबसे बड़ी है जो कि 1 लाख 10 हजार की है। इसकी ऊंचाई 16 फीट है।

### मां जगदंबा की प्रतिमाएं बनाना कठिन

भगवान गणेश की अधिकतर बड़ी मूर्तियां पूरी तरह हाथ से बनाई जाती है। मुख मंडल से लेकर उनके सभी पद्मांग भी बगैर किसी सांचे के इस्तेमाल के बनाए जाते हैं। सभी समितियां अलग-अलग रुप-भेष के गणपति की डिमांड लेकर यहां पहुंचते हैं। कई जगहों पर मूर्तियों की बनावट के आधार पर कीमतें तय की जाती हैं तो कुछ अब भी प्रति वर्ग फीट के हिसाब से मूर्तियां बेचते हैं। कलाकार बताते हैं कि, मां जगदंबा की मूर्ति बनाना सबसे कठिन होता है। इसे तैयार करते समय खासी ऐहतियात बरतनी होती है। ये शैलियां निश्चित और अपरिवर्तित हैं। धार्मिक मान्यताओं सहित उनके रुप-वेष, आयुधों की गहरी जानकारी जरुरी होती है।

# मानपुर तहसीलदार पर गिरी गाज पिटाई के प्रकरण में निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ट्रैक्टर चालक की पिटाई और वाहन को थाना में खड़ा कर दिए जाने के प्रकरण में दोषी बताई जा रहीं महिला तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है। प्रशासनिक प्रतिवेदन के बाद उन पर हुई कार्रवाई के तहत उन्हें दुर्ग कलेक्टर कार्यालय में अटैच किया गया है। कुछ दिनों पहले तोलूम मार्ग पर मानपुर की महिला तहसीलदार संध्या नामदेव दौरे से लौटने के दौरान कथित रूप से साईड नहीं देने पर एक ट्रैक्टर चालक की पिटाई कर दी गई थी। तब पीड़ित ने बताया था कि, महिला अधिकारी ने उसे चप्पल से मारा था और उनका ट्रेक्टर थाने में खड़ा करवा दिया था। जानकारी है कि, घटना के वक्त ट्रैक्टर सवार तीन युवक मानपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से कार में आ रही महिला तहसीलदार ने कथित रूप से साईड नहीं देने पर ओवरटेक करते ट्रैक्टर को रूकवाया और चालक की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं उन्होंने ट्रैक्टर को मानपुर थाना में खड़ा भी कर दिया था। इस मामले के संज्ञान में आने के बाद प्रशासनिक जांच शुरु की गई थी। मामले की जांच में पुष्टि हुई कि तहसीलदार ने वाहन को थाना में खड़ा करा दिया था। यही नहीं वाहन की जब्ती भी नियम के विरूद्ध की गई थी। शासन ने मानपुर तहसीलदार संध्या नामदेव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय दुर्ग निर्धारित किया गया है। राज्य शासन ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया था।बताया जा रहा है कि शासन ने कलेक्टर से प्रतिवेदन मांगा था। कलेक्टर ने उक्त प्रकरण में तहसीलदार संध्या नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था। तहसीलदार ने इस आरोप को बेबुनियाद कहा था, लेकिन कलेक्टर ने अपनी जांच में यह पाया कि तहसीलदार द्वारा बिना किसी विधिवत जांच पड़ताल औरसंबंधित वाहन चालक का पक्ष सुने बगैर ही इसे थाना भेज दिया गया। प्रतिवेदन के आधार पर शासन ने त्वरित कार्रवाई की है।

# मचानपार में अब तक 125 डायरिया पीड़ित चिन्हित

- स्वास्थ्य विभाग का कैंप, हाटबाजार क्लिनिक से राहत
- अब तक 16 मरीज हुए मेडिकल कालेज रेफर

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के ग्राम मचानपार में इन दिनों डायरिया का प्रकोप है। स्वास्थ्य विभाग डोंगरगांव ने कैंप लगा है। 27 अगस्त से अब तक 125 ग्रामीण डायरिया की चपेट में आ चुके हैं, इनमें से दर्जनभर ग्रामीणो को मेडिकल कालेज पेंड्री राजनांदगाँव रेफर किया जा चुका है, जिनमे लगभग 5 मरीज स्वस्थ्य बताए जा रहे हैं। हालांकि ग्राम में स्थापित हॉटबाजार क्लिनिक से ग्रामीणों को राहत मिलने की खबर है। दरअसल मचानपार में 31 अगस्त तक डायरिया के 125 मरीजों को पुष्टि हो चुकी है। गंभीर रूप से पीड़ित 16 मरीजों को राजनांदगांव जिला अस्पताल में मेडिकल टीम द्वारा रेफर किया गया था। 3 मरीज पूरी स्वस्थ होकर घर वापस आ चुके है। स्वास्थ्य विभाग की माने तो हॉट बाजार क्लिनिक से भी राहत प्रदान की जा रही है। अनेक मरीजों को बाकी मरीजों को घर में रखकर ही इलाज की सुविधा दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में मेडिकल कैंप लगाकर मरीजों का टेस्ट करके आवश्यक दवाई व स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। ग्रामीणो के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 बेड की व्यवस्था करके भी उपचार किया जा रहा है।



### मचानपार पहुंचे पूर्व जिपं अध्यक्ष

मचानपार में शिकायत मिलने पर पूर्व जिपंअध्यक्ष दिनेश गांधी ने मचानपार पहुंचकर हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मेडिकल सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को 2 बेड लगाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर चिंताराम साहू, डोमेश पटेल, पुनाराम साहू, गोपाल पटेल, उमेदी राम सहित अन्य ग्रामीणजन व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

स्वास्थ्य विभाग के कैंप एवं हॉट बाजार क्लिनिक से हालात नियंत्रित है।
-डॉ. रागिनी चन्द्रे, बीएमओ

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 36 लाख, एक साल बाद छापेमारी कर पुलिस ने दबोचा

- फरार चल रहे मास्टर माईंड की चालाकी काम नहीं आई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बेटे-बहुओं को भारतीय खाद्य निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर दो व्यक्तियों से 36 लाख ठगने वाले मास्टरमाईंड जीतू विश्वकर्मा (58) को लालबाग पुलिस ने चांपा के छत्तीसगढ़ स्टील एण्ड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले कुछ समय से यहां सिक्योरिटी ऑफिसर केपद पर काम कर रहा था। पुलिस को बीते एकसाल से इसकी तलाश थी। थाना प्रभारी नवरतन कश्यप ने बताया कि, आरोपी काफी शातिर तरीके से छिपा हुआ था। आरोप दर्ज होने के बाद से उसने अपना फोन नंबर बंद कर दिया था। वह कुछ मौकों पर ही दूसरों के मोबाईल में अपना सिम लगाकर उसका इस्तेमाल करता था जिसके बाद फिर नंबर बंद कर दिया जाता था। पुलिस आरोपी को ट्रेस करने उसके सीडीआर पर नज़र बनाए हुई थी। इस बीच उसने जब लगातार दोबारा चांपा में अपने नंबर का इस्तेमाल किया तो पुलिस को शंका हुई। मुखबिर के जरिए जीतू को ट्रेस किया गया। रातो-रात लालबाग पुलिस की टीम यहां से रवाना हुई और छत्तीसगढ़ स्टील एण्ड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) से उसे गिरफ्तार लिया गया। प्रार्थी के खिलाफ जून 2023 में दो अलग अलग प्रार्थी हरीश गजीर एवं कुमार सोनवानी दोनो निवासी बरगा थाना लालबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी जीतू विश्वकर्मा और दोनों अपराध में अलग अलग सहयोगी के द्वारा भारतीय खाद्य निगम में नौकरी लगाने के नाम पर पीड़ितों से अलग-अलग 12 लाख और 20 लाख रुपए लेकर नौकरी लगाने की बात कही गई थी। जांच पर आरोपी जीतु विश्वकर्मा निवासी कुनकुरी जिला जशपुर एवं अलग अलग अपराध में 02 सहयोगीयों के खिलाफ प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा धारा 420,34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था।

आरोपी ने पुलिस को जानकारी दी है कि प्रार्थी से ली गई रकम में से कुछ रकम अन्य सहयोगी आरोपी को देकर शेष रकम को स्वयं खर्च कर चुका है। उसने नौकरी हेतु तैयार फर्जी नियुक्ति पत्र/ट्रांसफर पत्र/ट्रेनिंग लेटर में प्रयुक्त रबर सील मुहर को जलाकर नष्ट कर दिया है। नौकरी हेतु तैयार फर्जी दस्तावेजों को अपने पास रखना बताकर पेश करने पर आरोपी से दस्तावेजों को जप्त किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### नो पार्किंग पर खड़े 48 वाहनों पर कार्यवाही



**राजनांदगांव।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर के भीतर अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुधार हेतु यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेसव यातायात टीम द्वारा शहर के जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, जूनी हटरी, गुड़ाखू लाईन, आजाद चौक, भगत सिंह चौक, जलाराम मिष्ठान भंडार में बेतरतीब तरीके से नो पार्किंग एवं आम रोड में खड़े कुल 48 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 14400रूपये जुमार्नी वसूला गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# थाने में ग्रामीण और जवानों से उलझे, एसडीएम ने जेल भेजा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



थाने में ग्रामीणों से उलझने वाले युवकों पर डोंगरगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक ग्राम केशला में निस्तारी के पानी की व्यवस्था को लेकर एक परिवार लगातार विवाद खड़ा कर रहा था। इनके द्वारा ग्रामीणों को धमकाया जा रहा था। जिसकी शिकायत थाने में की गई थी। प्रकरण को लेकर 30 अगस्त को अनावेदकों और ग्रामीणों को थाने बुलाया गया था। इस दौरान ही भगवंतीन बाई के साथ आये उनके दामाद चंद्र कुमार (33) और उनका साथी सोनुराम डहरे (35), दोनो निवासी पता- ग्राम भोलापुर द्वारा ग्रामवासियों पर आरोप लगाकर वाद-विवाद करने लगे। ग्रामीणों के समझाने पर भी दोनों युवकों ने एक न सुनी। पुलिस की समझाईश को भी दोनों ने नज़र अंदाज कर दिया। मामला बिगड़ता गया और दोनों युवक पुलिस जवानों से मारपीट करने पर उतारु हो गए। पुलिस ने मौके पर ही दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धारा- 172 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। धारा- 125 ,135(2) के तहत ईश्तगासा तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगावं के कार्यालय पेश किया गया।

## मॉनसून में पारा 33 डिग्री तक पहुंचा, जलाशयों में जलस्तर कम हो रहा

# जिले में एक सप्ताह से नहीं हुई बारिश, औसत 10 फीसद घटा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



लगभग सप्ताह भर के सूखे के बाद शनिवार की शाम बौछारें ने राहत की उम्मीद जगाई। लेकिन कुछ ही देर की बारिश से उमस और बढ़ गई है। बढ़े हुए तापमान के साथ सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान अब भी 30 डिग्री से ऊपर बरकरार है। बारिश की कमी से फसलों के भी प्रभावित होने की आशंका है। किसानों को मौजूदा समय में पानी की जरुरत है लेकिन पिछले लंबे समय से बारिश नहीं हुई है। जलाशयों में जलस्तरभी तेजी से कम हो रहा है।25 अगस्त के बाद से एक्का-दुक्का मौकों को छोड़कर कहीं बारिश नहीं हुई। सभी तहसीलों में सूखे के हालात बने हुए हैं। सप्ताह भर से मॉनसून की इस बेरुखी से स्थिति बिगड़ रही हैं।

**गर्मी बढ़ी, मरीजों को परेशान होना पड़ रहा :** शनिवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया है। जबकि रात में भी पारा 25 डिग्री तक जा रहा है। यह मौसमी हालात परेशान कर रहे हैं। वातावरण में आर्द्रता के प्रभाव से बीमार व्यक्तियों के लिए मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था न होने के चलते मरीजों को परेशानी हो रही है। दूसरी ओर गर्मी से बेचैनी, डिहाईड्रेशन, डायरिया, स्किन इंफेक्शन जैसी शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

**खेतों को पानी की जरुरत :** अगस्त के आखिरी दिनों में इस तरह बारिश की बेरुखी खेतों के लिए भी ठीक नहीं है। इस दौरान धान की फसल को बढ़ने के लिए पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही किसान उर्वरक का इस्तेमाल कर पाते हैं। लेकिन मौजूदा वक्त में ऐसा हो नहीं पा रहा है। पंप के सहारे खेतों की सिंचाई को लेकर भी परेशानियां हो रही हैं।

**बारिश का औसत घटा :** इधर, जलाशयों में पर्याप्त भराव के बीच पानी की मांग के चलते गेट खोलने की स्थिति बन रही है। हालांकि विगत सप्ताह तक बारिश का औसत 37 फीसदी ज्यादा दर्ज किया गया था। जो कि एक सप्ताह के भीतर घटकर 27 प्रतिशत ही अधिक रह गया है। इन आंकड़ों के मुताबिक मॉनसून का सिस्टम न बनने के चलते लगभग लगभग 10 फीसद बारिश प्रभावित हुई है।

# बैंक में सेंधमारी, डीवीआर-सीपीयू लेकर फरार

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

नगर के स्टेट बैंक में अज्ञात चोर ने चैनल गेट और तीन दरवाजों का ताला तोडक़र सामानों की चोरी कर ली। पुलिस ने शाखा प्रबंधक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खैरागढ़ के भारतीय स्टेट बैंक शाखा के मुख्य प्रबंधक बीरेन्द्र कुमार ने खैरागढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते बताया कि 29 अगस्त को बैंक का समस्त कार्य कर रात्रि 8.45 बजे बैंक का दरवाजा बंद कर चैनल गेट का ताला बंद करवाकर अपने-अपने निवासी स्थान गए थे।

दूसरे दिन 30 अगस्त को सुबह 6.45 बजे जब बैंक के अधिकारी श्रीराम आरमो एवं सफाई कर्मचारी बैंक में दाखिल हुए तो शाखा प्रबंधक के केबिन का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था और बैंक के अंदर पूरा सामान चेक करने पर पाया कि सीसीटीवी कैमरा का एक डीवीआर मशीन कीमती करीब 30 हजार, 2 नग मॉनिटर कीमती करीबन 15 हजार रुपए, एक नग सीपीयू मशीन कीमती करीबन 15 हजार रुपए कुल कीमती करीब 60 हजार रुपए नहीं था। जिसे रात्रि में कोई अज्ञात चोर द्वारा बैंक भवन के प्रथम तल का चैनल गेट एवं तीन दरवाजों का ताला तोडक़र बैंक भवन के अंदर प्रवेश कर सीसीटीवी कैमरा का एक डीवीआर मशीन कीमती करीबन 30 हजार रुपए, 2 नग मानिटर कीमती करीबन 15 हजार रुपए और एक नग सीपीयू मशीन कीमती करीब 15 हजार रुपए कुल कीमती करीब 60 हजार रुपए को चोरी कर ले गया। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले को जांच में लिया है।

# कलेक्टर डॉ. मित्तल के सख्त निर्देश समय पर राशन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता, लापरवाह दुकान निरस्त करें

## अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी और उचित मूल्य दुकान का नियमित निरीक्षण करें अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारीयों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों सभी विकास खंड में खाद्य विभाग की टीम, सरपंच, और उचित मूल्य दुकान के संचालकों की संयुक्त बैठक लेकर सभी पात्र राशनकार्ड धारी हितग्राहियों प्रत्येक माह निर्धारित समय में राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई पात्र हितग्राही राशन से वंचित न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने कहा कि जो उचित मूल्य दुकान के समय पर राशन उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। या लापरवाही कर रहे हैं, ऐसे उचित मूल्य दुकानों को निरस्त करने की प्रक्रिया करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर राशन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अपने विकास खंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र का भी आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। केन्द्र के माध्यम से बच्चों को पोष्टिक आहार दिया जा रहा है कि नहीं इसकी नियमित निगरानी करने के लिए कहा है।

**समय पर खोलें आंगनबाड़ी** -कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी समय पर खुले और बच्चों की नियमित उपस्थिति आंगनबाड़ी में रहें ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सभी विकास खंड के सहायक खाद्य अधिकारी उपस्थित थे।

**राजस्व अधिकारियों की बैठक**-कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने ने एसडीएम सहित राजस्व अमला को उचित मूल्य दुकान, आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा के भीतर में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के लिए कहा है। कलेक्टर ने तहसीलदारों को कार्यलयीन दिवस में कोर्ट लगाकर समय-सीमा के बहार वाले प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आरबीसी छह-चार के तहत पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के लिए कहा है और उनके नजदीकी के वारिसान को ही सहायत राशि देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रिकार्ड दुरुस्तीकरण, व्यपवर्तन, डिजीटल हस्ताक्षर, आधार प्रविष्टि, अभिलेख शुद्धता, नक्शा नवीनीकरण, आविवादित खाता विभाजन आदि प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा किए। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को गिरदावरी कार्य में भी प्रगति लाने के लिए कहा है। इसके लिए गांव के ही शिक्षित व्यक्ति को सर्वेक्षण कार्य के लिए राजस्व टीम में शामिल करने और गिरदावरी कार्य के दौरान किसान के खेत में पटवारी, आर.आई., तहसीलदार को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# राजी पड़हा की आक्रोश रैली राजनीति स्टंट: विधायक रायमुनी

## डीपू बगीचा धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए खुला है

■ दीपू बगीचा में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे छात्रावास को बंद कराए जाने की कार्रवाई 10 अगस्त को जिला प्रशासन के द्वारा किया गया है






पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

राजी पड़हा उरांव समाज के द्वारा 3 सितंबर को आक्रोश रैली का आयोजन राजनीतिक स्टंट के दृष्टिकोण से किया जा रहा है,राजी पड़हा के लोग समाज के भोले भाले आदिवासियों को बरगलाकर राजनीतिक फायदा उठाने की तैयारी में हैं उक्त बातें कहते हुए जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि दीपू बगीचा में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे छात्रावास को बंद कराए जाने की कार्रवाई 10 अगस्त को जिला प्रशासन के द्वारा किया गया है,उक्त कार्यवाही को राजी पड़हा के लोगों द्वारा गलत जानकारी देकर समाज के लोगों को भ्रमीत किया जा रहा है,जबकि यहां धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में किसी प्रकार का कोई रोक नहीं है और ना ही सीलबंदी की कोई कार्रवाई की गई है। राजी पड़हा के लोग झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लोगों को जशपुर में बुला कर यहां की शांति व्यवस्था को बिगाड़ने के प्रयास में हैं। साथ ही राजनीतिक स्टंट अपना राजनीतिक फायदा उठाने का एक षड्यंत्र भी रचा जा रहा। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। बाबा भीमराव आंबेडकर ने जिस संविधान में आदिवासियों को उनकी रूढ़ी और सामाजिक परम्पराओं को संरक्षित करने का अधिकार दिया है राजी पड़हा उसी संविधान को मानने के लिए तैयार नहीं हैं।

### शांति भंग होगा-शांति भगत

जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत ने मामले में राजी पड़हा के द्वारा समाज के लोगों को बरगलाने पर कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि आदिवासी समाज उक्त आक्रोश रैली का पुरजोर विरोध करता है,राजी पड़हा के चंद लोग राजनीतिक फायदा उठाने के लिए भोले भाले आदिवासियों को अपना ढाल बना रहे हैं,राजनीतिक रोटी सेंकने के मकसद से निकाले जाने वाले आक्रोश रैली की अनुमति प्रशासन ना दे वह इसका भी मांग करती है,साथ ही जशपुर की शांत फिजा को दूषित करने वालों के दुस्साहस पर कड़ी कार्यवाही का मांग भी उनके द्वारा किया जा रहा है। पूर्व डीडीसी कृपाशंकर भगत और नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम ने भी राजी पड़हा के आक्रोश रैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से अनुमति नहीं दिए जाने की मांग की है।

# राज्यपाल पहुंचे महामाया धाम, मातारानी से लिया आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ◀ कोटा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रमेंन डेका शनिवार को महामाया धाम रतनपुर पहुँचकर सपत्नीक दर्शन पूजन कर देश प्रदेश के खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के महामहिम राज्यपाल अपने अल्प प्रवास पर माँ महामाया देवी की नगरी रतनपुर धाम हेलीकाप्टर से पहुंचे, जहाँ पर प्रतीक्षारत पालिकाध्यक्ष घनश्याम रात्रे व सीएमओ कन्हैया निर्मलकर ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया, तदोपरांत वे कार से मन्दिर परिसर पहुंचे मन्दिर परिसर पर मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, मैनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा, सन्तोष शुक्ला, संजय सोंनी, जुगनू तम्बोली द्वारा गुलदस्ता भेंटकर उनका अभिनन्दन कर मन्दिर के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को बताया गया, तदोपरांत वे मातारानी के दर्शन पूजन को मन्दिर गए जहाँ पर मन्दिर के पुजारी शशि मिश्रा द्वारा स्नेहपूर्वक महामहिम को सपत्नीक दर्शन पूजन कराकर आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद प्रदान किया। अतिथि देवो भवः के तहत हुआ अभिनन्दन। अतिथि देवो भवः के परम्परानुसार मन्दिर ट्रस्ट द्वारा महामहिम राज्यपाल रमेंन डेका का चुनरी व शाल ओढ़ाकर तथा उनकी धर्मपत्नी रानी डेका को पूजा की साड़ी प्रदान कर अभिनन्दन किया गया,साथ ही माँ महामाया देवी का तैल चित्र व प्रसाद प्रदान किया गया, इस गरिमामय अवसर पर पालिकाध्यक्ष घनश्याम रात्रे, ट्रस्टी मनराखन जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल, सन्तोष शर्मा, सुरेश कौशिक, सीएमओ कन्हैया, निर्मलकर, आतिश ठाकुर, ईशा सोंनी, सहित तमाम विभाग के उच्चाधिकारियों की उपस्थिति रही,

# प्रार्थना स्थल में ताला लगा देना यह अत्याचार है: राजी दीवान

## ईसाई की परछाई भी राजी पड़हा मुख्यालय में नहीं पड़ता



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छात्रावास गैर कानूनी ढंग से चलाने की वजह से प्रशासन की ओर से राजी पड़हा में मुख्यालय में ताला लगा देने और उन्हें प्रार्थना के लिए भी अंदर प्रवेश नहीं करने देने को लेकर राजी पड़हा मत समुदाय आक्रोशित है। शनिवार को डीपू बगीचा स्थित राजी पड़हा केंद्र के पास समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ताला लगाए जाने का विरोध करते राजी पड़हा दीवान बसंत कुमार भगत ने कहा, राजी पड़हा में ईसाई समुदाय की परछाई भी नहीं आती है। यहां प्रकृति की पूजा करने वाले उरांव समाज के लिए लोग करते हैं। पूजा स्थल में ताला लगा देना अन्याय है। 3 सितंबर को हम सभी इसका व्यापक विरोध करेंगे। मिटकू भगत राजी पड़हा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, कोई साबित कर दे कि राजी पड़हा धर्मांतरण कराता है।

# मिशन संचालक जयश्री जैन ने किया बिहान गतिविधियों का अवलोकन

■ सीईओ जिला पंचायत के साथ विविध आजीविका गतिविधि व लखपति पहल का किया सघन निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत राज्य मिशन संचालक जयश्री जैन ने आज जिला गरियाबंद अंतर्गत संचालित विभिन्न आजीविका गतिवधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अनुश्रवन एवं मूल्यांकन हेतु विभिन्न कार्यो का जायजा लिया। मिशन संचालक ने सीइओ जिला पंचायत रीता यादव के साथ विकासखण्ड छुरा के रानीपरतेवा संकुल संगठन में स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन की पदाधिकारियों से जेण्डर, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति परिवार, इंटरप्राइस फायनेंस विषय पर कैडर्स, एफएलसीआरपी, बीसी सखी, कृषि सखी, पशु सखी से चर्चा की। लखपति दीदी पहल अंतर्गत आजीविका व अन्य गतिविधियों से लखपति दीदियों से उनके आय के संबंध में विस्तार से चर्चा की। पीवीटीजी कमार परिवार जो कि बांस शिल्प की सुंदर कलाकृतिया बना रही है, उनसे चर्चा की। समूहों के द्वारा पुस्तक संधारण की स्थिति की समीक्षा की। लखपति दीदियों व आजीविका दीदियों की सफलता की कहानी सुन मिशन संचालक जयश्री जैन ने हर्ष व्यक्त किया। मिशन संचालक ने बैठक उपरांत मुडागांव में सिलाई, बर्तन, कपड़ा एवं वेल्डिंग शॉप संचालित कर रहे समूह की दीदियों से चर्चा की एवं आजीविका गतिविधयों का अवलोकन व पर्यवेक्षण कर आय की और गतिविधियों का बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

# ठेले वाले से मारपीट करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



चक्रधरनगर पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी अतुल रात्रे (23 वर्ष), निवासी जूटमिल को कयाघाट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी कयाघाट पर देखा गया है, जिसके बाद मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ा गया। मामला 26 जुलाई का है, गोकुल जायसवाल ने थाना चक्रधरनगर में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गोकुल, जो कि जमुना इन चैक शराब भट्ठी के पास मूंगफली और मुर्रा चना बेचते हैं, ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे तीन युवक- मूनशाद खान, संदीप नेताम उर्फ शाकाल और अतुल रात्रे ठेले के पास रूपये मांगने लगे, नहीं देने पर गाली गलौच कर ठेले के सामान को फेंकने लगे जिन्हें इसका बेटा अर्पित जायसवाल मना किया तो उस पर हमला कर दिए। इस मामले में मूनशाद खान और संदीप नेताम उर्फ शाकाल को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। मूनशाद खान के मेमोरेंडम पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया था। फरार चल रहे तीसरे आरोपी अतुल रात्रे को आज दोपहर कयाघाट के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी अतुल रात्रे को विधिवत गिरफ्तार कर उसे रिमांड पर भेज दिया है।

# बीच सड़क में फंस रही यात्री बसें, भारी वाहनों की भी लग रही लंबी कतार, स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश




पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में नव निर्मित पुल में मिट्टी डाल देने से इस मार्ग में यात्री बसों के अलावा कई गाड़ियां फंस रही है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मामला धरमजयगढ़ -हाटी मुख्यमार्ग का है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बायसी और प्रेमनगर के बीच नया पुल बनाया गया है। जिसमें इस मार्ग से गुजरने वाली यात्री बसों के अलावा भारी वाहन फंस रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि धरमजयगढ़ -हाटी मुख्यमार्ग पुल निर्माण के बाद सड़क में मिट्टी डाल दिया गया, और क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से यहां की सड़क मिट्टी के दलदल में रूप में तब्दील हो चुकी है। इस वजह से इस मार्ग से गुजरने वाली गाड़ियां यहां फंसने लगी जिससे यह मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है।

**यात्रियों ने धक्का मारकर निकाली बस**-स्थानीय ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बीती रात भी इस पुल में कई गाड़ियां फंसी थी और इस मार्ग में आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया था। शुक्रवार की सुबह यहां दलबल में फंसी यात्री बस को निकालने जब कोई भी नही पहुंचा तब बस में सवार यात्री ही बस को धक्का मारकर बाहर निकालते नजर आये।

**स्कूली छात्रों को भी हो रही परेशानी**-यहां की बदहाल सड़क की वजह से स्कूली छात्रों को भी स्कूल आने जाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि जल्द ही इस समस्या का समाधान नही होता है तो वे आने वाले दिनों में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# पूंजीपथरा और लैलूंगा पुलिस ने स्कूलों में छात्रों को अपराधों से बचाव की दी महत्वपूर्ण जानकारी

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े, उप निरीक्षक मानकुंवर और उनकी टीम द्वारा हाई स्कूल कोडासिया में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को साइबर क्राइम, बालकों के अधिकार, नवीन कानून, पॉक्सो एक्ट और यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही, छात्रों को अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, पुलिस ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे पर विशेष जोर दिया, जिसमें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके समझाए गए। उन्होंने बालकों के अधिकारों और नवीन कानूनों के बारे में भी बताया, जिससे छात्र अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या शोषण से खुद को सुरक्षित रख सकें।

यातायात नियमों की जानकारी देकर, छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया गया।इस कड़ी में, थाना पूंजीपथरा के सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का और प्रधान आरक्षक अमित तिर्की ने शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ग्राम बडगांव में भी इसी प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यहाँ भी छात्र-छात्राओं और अध्यापकगण को साइबर अपराधों और नए कानूनों की जानकारी देकर, अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से छात्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों में खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लो.नि.वि. संभाग बलौदाबाजार (छ.ग.)

### // प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक - 3215 /NIT-4/2024-25/व.ले.लि. दिनांक 28.08.2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 11/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 18/09/2024 पर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 4 T0017 | सैहा से चापा पहुंच मार्ग लं. 2.30 किमी पर रोड फर्नीचर कार्य। | 7.53 6000.00 125000.00 |
| 4 T0018 | खोलवा सूरजपुरा मार्ग लं. 2.00 किमी मार्ग पर रोड फर्नीचर कार्य | 2.69 5000.00 50000.00 |
| 4 T0019 | खिलोरा से मुड़पार मार्ग लं. 2.50 किमी मार्ग पर रोड फर्नीचर कार्य | 2.15 5000.00 50000.00 |
| 4 T0020 | बिलाईडबरी से गोरदी मार्ग लं. 4.00 किमी मार्ग पर रोड फर्नीचर कार्य | 2.05 5000.00 50000.00 |
| 4 T0021 | बलौदाबाजार बायपास मार्ग (लटुवा पनगांव) लम्बाई 15.00 कि.मी. का सर्वेक्षण कार्य। | 2.13 0.00 0.00 |
| 4 T0022 | हसौद सरसींवा से सरायपाली ओडिसा बॉर्डर मार्ग लम्बाई 17.60 कि.मी. वास्तविक लं. 16.23 कि.मी. का सर्वेक्षण कार्य। | 2.30 0.00 0.00 |

शर्त :- 100/- रु. स्टाम्प निर्धारित शपथ पत्र नोटराइज्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा क्र. T0017, T0018, T0019, T0020 हेतु Special Condition, निविदा क्र. T0021, T0022, UEG हेतु

**SPECIAL CONDITION :-**

(A) Contractors are advised to go through the Notice Inviting tenders & the tender Document Certificates, anne&ure, enclosures as mentioned in the document will have to be submitted by the tenders strictly in the prescribed format, at the time of submission of Technical/Financial Bid, failing which the contractor shall disqualify for the work & his financial offer shall not be opened and no representation, appeal or objection, what so ever in this regard shall be entertained, by the department.

(B) SOR Item No 8.4/8.5/8.6/8.7 Retro Reflector zed Traffic sign Direction & Place identification signs & over head sign. And SOR Item no 8.13 Roadd Marking with Hot applied thermoplastic Compound with reflector zing glass bids on bituminous Surface. According to CG PWD GOVI. letter no. F-21-5/1/19/2012/Tender Nava Raipur Dated 15.10.2020. (Road SOR 01.01.015)

"It mandatory for the C & D Class Bidder to submit the list of ongoing work/works in hand in the Anne&ure- A (enclosed). If the total value of ongoing work/works in hand is more than w.z times the capacity as specified for C & D class bidders, the bidder will be disqualified."

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग
बलौदाबाजार (छ.ग.)

जी-242502141/3


## राज्यपाल द्वारा सम्मानित शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए एक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# कलिंगा विश्वविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय ने 2023 में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा सम्मानित शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए एक शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कलिंगा विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ, जिसमें राज्य भर के शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस और उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। शुक्ला ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर शैक्षिक उत्कृष्टता के एक यादगार समारोह की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत बीसीए तृतीय सेमेस्टर की प्रतिभावान छात्रा सुअनंता कुमारी और इंटीरियर डिजाइनिंग पांचवे सेमेस्टर की सुरितु वर्मा द्वारा प्रस्तुत आकर्षक स्वागत नृत्य से हुई, जिसने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इसके बाद कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने कलिंगा विश्वविद्यालय की यात्रा और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर विचार करते हुए स्वागत भाषण दिया। डॉ. सुनैना शुक्ला, कॉरपोरेट एवं माइंडफुलनेस प्रशिक्षक ने राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 पर एक सत्र लिया और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा निति का गहन अवलोकन प्रदान किया, तथा शैक्षिक मानकों को समर्थन देने और आगे बढ़ाने में राष्ट्रीय शिक्षा निति भूमिका के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि आलोक शुक्ला ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लंबे करियर के बहुमूल्य अनुभव साझा किए और उपस्थित दर्शकों को प्रेरणादायी शब्द दिए। कार्यक्रम में एक आकर्षक सत्र भी शामिल था, जिसमें सभी 44 पुरस्कार विजेता शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत अनुभव और विचार साझा करने का अवसर मिला। उनके असाधारण योगदान के सम्मान में, सभी भाग लेने वाले शिक्षकों को शॉल, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कलिंगा विश्वविद्यालय के शानदार आतिथ्य का आनंद लिया और परिसर का दौरा करने का अवसर प्राप्त किया, जहाँ उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रयासों और सुविधाओं की सराहना की। समारोह में न केवल इन प्रतिष्ठित शिक्षकों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, बल्कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा के भविष्य को आकार देने में समर्पित शिक्षण पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया गया। छात्र कल्याण की प्रभारी अधिष्ठाता लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। नया रायपुर में स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पोषण वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ, विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को उनकी उच्चतम क्षमता प्राप्त करने के लिए समान रूप से सशक्त बनाना है।

# आखिरकार......निलंबित हुए विवादित ईई विजय जामनिक शासन ने कहा, जमकर भ्रष्टाचार किया जो सही साबित हुए

## सीमा से बहर जाकर अत्यधिक पत्राचार भी सिविल आचरण 1965 का किया उल्लंघन






पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

2019 से 2024 तक जिसमें 6 महीने के लिए बाहर गए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ईई विजय जामनिक अंततः निलंबित कर दिए गए। भारी वित्तीय अनियमितता, पदीय कर्तव्य से बाहर जाकर जमकर पत्राचार और शासन की टंकण त्रुटी का फायदा उठाकर हाईकोर्ट में गलत हलफनामा देकर हाईकोर्ट को गुमराहन करने जैसे कार्य करने के जुर्म में ईई जामनिक को छत्तीसगढ़ शासन की ओर से निलंबित कर दिया गया है। उनका निलंबन का आदेश 30 अगस्त को जारी किया गया है।

### इन मामलों को लेकर सुर्खियों में

कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक के द्वारा पंजी के गुम हो जाने की शिकायत की गई थी। लेकिन इस मामले में पायनियर को पुख्ता सूत्रों से मिले सबूतों के मुताबिक विभाग पर पंजी गायब होने की नहीं गायब कराने के आरोप लगे थे। दरअसल पंजी पर मनमर्जी बैक डेट में एंट्री करने के प्रमाण भी मिले हैं और कार्यालयीन कर्मचारियों के द्वारा इस कूटरचना के संबंध में कलेक्टर जशपुर को सूचना भी दिया जा चुका है। पायनियर को मिले दस्तावेजों के छायाप्रति के मुताबिक आवक-जावक पंजी में सफेदा लगाकर तारीख के साथ छेड़छाड़ करने से लेकर बीच में लंबा स्थान छोड़ने तक साफ-साफ दिखाई देने के मामले ने भी दोषी बना दिया।

### सभी आरोप सही पाए गए

शासन की ओर से जारी निलंबन आदेश पत्र में कहा गया, ईई जामनिक के खिलाफ आई शिकायतों की जांच तीन सदस्यीय टीम से कराई गई। जांच के दौरान यह पाया गया, सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत किए बिना स्वयं का वेतन आहरण कर वित्तीय अनियमितता किया गया। प्रशासकीय स्वीकृति, मुआवजा प्रकरण की प्रगति बेहद धीमी होने के साथ ही उनपर लगाए गए सभी आरोप सही पाए जाने के बाद उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें मुख्य अभियंता कार्यालय बिलासुपर पदस्थ किया गया है।

### जवाब देने से बचते रहे

निलंबन के संबंध में उनका पक्ष जानने के लिए ईई विजय जामनिक को उनके नंबर पर फोन किया गया पर वे जवाब देने से बचते रहे और टालमटोल करते रहे।

# रायपुर पुलिस के निजात अभियान से जुड़ नशे के विरुद्ध अपील जारी कर रहे बॉलीवुड, टीवी कलाकार और छत्तीसगढ़ के सेलिब्रिटीज



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पुलिस के ड्रग्स, नारकोटिक्स व अवैध नशे के विरुद्ध निजात अभियान के समर्थन में बॉलीवुड, टीवी के प्रसिद्ध गायक, कलाकारों आशुतोष राणा, आदित्य पंचोली, अदा शर्मा, प्रभु देवा, अरबाज खान, राजपाल यादव, पीयूष मिश्रा, वीरेंद्र सक्सेना, सुनील ग्रोवर, भगवान तिवारी, शाहवर अली, यश अजय सिंह, परितोष त्रिपाठी, मनमोहन तिवारी, मुश्ताक खान, आसिफ खान, गायक कैलाश खेर, हंसराज रघुवंशी, कविता कृष्णमूर्ति आदि ने वीडियो संदेश में लोगों से नशे के विरुद्ध अपील की है। छत्तीसगढ़ के वर्तमान में विधायक व पूर्व अभिनेता अनुज शर्मा तथा प्रमुख गायक, कलाकार प्रकाश अवस्थी, राकेश शर्मा, मोना सेन, लोक गायिका ममता चंद्राकर, तीजन बाई, दिलीप षडंगी, सुनील तिवारी, अंचल शर्मा, जाकिर हुसैन, गोपाल सिंह, योगेश अग्रवाल सहित अन्य ने इस अभियान से जुड़कर पुलिस की सहायता करने की अपील की है। ये अपील लोगों विशेषकर युवाओं को प्रभावित कर रही हैं। अन्य सेलिब्रिटी भी इससे जुड़ रहे हैं। माह फरवरी से शुरू किए गए नशे के विरुद्ध जनजागरुकता के तहत स्कूल कॉलेज, शहर व गांव में सार्वजनिक जगहों पर जनसहभागिता के साथ कुल 1402 कार्यक्रम किए गए। जिले में सैकड़ों जगहों पर जन सहयोग से नशे विरुद्ध स्लोगन वाला वॉल-राइटिंग और फ्लेक्स लगा है। निजात नाम से जारी रैप सॉन्ग और रंग रंग के नशा गीत युवाओं के बीच पॉपुलर हो रहा है। नशे विरुद्ध जिंगल्स युक्त से नशे विरुद्ध प्रचार किया जा रहा है। इन सभी जागरूकता कार्यक्रम से सकारात्मक परिणाम आए है।

# बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों के अनुमति याचिका को हाईकोर्ट ने किया खारिज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों के लिए बड़ी चिंता का विषय सामने आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बीएड डिग्रीधारियों द्वारा छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए दायर की गई विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में हाईकोर्ट के उस फैसले की पुष्टि की है, जिसमें प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक पद के लिए केवल डीएलएड डिप्लोमाधारकों की योग्यता को मान्यता दी गई थी। इस फैसले के बाद प्रदेश के विभिन्न प्राइमरी स्कूलों में पदस्थ करीब तीन हजार बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नौकरियों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। अब यह चर्चा शुरू हो गई है कि राज्य सरकार इस मामले में क्या कदम उठाएगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, अब प्राइमरी स्कूलों में सहायक शिक्षक पदों पर डीएलएड डिप्लोमाधारकों की ही नियुक्ति की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राजधानी की सड़कों पर भी इसका असर दिखने लगा है। नौकरी खोने के डर से चिंतित बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों ने घड़ी चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपे ज्ञापन में शिक्षकों ने अपने रोजगार की सुरक्षा की मांग की है, खासकर वे शिक्षक जो जनजाति और अनुसूचित जाति से आते हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिससे स्थिति अब स्पष्ट हो गई है। विरोध प्रदर्शन के दौरान सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों ने महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी द्वारा अदालत में दिए गए सुझाव को लागू करने की मांग की है। इस सुझाव के अनुसार, बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों को सहायक शिक्षक के वेतन पर उच्च श्रेणी शिक्षक के 15,588 रिक्त पदों के विरुद्ध समायोजित किया जा सकता है, जिसमें विषय बाध्यता का प्रावधान नहीं है। अब यह देखना बाकी है कि राज्य सरकार इस प्रस्ताव पर क्या रुख अपनाती है।

# स्वाभिमानी और स्वावलंबी युवाओं से भारत बनेगा ग्लोबल पावर : वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी

## नवा रायपुर में आईटीएम ड्रोन ट्रेनिंग एकादमी का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने नवा रायपुर स्थित आईटीएम यूनिवर्सिटी में एरीज एग्रो लिमिटेड के सहयोग से स्थापित आईटीएम ड्रोन ट्रेनिंग एकादमी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वाभिमानी और स्वावलंबी युवाओं से भारत ग्लोबल पावर बनेगा। वित्त मंत्री चौधरी ने ड्रोन एकादमी के पहले बैच में प्रशिक्षण ले रहे ड्रोन दीदी और ड्रोन पायलट को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के हाल के बजट में इंटर्नशिप के लिए विशेष प्रावधान किये गए हैं ताकि देश के एक करोड़ से ज्यादा यूथ इंटर्नशिप लेकर देश में मैनपावर की कमी दूर कर सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया का 20 प्रतिशत युवा भारत में हैं और दुनिया को काम करने वालों की जरुरत है। यहाँ सात दिन की ड्रोन ट्रेनिंग कैरियर के लिए ज्यादा कारगर हो सकता है। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के दीर्घकालीन सफलता में प्राइवेट सेक्टर की हिस्सेदारी पर जोर दिया। आईटीएम ड्रोन ट्रेनिंग एकादमी को छत्तीसगढ़ प्रदेश का पहले ड्रोन ट्रेनिंग एकादमी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है जो महज सात दिनों के प्रशिक्षण में ड्रोन दीदी और ड्रोन पायलट तैयार करेगा जो डीजीसीए सर्टिफाइड पायलट कहलाएंगे। आईटीएम यूनिवर्सिटी कैंपस में उद्घाटन समारोह में डायरेक्टर जनरल लक्ष्मी मूर्ति ने मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी और विशेष अतिथि के रूप में मौजूद एरीज एग्रो लिमिटेड के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राहुल मीरचंदानी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। डायरेक्टर जनरल लक्ष्मी मूर्ति ने कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेशन के अलावा ड्रोन टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञता लाने बहुत जल्द डिग्री एवं मास्टर प्रोग्राम भी प्रारंभ करेगा ताकि प्रदेश के युवाओं को इसका हरसंभव लाभ मिल सकें। एरीज एग्रो लिमिटेड के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राहुल मीरचंदानी ने कहाकि ड्रोन तकनीकों का कृषि में इस्तेमाल करने से किसानों की कई समस्याएं दूर होंगी। समय और मजदूर काम लगने के साथ ड्रोन से पानी की भी बचत होगी और फसलों की पैदावार दोगुनी होगी। इसके पश्चात ड्रोन अकादमी में ड्रोन अकादमी के डायरेक्टर निलेश कोकाटे ने वित्त मंत्री सहित सभी अतिथियों को अत्याधुनिक ड्रोन से जुड़ी तकनीकी जानकारी दीं। इस कार्यक्रम में एरीज एग्रो लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट डी. के. तिवारी, कार्यक्रम संयोजक मितुल कोठारी, छत्तीसगढ़ स्टेट इंचार्ज रवि मिश्रा, कामर्शियल मैनेजर अनुपम पांडेय, मार्केटिंग मैनेजर उमेश कुमार मिश्रा, दिवेश कुमार यादव, रजिस्ट्रार सौरव चटर्जी सहित अन्य मौजूद थे।

# योजनाओं का जमीनी स्तर पर हो क्रियान्वयन : उद्योग मंत्री देवांगन

## मुंगेली जिले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा




पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुंगेली जिले के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की गहन समीक्षा की। बैठक में मंत्री देवांगन ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो और उसका लाभ अंतिम व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनहित के कार्य करने प्रेरित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विभागीय अधिकारी कार्यालयीन काम-काज के साथ फील्ड पर भी जाकर निचले अमलों के कार्यों की समीक्षा करें। आप लोग अच्छा काम करेंगे तो शासन-प्रशासन के लिए जनता के बीच अच्छा संदेश जाएगा और जिले का नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि विकास के साथ सरकार की जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही है, उसका लाभ पात्रता रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मिले। अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर जनहित के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करें। प्रभारी मंत्री देवांगन ने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्टॉफ की समय पर उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होने कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होने स्कूली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने अधिकारियों को स्कूलों का नियमित तौर पर निरीक्षण करने और लापरवाही बरतने वाले पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने जिले में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए। बिजली की समस्या होने पर युद्धस्तर पर सुधार की कार्यवाही करें। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने श्रम एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिए कहा। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाए। शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, लखपति दीदी का गठन, महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, आरटीई सरस्वती सायकल योजना, पीएम उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, रोजगार, वन आदि विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई और लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ट प्रशासनिक अधिकारी और सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मादक पदार्थ अफीम के साथ पंजाब के अंतर्राज्यीय आरोपी कुलजिन्दर सिंह गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में 30.08.24 को सूचना प्राप्त हुई कि पंडरी एक्प्रेसवे के नीचे, एक सरदार काले रंग का पगड़ी पहने, एक्टीवा वाहन क्रमांक सीजी 04 पी.एस. 5109 में अवैध मादक पदार्थ अफीम रखा है तथा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन अनुराग झा द्वारा थाना प्रभारी सिविल लाईन को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को अफीम के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया, जिस पर अधिकारियों के निर्देशन में थाना सिविल लाईन पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर रेड कार्यवाही कर मुखबीर द्वारा बताये हुए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम कुलजिन्दर सिंह पिता सरदार चन्नन सिंह पता गुरदासपुर पंजाब का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.106 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 पी.एस. 5109 जुमला कीमती लगभग 32,13,340/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 475/24 धारा 18(बी) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही किया गया है।

01-Sep. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरा साधना है
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान...
बुकिंग के लिए संपर्क करें :
+91 7470674060
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
नोटः मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
पं. रविकांत शर्मा एवं पं.एस. के. शास्त्री - +919755964567

हकीकत है ये सपना नहीं, हर चीज मिलती है सही... सही...
बढ़ीया क्वालिटी और सस्ता दाम, बस आपको मिलेंगे सिर्फ यही
रोज आइये, रोज उपहार पाइएं...
लक्की ड्रॉ
डेली विशेष उपहार
आपका विश्वास... हमारी पहचान...
ZEE महासेल
पहला एवं दूसरा माला, दिक्षित कॉम्प्लेक्स
मोतीमहल होटल के पास, बैजनाथपारा, रायपुर
समय : सुबह 10 से रात 9.30 बजे तक
पार्किंग सुविधा उपलब्ध

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

KSR
Kisan
Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403